निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



दुमका में सोहराय मिलन समारोह में आदिवासियों संग नृत्य करते विदेशी मेहमान

• बोकारो, गुरुवार 15 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 239 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# लापता अंश-अंशिका सकुशल बरामद, दंपति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के चर्चित अंश-अंशिका लापता मामले में झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दोनों बच्चों को सकुशल बरामद करने के साथ इस मामले में शामिल दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में डीजीपी तदाशा मिश्रा ने इस पूरे अभियान की जानकारी साझा की। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इस मामले में एक अंतर्राज्यीय गिरोह की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने इस संवेदनशील मामले को मिशन के रूप में लेते हुए कई स्तरों पर जांच की और आखिरकार दोनों बच्चों को रामगढ़ से सुरक्षित बरामद कर लिया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से टीम वर्क का परिणाम है। डीजीपी ने इस सफलता के लिए एडीजी मनोज कौशिक के नेतृत्व में काम कर रही टीम की सराहना की। उन्होंने रांची के



एसएसपी राकेश रंजन, सिटी एसपी पारस राणा, ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर और ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया और पूरी पुलिस टीम को बधाई दी। डीजीपी ने कहा कि बच्चों को खोजने में पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी। हर छोटी-बड़ी सूचना को गंभीरता से लिया गया और लगातार प्रयास जारी रखे गए। पुलिस की यही सतर्कता और मेहनत आखिरकार रंग लाई और बच्चों की सुरक्षित बरामदगी संभव हो सकी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दंपति से गहन पूछताछ की जा रही है। उनसे मिले इनपुट के आधार पर मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद पूरे मामले का विस्तृत खुलासा किया जाएगा। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने इस दौरान मीडिया की भूमिका की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मीडिया ने इस संवेदनशील मामले को जिम्मेदारी के साथ उठाया। जल्द ही इस प्रकरण से जुड़ी पूरी कहानी पत्रकारों को ब्रीफ की जाएगी ताकि सही और तथ्यात्मक जानकारी जनता तक पहुंच सके। अंश और अंशिका की वापसी की खुशी में रांची के मौसीबाड़ी खटाल इलाके में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सैकड़ों लोग बच्चों के घर पहुंचे और होली-दीपावली की तरह खुशी मनाई। बच्चों के घर पर मकर संक्रांति के मेले जैसा दृश्य बन गया।

## आपराधिक गिरोहों की तोड़ी जाएगी कमर : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची से 2 जनवरी 2026 को लापता हुए 5 वर्षीय अंश कुमार और 4 वर्षीय अंशिका कुमारी को रामगढ़ जिले के चितरपुर से सकुशल बरामद करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस टीम को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पुलिस टीम को बधाई देते हुए कहा कि रांची पुलिस की मेहनत रंग लाई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस उपलब्धि के लिए एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि व्यक्तिगत रुप से मेरे लिए पिछले कुछ दिन काफी परेशान करने वाले रहे। शुरुआत में सफलता नहीं मिल रही थी लेकिन फिर जिस ढंग से दूसरे राज्य में हुई इसी ढंग की घटना के तार जोड़ रांची पुलिस ने अपराधियों तक पहुंच कर बच्चों को मुक्त करवाया है, वह प्रशंसनीय है। हम इस जांच अभियान को यहीं नहीं छोड़ने जा रहे हैं। राज्य और राज्य से बाहर घटित हुई ऐसी घटनाओं का गहन पड़ताल करते हुए अपराधी गिरोह की कमर तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अंश और अंशिका के परिवार को शुभकामनाएं दी है। सीएम हेमंत सोरेन ने अपने एक और संदेश में एक्स पर लिखा है कि एक मां और परिवार ही इस पल की खुशियों को महसूस कर सकता है। झारखंड पुलिस की टीम के इस शानदार सफलता के लिए एक बार फिर से बधाई। उन्होंने रांची डीसी को निर्देश दिया कि बच्चों के परिवार को सभी जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें सूचित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### एलआईसी एजेंट की मशीन में फंसकर मौत

**मेदिनीनगर(नबिहार ब्यूरो)।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में एक एलआईसी एजेंट की पुआल काटने वाली मशीन में फंसकर मौत हो गई। 32 वर्षीय जयप्रकाश गुप्ता अरर गांव में पुआल काटते समय दुर्घटना का शिकार हुए। बुधवार दोपहर यह घटना तब हुई जब जयप्रकाश गुप्ता अपने गांव खोड़ी से लगभग एक किलोमीटर दूर अरर गांव में पुआल काट रहे थे। पुआल मशीन में डालते समय अचानक उनका हाथ फंस गया। आसपास कोई मौजूद न होने के कारण वे लगभग दो घंटे तक मशीन में फंसे रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पौना में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव का छत्तर मांडू चौक एनएच-23 पर रखकर सड़क जाम कर दिया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय अजय कुमार मुंडा के रूप में हुई है। अजय अपने ससुराल दुलमी ईद के ईद पारा बाइक से जा रहा था।

### युवक का शव मिलने से सनसनी

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** टेल्को थाना अंतर्गत इंदर सिंह बागान क्षेत्र में अज्ञात युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों में दहशत है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शव मिलने की जानकारी मिलते ही टेल्को थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और बाद में शव को टेल्को थाना क्षेत्र में लाकर फेंका गया है।

### पुत्र ने की पिता की नृशंस हत्या

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** गम्हरिया थाना क्षेत्र के टायो कॉलोनी में एक बेटे ने अपने ही पिता की नृशंस हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। आरोपी बेटा ऑनलाइन मोबाइल गेम की लत का शिकार था जिसके कारण उसका मानसिक संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुका था। मृतक की पहचान 55 वर्षीय रामा नाथ दास के रूप में हुई है, जो टीजीएस के कर्मचारी थे और हाल ही में उन्होंने ईएसएस लिया था। मंगलवार को पुत्र मनसा दास ने घर में रखी दावली (धारदार हथियार) से अपने पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हत्या इतनी क्रूर थी कि आरोपी ने पिता के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों के साथ-साथ उनके गुप्तांग को भी काट डाला।

# सफाई के दौरान बम विस्फोट, दंपति समेत तीन की मौत

नवीन सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** शहर के बड़ी बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित खिरगांव स्थित हबीबीनगर में बुधवार की शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब जमीन की सफाई के दौरान अचानक बम फट गया। इस हृदयविदारक हादसे में एक ही परिवार के पति-पत्नी समेत कुल तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मोहम्मद सद्दाम के पिता मोहम्मद युनुस ने हाल ही में जमीन खरीदी थी। बुधवार दोपहर करीब 3:45 बजे मोहम्मद सद्दाम (पेशा–ड्राइवर) अपनी पत्नी नन्ही परवीन के साथ प्लॉट में उगी झाड़ियों की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान जैसे ही सद्दाम ने कुदाल से जमीन पर वार किया उसके अंदर दबा बम जोरदार धमाके के साथ फट गया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मोहम्मद सद्दाम और उनकी पत्नी नन्ही परवीन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पास में धूप सेंक रही एक अन्य महिला रशीदा खातून गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना



की सूचना मिलते ही बड़ी बाजार थाना प्रभारी पंकज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में सदर एसडीपीओ अमित आनंद, सदर थाना प्रभारी सुभाष कुमार और लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा भी घटनास्थल पर पहुंचे। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे भूखंड और आसपास के इलाके को सील कर दिया गया है। पुलिस इस बात की गहन जांच कर रही है कि बम जमीन के भीतर कब और कैसे दबा था तथा क्या वहां अन्य विस्फोटक भी मौजूद हैं। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आदित्य साहू बने भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा को बुधवार को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया। कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। प्रदेश चुनाव अधिकारी सह केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने बुधवार दोपहर उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की। इससे पहले पार्टी के संगठन पर्व के अंतिम दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल हुआ। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ आदित्य साहू ने नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा ने बार-बार अपने इस कथन को साबित किया है



कि उसके यहां का बूथ कार्यकर्ता प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। इसी कड़ी में झारखंड भाजपा के नए अध्यक्ष आदित्य साहू को देखा जा सकता है। वर्ष 1980 में ओरमांझी के कुच्चू गांव के बूथ कार्यकर्ता के रूप में शुरू हुई आदित्य की राजनीतिक यात्रा बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंची। राष्ट्रीय परिषद की 21 सीट के लिए कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, संजय सेठ, अन्नपूर्णा देवी, अभयकांत प्रसाद, यदुनाथ पांडेय, पशुपति नाथ सिंह, रवींद्र कुमार राय, दिनेशानंद गोस्वामी, दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा, समीर उरांव, अनंत ओझा, गीता कोड़ा, अमर कुमार बाउरी, नीलकंठ सिंह मुंडा, भानु प्रताप शाही और जीतू चरण राम शामिल हैं।

# बस-ट्रक की टक्कर हादसे में 12 से अधिक यात्री घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुमका।** जिले के रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना अंतर्गत रामपुर गांव के पास यात्री बस और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। इस घटना से बस में सवार 12 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल यात्रियों में बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती किया गया है। दरअसल कृष्ण रजत नाम की यह बस पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट से दुमका की ओर आ रही थी। दुमका बस पड़ाव पहुंचने से लगभग 8 किलोमीटर पहले रामपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने बस को टक्कर मार दी जिससे चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और बस सीधे एक खेत में जाकर पलट गई। बस यात्रियों से भरी हुई थी। बस यात्री मोहम्मद आजाद अंसारी ने बताया कि बस चालक विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ट्रक से बचने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हुआ जिससे यह हादसा हुआ। मौके पर पहुंची मुफस्सिल थाना प्रभारी लॉरेंसिया केरकेट्टा घायलों की इलाज सुनिश्चित कराने के लिए अस्पताल पहुंची। उन्होंने बताया कि जैसे ही हमें यह सूचना मिली फौरन हमारी टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है जहां सभी का इलाज जारी है।

# मकर संक्रांति पर उमड़ी भक्तों की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**देवघर।** मकर संक्रांति का पावन पर्व पूरे देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सूर्यदेव के धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते ही सनातन परंपरा में शुभ कार्यों की शुरुआत मानी जाती है। इसी शुभ घड़ी के साक्षी बनने के लिए शिवनगरी देवघर में श्रद्धालुओं की आवाजाही तेज हो गई है। धार्मिक नगरी देवघर में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम में इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि सूर्य के उत्तरायण होने के साथ ही विवाह, जनेऊ, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्यों के लिए श्रेष्ठ मुहूर्त शुरू हो जाता है। धार्मिक जानकारों के अनुसार 14 जनवरी की रात 9 बजे के बाद सूर्य का प्रवेश धनु राशि से मकर राशि में होगा जिसके साथ ही मकर संक्रांति का पुण्यकाल शुरू हो जाएगा। बैद्यनाथ धाम के वरिष्ठ पंडा बताते हैं कि हिंदू पंचांग के अनुसार 14 जनवरी की रात 9:35 के बाद सूर्य उत्तरायण की दिशा में अग्रसर होंगे, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। मंदिर के वरिष्ठ पंडा दुर्लभ मिश्रा के अनुसार मकर संक्रांति केवल पर्व नहीं बल्कि सूर्य आराधना और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का उत्सव है। देश के विभिन्न हिस्सों में इसे अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है। दक्षिण भारत में यही पर्व 'पोंगल' के रूप में मनाया जाता है जबकि हिंदी भाषी क्षेत्रों में मकर संक्रांति पर दही-चूड़ा, तिल और खिचड़ी की विशेष परंपरा है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति के दिन बाबा बैद्यनाथ पर खिचड़ी और तिल के लड्डू का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा, जो पूरे एक महीने तक जारी रहेगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी और तिल का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। पंडा समाज की ओर से बताया गया है कि वाराणसी पंचांग के अनुसार देश के अधिकांश हिस्सों में 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी जबकि बंगाली पंचांग के अनुसार कुछ स्थानों पर यह पर्व 14 जनवरी को भी मनाया जा रहा है। देवघर और आसपास के क्षेत्रों में 15 जनवरी को गंगा स्नान, दान-दक्षिणा और ब्राह्मण भोज के साथ मकर संक्रांति का विधिवत आयोजन किया जाएगा। वहीं दही चूड़ा खाने की तिथि 14 जनवरी से ही शुरू हो जाएगी क्योंकि रात्रि में शुभ मुहूर्त आने के कारण पंचांग के अनुसार छह घंटे पहले और रात्रि के बाद दोनों को ही अच्छा मुहूर्त माना जाएगा। इस प्रकार उत्तरायण की पुण्य बेला में बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर एक बार फिर शिवभक्ति, सूर्य उपासना और सनातन संस्कृति की दिव्य छटा से सराबोर नजर आ रहा है।




# हजारीबाग के बरही में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव में मंगलवार की शाम एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। घटना मंगलवार शाम लगभग 7:30 बजे की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करियातपुर डीह ठाकुर टोला निवासी, वर्तमान में जमुनिया आहार के बगल में रह रहे स्व. जयराम ठाकुर के 26 वर्षीय पुत्र दीपक ठाकुर ने अपने घर में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन एवं ग्रामीणों ने आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही




बरही थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय मुखिया मनोज कुमार, उपमुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर सहित कई सामाजिक लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। मृतक दीपक ठाकुर अपने पीछे पत्नी और एक नन्हे बच्चे को छोड़ गया है। वह बरकट्ठा में एक निजी क्लीनिक में कंपाउंडर के रूप में कार्यरत था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आत्महत्या के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# विधायक अमित कुमार ने मकर संक्रांति पर मिलन समारोह का किया आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा हजारीबाग।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 14 जनवरी को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव ने अपने आवासीय परिसर सह भाजपा कार्यालय में चूड़ा, दही, तिलकुट कार्यक्रम सह कार्यकर्ता-समर्थक मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों से हजारों लोग शामिल हुए।

समारोह के दौरान विधायक ने उपस्थित जनसमूह को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और परंपराओं को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पारंपरिक चूड़ा, दही और तिलकुट का आनंद लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष



सूर्यदेव मंडल, अनिल आजाद, रीतलाल प्रसाद, राजकुमार मंडल, अजय सिंह, मनोज साव, मिथिलेश पाठक, प्रमुख संतोष मंडल, कैलाशपति सिंह, उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, सुरेन्द्र साव, राजकुमार यादव, भरत यादव, कृष्णा प्रजापति, सुनील दत्ता, अशोक यादव, मिथलेश भारती, त्रिवेणी यादव, उमेश यादव, गौतम नारायण सिंह, टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, रविन्द्र कुमार, मधु यादव, मुखिया कमलेश कुमार समेत बड़ी संख्या में बरकट्ठा, बरही एवं कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# रामगढ़ पुलिस ने आधा दर्जन शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने आधे दर्जन अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी का राहुल दुबे गैंग से था संबंध है। इनके पास से भारी मात्रा में पिस्तौल, देशी कट्टा, जिंदा गोली, बाइक और मोबाइल बरामद हुए है।

रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से आधे दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार करने की सूचना दी है। राहुल दुबे गैंग के इन सभी अपराधियों के तार झारखंड बिहार और उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए थे तथा इन सभी के ऊपर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे। इन सभी की गिरफ्तारी रामगढ़ जिले के कुजू ओपी थाना क्षेत्र के नया मोड़ में रह रहे व्यवसायी डब्बू सिंह के घर पर पिछले दिनों 5 जनवरी को शाम के वक्त हुई गोलीबारी के मामले में हुई है। घटनाक्रम के अनुसार ये सभी व्यवसायी के घर गोलीबारी की घटना को अंजाम देने के बाद राहुल दुबे गैंग के नाम पर रंगदारी मांगने को लेकर पर्चा छोड़कर भाग गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए इन सभी वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए रामगढ़ पुलिस अधीक्षक ने एक एसआईटी का गठन किया था जिसने यह बड़ी सफलता पाई है। पूरे मामले को लेकर संवाददाता सम्मेलन के वक्त पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि ये सभी अपराधी इस क्षेत्र सहित हजारीबाग और रांची जिले में राहुल दुबे गैंग के द्वारा व्यवसाईयों को लगातार रंगदारी के लिए धमकी देते थे।

# जैप-7 पद्मा हजारीबाग में निर्वतमान समादेष्टा कौशल किशोर को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पद्मा हजारीबाग।** जैप-7 पद्मा हजारीबाग में निवर्तमान समादेष्टा कौशल किशोर को सादे किंतु गरिमामय समारोह के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। यह कार्यक्रम वर्तमान समादेष्टा अविनाश कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

समारोह में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र कुमार दुबे, मनीष चंद्रलाल, जोगिंदर शाह सहित संगठन के सभी पदाधिकारी, कर्मी तथा जैप-7 के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने श्री कौशल किशोर को फूल-माला, बुके एवं प्रतीक



चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में वर्तमान समादेष्टा श्री अविनाश कुमार ने कहा कि श्री कौशल किशोर के कार्यकाल में शुरू किए गए सभी सकारात्मक एवं कल्याणकारी कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि जवानों का मनोबल ऊँचा बना रहे और यूनिट और अधिक सशक्त हो। वक्ताओं ने श्री कौशल किशोर के अनुशासित, दूरदर्शी और प्रेरणादायी नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। विदित हो कि श्री कौशल किशोर पदोन्नति प्राप्त कर पुलिस उप महानिदेशक, पलामू रेंज के रूप में अपना नया कार्यभार संभाल चुके हैं।

# मौखिक स्वास्थ्य व व्यक्ति के समग्र शारीरिक कल्याण के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित हो : डॉ. प्रियंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डॉ. प्रियंका संडियाल ने कहा मौखिक स्वास्थ्य और एक व्यक्ति के समग्र शारीरिक कल्याण के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित हो चुका है। मुंह, एक अलग प्रणाली होने के बजाय, शरीर के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। मसूड़ों में बैक्टीरिया के प्रसार के कारण होने वाली पुरानी सूजन संबंधी स्थितियां जैसे मसूड़े की सूजन और पीरियोडोंटाइटिस सिर्फ मुंह तक सीमित नहीं हैं।

जीर्ण मसूड़ों के रोग जैसे पीरियोडोंटाइटिस केवल स्थानीय संक्रमण नहीं हैं, वे प्रणालीगत सूजन से जुड़े हुए हैं। दंत और चिकित्सा अनुसंधान ने पुष्टि की है कि इन स्थितियों को पैदा करने वाले बैक्टीरिया, जैसे कि पोर्फिरोमोनस जिंजिवलिस अपने सूजन संबंधी उपोत्पादों साइटोकिन्स के साथ, रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इससे पूरे शरीर में निम्न-श्रेणी की, जीर्ण सूजन होती है पीरियोडोंटाइटिस और प्रणालीगत रोगों के बीच का द्विदिशात्मक संबंध एक महत्वपूर्ण खोज है। उदाहरण के लिए, मधुमेह वाले लोग प्रतिरक्षा कार्य में कमी और उच्च रक्त शर्करा के स्तर के कारण पीरियोडोंटाइटिस के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। बदले में, पीरियोडोंटाइटिस ग्लाइसेमिक नियंत्रण को खराब कर सकता है, जिससे मधुमेह का प्रबंधन करना कठिन हो जाता है इसी तरह, हृदय रोग में, मौखिक बैक्टीरिया कोरोनरी धमनियों के एथेरोस्क्लेरोटिक प्लाक में पाए गए हैं। ये बैक्टीरिया सूजन और पट्टिका निर्माण अठेरोस्किलेरोसिस को बढ़ावा दे सकते हैं, जिससे दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इस प्रक्रिया में बैक्टीरिया एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ट्रिगर करते हैं जो पट्टिकाओं को अस्थिर करती है, जिससे उनके फटने की संभावना अधिक हो जाती है गर्भवती महिलाओं के लिए,



पीरियोडोंटाइटिस समय से पहले जन्म और जन्म के समय कम वजन सहित प्रतिकूल परिणामों के उच्च जोखिम से जुड़ा हुआ है। मसूड़ों के रोग से होने वाली सूजन प्रणालीगत रूप से प्रोस्टाग्लैंडीन और अन्य यौगिकों के निकलने का कारण बन सकती है जो समय से पहले प्रसव को प्रेरित कर सकते हैं। ये तथ्य इस बात पर जोर देते हैं कि मौखिक स्वच्छता समग्र चिकित्सा देखभाल का एक महत्वपूर्ण, एकीकृत हिस्सा है। यह सच है कि आपके मुख और दाँत केवल एक सुंदर मुस्कान का ही नहीं, बल्कि आपके पूरे शरीर का आईना हैं। दाँतों की कैविटी में छिपे बैक्टीरिया, जैसे कि एस. म्यूटन्स, ब्रेन हेमरेज और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों की जड़ बन सकते हैं। ये सूक्ष्म दुश्मन मुँह से होकर शरीर में प्रवेश करते हैं। इनसे बचने का सबसे सरल उपाय है। दिन में दो बार ब्रश और माउथवॉश का नियमित उपयोग। यह आपके मुँह को एक सुरक्षा कवच प्रदान करता है। साथ ही, अपनी जीवनशैली में बदलाव लाएँ। कम चीनी और भरपूर पोषक तत्वों से युक्त आहार, और नियमित व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा। यह भी याद रखें कि स्वस्थ मुँह ही स्वस्थ शरीर की निशानी है तो अगली बार, जब भी आप अपने दाँतों के डॉक्टर से मिलें, तो उन्हें धन्यवाद कहना न भूलें। क्योंकि उन्होंने आपको भविष्य की कई बड़ी बीमारियों से बचाया है।

# हजरत बाबा दुखन शाह रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय सालाना उर्स शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुखन शाह रहमतुल्लाह अलैह के 101वें तीन दिवसीय सालाना उर्स का शुभारंभ पूरे अकीदत और एहतराम के साथ किया गया। उर्स की शुरूआत जिले के उपायुक्त कुमार ताराचंद एवं लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रीजवी ने अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों के साथ मजार पर चादरपोशी कर की। इस अवसर पर क्षेत्र में अमन, चैन, भाईचारा और खुशहाली की दुआएं मांगी गईं।

उर्स मेला हर वर्ष आपसी सौहार्द, धार्मिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक माना जाता है। बाबा दुखन शाह की दरगाह पर सभी धर्मों और समुदायों के लोग श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं। अकीदतमंद मजार पर चादर चढ़ाकर अपने परिवार, समाज और देश की तरक्की के लिए दुआ करते हैं। उर्स



के दौरान कव्वाली, लंगर और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इस सालाना उर्स में लोहरदगा के अलावा रांची, गुमला, लातेहार, पलामू सहित उड़ीसा, बिहार, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। खास तौर पर रात में होने वाली कव्वाली महफिल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मौके पर उपायुक्त कुमार ताराचंद ने कहा कि उर्स मेला सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, शांति और सौहार्द का संदेश देते हैं। वहीं एसपी सादिक अनवर रीजवी ने कहा कि उर्स के दौरान विधि-व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण माहौल में धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हो सकें। प्रशासन एवं अंजुमन इस्लामिया के संयुक्त प्रयास से उर्स को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। यह उर्स न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल भी पेश करता है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्यालय स्तरीय शोध गोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा, गिरिडीह में विद्यालय स्तरीय शोध गोष्ठी आयोजित हुई। शोध गोष्ठी में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी की सहभागिता रही प्रधानाचार्य आनंद कमल ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि विद्या भारती के चार आयामों में शोध एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयाम है।

इससे शैक्षिक समस्याओं का सम्यक समाधान संभव हो पाता है।शोध प्रमुख अजित कुमार मिश्र ने बताया कि विद्या भारती योजना में हम आचार्य क्रियात्मक शोध के माध्यम से पठन-पाठन में आ रही विविध समस्याओं का समाधान करते हैं क्रियात्मक शोध के विविध चरणों के बारे में बताते हुए आचार्य प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा कि सबसे पहले हमें समस्या के कारणों पर चिंतन करना होता है तथा फिर चरणबद्ध तरीके से उसके समाधान का प्रयास करना होता है। उन्होंने पी०पी०टी० के माध्यम से क्रियात्मक शोध की उपयोगिता एवं उसके विविध चरणों के बारे में विस्तार से बताया अंत में प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आगामी सत्र में सभी आचार्य-दीदी कम से कम एक विषय पर शोध कर लिखित प्रतिवेदन विद्यालय के शोध प्रमुख को समर्पित करेंगे।

## सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत 14वें दिन के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के निर्देशानुसार आज भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई के द्वारा कोलगो टोल प्लाजा के पास सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, मौके पर उपस्थित टोल प्लाजा प्रबंधक के द्वारा समझाते हुए कहा कि यातायात नियमों का सदा पालन करें वाहनों में ओवरलोड होने के कारण बहुत सारे वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते है। आज के समय में दुर्घटनाओं से हो रहे नुकसान को तथा दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु को कम करने के लिए ओवरलोड पर अंकुश लगाना आवश्यक है।

# गिरिडीह पुलिस व आम जनता के मध्य समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने का अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा ग्रामीण इलाकों में आवासित आम जनता तक गिरिडीह पुलिस की पहुँच एवं पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चलायी जा रही।

विशेष पहल के तहत गिरिडीह पुलिस एवं आम जनता के मध्य समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने की कड़ी में आज पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा गांडेय थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाके में अवस्थित महेशपुर तिलोबनी ग्राम में पहुँचकर जरूरतमंद एवं विकलांग लोगों के बीच ठंढ से बचाव के लिए कंबल एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया इस दौरान पुलिस अधीक्षक गिरिडीह सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के ग्रामीणों से भेंट कर उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा गिरिडीह पुलिस की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के साथ अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, गिरिडीह एवं संबंधित थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे। सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों तक पुलिस अधीक्षक गिरिडीह की मौजूदगी से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 अंतर्गत 'सीख से सुरक्षा, तकनीक से परिवर्तन' थीम पर आज सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश के तहत 14वे दिन जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह संतोष कुमार के निदेर्शानुसार गिरिडीह में मधुबन मेला और बड़ा चौक पर आमजनों के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई।

जब भी बाइक चलाए तो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें एवं कार चलाए तो सीटबेल्ट का प्रयोग करें, कभी भी शराब का सेवन कर के वाहन ना चलाए। किसी भी दुर्घटना व्यक्ति को देखें तो उसे नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु मदद करें जिसमें उसकी जान को बचाया जा सके।

## कार्बन रिर्सोसेस ने रेड क्रॉस के सहयोग से युवा दिवस के उपलक्ष्य में किया ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेड क्रॉस की ओर से आज युवा दिवस पर दो ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया पहला कार्बन रिसोर्सेस में 52 यूनिट व दूसरा ब्लड बैंक गिरिडीह में 8 यूनिट रक्त संग्रह किया गया मुख्य अतिथि चुनूं कांत,डॉ कुमार अमर नाथ, देवेन्द्र प्रसाद, वाइस प्रेसिडेंट, राहुल कुमार मिश्रा, सीनियर मैनेजर एच आर, अरविंद नाथ घोष, राजीव सिंह, प्रेम कुमार राय, श्याम बनर्जी, देवजीत मुखर्जी, पंकज नुनिया, सुरोजित गुप्ता,विजय गुप्ता सहित कई लोगों ने सहयोग किया।ए एस जी नेत्र चिकित्सालय,धनबाद ए एस एम रवि कुमार सिंहा,संजय रजक, सुकांतो कुमार भद्र के सहयोग से सैकड़ों लोगों का आंख जांच शिविर में किया गया।

# मकर संक्रांति को लेकर मंत्री सुदीव्य कुमार ने किया दही चूड़ा भोज का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मकर संक्रांति को लेकर के झारखंड सरकार के मंत्री सुदीवय कुमार के आवास पर इस त्यौहार का पारंपरिक भोजन दही चूड़ा भोज का भव्य रूप से आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यकर्ता, नेता एवं पत्रकार गण तथा कई गणमान्य , और आम लोग मौजूद थे।

इस मौके पर मंत्री ने खुद आने वाले मेहमानों का स्वागत किया और उनके इस मौके पर खाने वाले परंपरागत भजन दही चुडा, तिलकुट, घेवर, आलू आलू और गोभी की सब्जी का सेवन सबके साथ मिलकर के उठाया। वही इस दौरान आने वाले मेहमानों में मंत्री के साथ तस्वीर खींचवाने की होड़ लगी रही, बड़ी संख्या में लोगों ने मंत्री के साथ तस्वीर खींचवाई। इस अवसर पर मंत्री सुदीवय कुमार ने सभी को मकर संक्रांति की बधाई दी।वही इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष भी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे हुए थे उन्होंने भी सभी को मकर संक्रांति की



बधाई दी तथा कल होने वाले कांग्रेस कार्यालय में दही चुड़ा भोज का आमंत्रण दिया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष संजय सिंह नगर अध्यक्ष रॉकी सिंह सुमित कुमार, अभय कुमार सिंह टूनना सिंह राकेश कुमार गोपाल आदि गणमान्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

# झारखंड में केशकला बोर्ड के गठन हेतु नाई समाज ने नगर विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**झारखंड में नाई जाति की स्थिति दयनीय : कृष्ण मुरारी**

**गिरिडीह।** झारखंड में केशकला बोर्ड का गठन की मांग को लेकर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को राष्ट्रीय नाई महासभा गिरिडीह के द्वारा बुधवार को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के बाद झामुमो नेता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि झारखंड प्रदेश में नाई जाति की जनसंख्या करीब बीस लाख है। और नाई समाज की स्थिति बहुत दयनीय है।

उन्होंने कहा कि नाई जाति को सीएनटी एक्ट के अधीन रखा गया है जिसके कारण उन्हें व्यवसाय करने के लिए बैंक लोन भी नहीं मिल पाता है। राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष नन्दलाल शर्मा ने कहा कि गरीबी के कारण नाई जाति के लोग फुटपाथ पर काम करने को मजबूर हैं। गाँव-गाँव में घुम-घुमकर जजमानी का काम करने को विवश हैं जिसमें न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलता। कहा कि साल में एक बार कुछ धान दे दिया जाता है। जिससे उसका परिवार भी चल नहीं पाता है शर्मा ने कहा कि दूसरी जाति के लोग सेलून पार्लर खोल रहे हैं और नाई जाति के लोग उसमें बंधुवा मजदूर की तरह काम करने को मजबूर हैं। समाज के लोगों ने नगर विकास मंत्री से अपने स्तर से पहल कर झारखंड में केशकला बोर्ड का गठन कराने की मांग की। ताकि नाई जाति को प्रशिक्षण देकर उनका कौशल विकास किया जा सके और नाई समाज के लोग भी स्वाभिमान की जिंदगी जी सकें ज्ञापन सौंपने वालों में नाथेश्वर ठाकुर, रामाशंकर शर्मा, गणेश ठाकुर, मोहनलाल शर्मा, जितेन्द्र कुमार शर्मा, अर्जुन शर्मा, हीरा देवी, प्रकाश शर्मा, मुंशी ठाकुर, मुकेश ठाकुर, ओम प्रकाश कुमार, बेबी देवी, मनोज कुमार शर्मा, गोपाल शर्मा, छोटे लाल ठाकुर, सुभाष कुमार शर्मा, राजेन्द्र हजाम, महेंद्र शर्मा, कमल ठाकुर, चन्दन शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# कुजू गोलीकांड: यूपी के दो शूटर समेत राहुल दुबे गैंग के छह अपराधी गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** कुजू गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये गैंग जौनपुर उत्तर प्रदेश के शुक्ला गिरोह के शूटर के साथ झारखंड में दहशत फैलाने का काम करता था। जिनका आपराधिक इतिहास कई राज्यों में दर्ज है। पुलिस ने मौके से दो पिस्टल, एक कट्टा, 42 जिंदा कारतूस, आठ मोबाइल और घटना में इस्तेमाल बाइक जब्त किया है।

**6 जनवरी को हुई थी फाइरिंग**

6 जनवरी को कुजू ओपी क्षेत्र में बालू व्यवसायी डब्बू सिंह उर्फ सागर सिंह के घर में गोलीबारी हुई थी। यह गोलीबारी रंगदारी नहीं देने की वजह से कराई गई थी। इस पूरे मामले के पीछे कुख्यात राहुल दुबे गिरोह का नाम सामने आया था, जो लंबे समय से क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा है। घटना के बाद रामगढ़ एसपी अजय कुमार के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि व्यवसायी से लगातार रंगदारी की मांग की जा रही थी। रकम नहीं मिलने पर डर पैदा करने के मकसद से गोलीबारी कराई गई। रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने वाले छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी गिरफ्तारी एनएच-33 भोजपुर ढाबा और इमामबाड़ा श्याम सरोवर ढाबा के आसपास जंगल-झाड़ियों से की गई है।

**यूपी के दो शूटर थे शामिल**

एसपी ने बताया कि इस गोलीकांड में सत्यम शुक्ला उर्फ आशीष शुक्ला के साथ यूपी के दो बड़े शुटर जयेश पाल और सन्नी सिंह उर्फ आशुतोष सिंह शामिल थे। एसपी ने बताया कि दोनों शूटर पर यूपी के अलग-अलग जिलों में मामले दर्ज हैं। इससे पहले रांची के एक बड़े व्यवसायी की हत्या की भी सुपारी दी थी। एसपी ने साफ कहा कि रंगदारी और संगठित अपराध करने वालों के लिए रामगढ़ की धरती सुरक्षित नहीं है।

**गिरोह के फरार सरगना की तलाश जारी**

गिरफ्तार सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। वहीं गिरोह के फरार सरगना की तलाश जारी है। रामगढ़ पुलिस की इस कार्रवाई से आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद मांडू, सर्किल इंस्पेक्टर रजत कुमार, कुजू थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, वेस्ट बोकारो प्रभारी दीपक कुमार, सब इंस्पेक्टर ओंकार पाल सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों में कुजू थान क्षेत्र के नकुल कुमार चौहान, राज कुमार करमाली, मुकेश करमाली और रांची के खेलगांव थाना क्षेत्र के रंजीत साव शामिल हैं। इन आरोपियों में राज कुमार करमाली और रंजीत साव पर मांडू, रांची समेत की थानों में मामला दर्ज है। वहीं यूपी के जौनपुर जिले के जयेशपाल और सन्नी सिंह भी शामिल हैं।

# सिविल सर्जन ने बरही अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग)।** बरही अनुमंडलीय अस्पताल का सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की बारीकी से समीक्षा की तथा डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा को शीघ्र शुरू करने तथा दंत (डेंटल) चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने 108 एंबुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की और जिला 108 एंबुलेंस सुपरवाइजर रोहित कुमार को जिले में एंबुलेंस सुविधा को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। इस मौके पर 108 एंबुलेंस के जिला सुपरवाइजर रोहित कुमार ने सिविल सर्जन को आश्वस्त किया कि जिले में आपातकालीन एंबुलेंस सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सके। औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रबंधन में हलचल देखी गई और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# थाना परिसर में मकर संक्रांति पर चूड़ा–तिलकुट–दही भोज आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दारू (हजारीबाग)।** लोक आस्था और पारंपरिक सौहार्द के पर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बुधवार को दारू थाना परिसर में चूड़ा, तिलकुट एवं दही का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दारू थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ, जिसमें थाना के पुलिस पदाधिकारी, जवानों एवं स्थानीय पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान पु०अ० मिथुन मुर्मू, बालेश्वर यादव, पवन कुमार, उमेश तुरी, निकेतन कुमार, अजय कुमार, सनी फूल जेम्स, खां सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन और मीडिया के बीच आपसी सौहार्द, विश्वास एवं समन्वय को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है और पुलिस, मीडिया व समाज के बीच संवाद एवं सहयोग और अधिक सुदृढ़ होता है। कार्यक्रम में शामिल पत्रकारों में बजरंग सहाय, सुमन सिन्हा, राजन सिन्हा, पप्पू कुमार, दिनेश कुमार, रौशन सिन्हा, महेश कुमार, राहुल सिंह, धीरज पूरी, सुनील कुमार, रंजीत कुमार, अजय यादव, वीरेंद्र यादव, विनय यादव एवं अनिल यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राजगीर मकर मेला स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन और स्वरोजगार को देगा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित राजगीर मकर मेला 2026 का विधिवत उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में आस्था, संस्कृति और उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राजगीर मकर मेला केवल धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन और स्वरोजगार को भी मजबूती प्रदान करता है। ऐसे आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेले में पारंपरिक हस्तशिल्प, कृषि मेला, स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झूले एवं मनोरंजन के विभिन्न साधनों की आकर्षक व्यवस्था की गई है। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक, सभी वर्गों में मेले को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मकर मेला 2026 के अंतर्गत आयोजित कृषि मेला में उन्नत फसलों की प्रदर्शनी लगाई गई है। यहां किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों के साथ-साथ सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। मेले के दौरान आयोजित "दही खाओ–इनाम पाओ" प्रतियोगिता आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्धारित समय में चुनौती पूरी करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा, मकर मेला 2026 के अवसर पर आयोजित भव्य पतंग प्रदर्शनी लोगों के लिए विशेष आकर्षण बनी। मेला समिति एवं स्थानीय प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी में रंग-बिरंगी पतंगों ने आकाश को उत्सवमय बना दिया। मेले के दौरान विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। उद्घाटन समारोह में विधान पार्षद रीना यादव, इस्लामपुर विधायक रोहेल रंजन, राजगीर विधायक कौशल किशोर, नगर परिषद राजगीर की उपाध्यक्ष मुन्नी देवी, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप विकास आयुक्त शुभम कुमार सहित अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



# जमशेदपुर में 20 फिट के अजगर का किया रेस्क्यु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर पुलिया के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब लोगों ने करीब 20 फीट लंबा अजगर सांप देखा। कड़ाके की ठंड के बीच धूप सेंकते इस विशाल अजगर पर जैसे ही लोगों की नजर पड़ी, इलाके में उत्सुकता और दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत स्नेक कैचर टीम और वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। बताया जा रहा है कि बिरसानगर पुल के नीचे यह अजगर धूप ताप रहा था। ठंड के कारण सांप भी खुले स्थानों पर निकल आते हैं, ताकि शरीर का तापमान बनाए रख सकें। अचानक लोगों की नजर जब इस विशालकाय अजगर पर पड़ी तो देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने पहले वन विभाग को सूचना दी, लेकिन टीम के पहुंचने में देरी होने पर कुछ युवकों ने हिम्मत दिखाते हुए अजगर को पकड़ लिया और बोरी में बंद कर सुरक्षित रखा। बाद में वन विभाग की टीम को बुलाकर सांप को उनके हवाले कर दिया गया। जानकारों के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में यह दूसरा बड़ा अजगर है जिसे जमशेदपुर में देखा गया है। इससे पहले करीब 20 फीट लंबा अजगर भी रेस्क्यू किया गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड के मौसम में ऐसे मामले बढ़ जाते हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# पीवीयूएनएल, पतरातू में लोहरी उत्सव का हर्षोल्लास के साथ आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू (रामगढ़)।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के टाउनशिप ग्राउंड में लोहरी उत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के सीओ ए.के. सहगल एवं रेणु सहगल ने उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को लोहरी की शुभकामनाएं दी और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि लोहरी का यह पर्व सभी के जीवन में समृद्धि, खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और नए आरंभ लेकर आए। पारंपरिक रीति-रिवाजों, लोकगीतों एवं उल्लासपूर्ण वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम ने आपसी सौहार्द और एकजुटता को और मजबूत किया। कार्यक्रम में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों अनुपम मुखर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), मनीष खेतरपाल, महाप्रबंधक (ओएंडएम), ओ.पी. सोलंकी, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) तथा जोगेश चंद्र पात्र, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं कमीशनिंग) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों ने सामूहिक रूप से कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इस पर्व के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

# पतंग उड़ाने के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आया किशोर, हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग)।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत नईटांड़ में पतंग उड़ाने के दौरान बिजली की चपेट में आने से 13 वर्षीय किशोर पीयूष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पीयूष कुमार, पिता गणेश पंडित, पतंग उड़ाते समय 33 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जोरदार झटका लगा। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से झुलसे किशोर को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आबादी वाले क्षेत्रों में गुजर रहे हाईटेंशन तारों को सुरक्षित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# बरकट्ठा में सूर्य कुंड मेला शुरू कड़ाके की ठंड में भी उमड़े श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड से एक बार फिर उमंग, उत्साह और आस्था का संगम देखने को मिल रहा है। आस्था, परंपरा और मनोरंजन का प्रतीक सूर्यकुण्ड मेला पूरे भव्यता के साथ शुरू हो चुका है, जहां दूर-दराज़ से आए श्रद्धालु और सैलानी मेले का आनंद ले रहे हैं। बरकट्ठा स्थित सूर्यकुण्ड अपनी अनोखी पहचान के लिए जाना जाता है। यह एशिया का सबसे गर्म कुंड माना जाता है, जहां प्राकृतिक रूप से करीब 87 डिग्री सेल्सियस तापमान का गर्म जल निरंतर निकलता है। यही अद्भुत प्राकृतिक चमत्कार सूर्यकुण्ड को देश-विदेश में विशिष्ट स्थान दिलाता है। इस भव्य मेले का शुभारंभ बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक अमित यादव जी के द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान क्षेत्र के गणमान्य लोग, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। सूर्यकुण्ड मेला 14 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु धार्मिक आस्था के साथ-साथ पारंपरिक मेले के रंगों और मनोरंजन का भरपूर आनंद उठा सकते हैं। मेले में बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए कई रोमांचक मनोरंजन साधन लगाए गए हैं। मौत का कुआं, हिंडोला, ब्रेक डांस, जल परी झूला जैसे आकर्षण लोगों को खासा लुभा रहे हैं और मेले में उत्साह का माहौल बनाए हुए हैं। सूर्यकुण्ड मेला सिर्फ आस्था और मनोरंजन ही नहीं, बल्कि स्वाद के लिए भी जाना जाता है। यहां की प्रसिद्ध बेलसाही, अनरसा और मुरब्बा जैसी पारंपरिक मिठाइयाँ लोगों की पहली पसंद बनी हुई हैं, जिन्हें चखे बिना मेला अधूरा माना जाता है।

इसके अलावा मेले में उपलब्ध प्राचीन और पारंपरिक घरेलू सामग्री लोगों के मन में पुरानी यादों की खुशबू घोल देती है, जो हर उम्र के दर्शकों को अनायास ही इस मेले की ओर खींच लाती है। यहां आकर लोग न सिर्फ खरीदारी करते हैं, बल्कि अपनी संस्कृति और विरासत से दोबारा जुड़ने का अनोखा अनुभव भी महसूस करते हैं।




## पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–एमएसडीएसी–बीजेडएल–26, दिनांक: 09.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई–एमएसडीएसी–बीजेडएल–26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** बेलानगर (बीजेडएल ) स्टेशन में डुएल डिटेक्शन मोड में डीसी ट्रैक सर्किट के समानांतर में एमएसडीएसी का प्रावधान। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 7,02,55,843.65, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 5,01,300/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 09 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 09.01.2026 को 19.02 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 20.01.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.02.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-532/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# श्रद्धा और सेवा का हुआ अदभुत संगम, इन्द्रपुरी साईं मंदिर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर साईं परिवार हजारीबाग द्वारा शहर के इन्द्रपुरी स्थित साईं मंदिर में आज भव्य भंडारे और भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता को समर्पित इस आयोजन में 'साईं परिवार' और 'साईं महिला मंडली' के सदस्यों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाकर वर्षों से मिसाल पेश किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार की अहले सुबह बाबा के भव्य अभिषेक और दिव्य मंगल आरती के साथ शुरुआत होगा। मंदिर परिसर 'साईं राम' के जयघोष से गुंजायमान रहेगा। मकर संक्रांति की परंपरा को निभाते हुए बाबा को चूड़ा, दही, तिलकुट, गुड़ और फलों का विशेष भोग लगाया जाएगा। दोपहर में सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खिचड़ी, चोखा और चटनी का प्रसाद का वितरण किया जाएगा। संध्या आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच हलवा प्रसाद का वितरण कर दिनभर चले इस अनुष्ठान का भव्य समापन किया जाएगा। साईं परिवार की सेवा भावना मंदिर की चौखट तक सीमित नहीं रही। मानवता और समरसता का संदेश देते हुए समूह द्वारा आर्ष कन्या गुरुकुल (आर्य समाज, हजारीबाग) के बच्चों के बीच भी खिचड़ी, चिप्स और चोखा का प्रसाद पहुँचाया जाएगा। बच्चों के चेहरे की मुस्कान के लिए इस आयोजन की सार्थकता को और बढ़ा दिया है। विदित हो कि साईं परिवार, हजारीबाग केवल एक धार्मिक समूह नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का संवाहक है। समूह के सदस्यों ने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य साईं भक्तों को एकजुट करना और समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना है। चाहे व्यक्तिगत सहयोग हो या सामूहिक सेवा कार्य, यह समूह लगातार सामाजिक जुड़ाव की दिशा में अग्रसर है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में साईं परिवार के सभी पुरुष एवं महिला सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/3, दिनांक: 12.01.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001, पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** : **(1); 21251072ए;** बीओएक्सएनएचएल के लिए बोगी सेंटर पिवॉट टॉप आदि.; रु.152690, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(2); 16255037;** एससीएडीए का क्रय; रु.490700, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.01.2026, **समय:** 13.30 बजे**(3); 05251275;** 7 घटकों से संलग्न पीयू पेंट्स किट का क्रय; रु. 461880, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(4); 04255034;**आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. 1डब्ल्यूडीएच 140टी सीआर–7.1038316, ऑल्ट–1 (डी=200), एफएजी–एवीजेड 200 जेड 175747ए के तहत एक्सल बॉक्स के साथ व्हील सेट बेयरिंग, प्रस्तुतकारक–शेफियर; रु. 783760, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(5); 05251300ए;** सिलिंड्रिकल रोलर बेयरिंग एनजे–318 आदि का क्रय; रु.102660, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(6); 20251928;** एक्सल बॉक्स रोलर के लिए रियर कवर; रु.123970, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(7); 15255157;** 25 टन ईओटी क्रेन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.135400, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(8); 15255005सी;** स्पेसिफिकेशन नं. अनेक्सर/ईओटीसी/5टी/केपीए के अनुसार ईओटी क्रेन क्षमता 5 टन; रु.141400, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.01.2026, **समय:** 13.30 बजे **(9); 11251044;** व्हील ट्रेड वियर के लिए पैकिंग रिंग आदि का क्रय; रु. 277770, **निविदा खुलने की तिथि:** 28.01.2026, **समय:** 13.30 बजे **(10); 20255027;** 25 केवी एसी एमईएमयू के लिए हाई हॉर्स पावर ट्रैक्शन मोटर (207 केडब्ल्यू); रु.2000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.01.2026, **समय:** 13.30 बजे **(11); 11251127;** गैंगवे ब्रिज माउंटिंग आदि; रु.441900 **(12); 07251153ए;** आरडीएसओ के एसटीआर नं. सी–8217 (रिव.2) ऑफ सितंबर 2013 के तहत एल्यूमिनियम चेकर्ड शीट का क्रय, मापः 3360 X 813 X 2.03 मिमी; रु. 414720 **(13); 11251095;** अर्थिंग केबल संपूर्ण (एलएचबी टाइप कोच) 70 वर्ग मिमी आदि का क्रय; रु.104750, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.02.2026, **समय:** 13.30 बजे (क्रम सं. 11, 12 एवं 13 के लिए) **(14); पीएससी स्लीपर्स–आरटी–8746;** चौड़े पीएससी स्लीपर्स–आरटी 8746 के क्रय के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट; रु. 5000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.01.2026, **समय:** 13.30 बजे **(15); 22251625ए;** टैब/कैप रुक्सोलिटिनिब 20 एमजी (उत्पाद निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड की अनुमोदित उत्पाद सूची में रहना चाहिए।) आइटम कोड नं.: एम251024 एआई 25–26; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.01.2026, **समय:** 13.30 बजे**निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 15 के लिए] । **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-62/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/728, दिनांक 12.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3477–आर, कार्य का नाम:** ''एडीईएन/ आजिमगंज की शाखा के तहत सभी महिला कर्मियों की सुविधा के लिए संलग्न शौचालय के साथ–साथ महिला ड्रेस चेंजिंग रूम के निर्माण'' के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 7,88,987/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 15,800/–, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3502, कार्य का नाम :** ''चंदनपुर–चेराग्राम ब्लॉक हट एएफटीसी सेक्शन में डुएल डिटेक्शन मोड में एएफटीसी के समानांतर में एमएसडीएसी के प्रावधान'' के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 56,47,126/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,13,000/–, **क्रम सं. 3, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3503, कार्य का नाम:** ''डानकुनी–बलरामबाटी ऑटो सेक्शन में डुएल डिटेक्शन मोड में एएफटीसी के समानांतर में एमएसडीएसी के प्रावधान'' के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 56,47,126/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,13,000/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक के लिए)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 02.02.2026 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-535/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# महटीकरा में कुड़मि जनजाति ने हर्षोल्लास से मनाया टुसु परब जतरा सह टुसु विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत अंतर्गत महटीकरा गांव में कुड़मि जनजाति समुदाय द्वारा पारंपरिक आस्था और उत्साह के साथ टुसु परब जतरा सह टुसु विदाई का आयोजन किया गया। इस लोकपर्व का उद्घाटन रोशन लाल चौधरी ने किया। टुसु पर्व मुख्य रूप से फसल कटाई की खुशी, नए वर्ष की शुरुआत तथा नारी शक्ति (टुसूमनी) के त्याग और बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है। यह झारखंड और आसपास के क्षेत्रों का एक महत्वपूर्ण लोक उत्सव है। इस अवसर पर कुंवारी कन्याओं द्वारा रंगीन कागज से बने चौकोर टुसु की पूजा की गई, जिसे मकर संक्रांति के दिन नदी में विसर्जित किया गया।यह पर्व समृद्धि, प्रेम, संघर्ष और स्त्री-शक्ति की गाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में विधायक रोशन लाल चौधरी के साथ प्रवक्ता दीपक पुरनियार, चंद्रभूषण महतो काछुआर, विकास महतो, संजय पुनरियार, हिरामण बंसरियार उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष जगन महतो, सचिव विकास महतो, कोषाध्यक्ष रमन महतो, उपाध्यक्ष अजय महतो, उपसचिव तारकेश्वर महतो एवं महेंद्र महतो, संयोजक अशोक महतो, महिला अध्यक्ष प्रीति रानी, सचिव कविता देवी, महिला संयोजक अनिता देवी सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा राजेश्वर महतो, अर्जुन महतो, मुकेश महतो, दीपक महतो, देवेंद्र महतो, खेमलाल महतो, मनोज महतो, राजेंद्र महतो, अरुण महतो, तेजन महतो, सुनील महतो, अमृत महतो, निर्मल महतो, धनुषधारी महतो, सरजू महतो, राथो महतो, दिनेश महतो, सुमित्रा माहताइन, जूही माहताइन, शैल माहताइन, निक्की कुमारी, आशा कुमारी, पूजा कुमारी, जयंती कुमारी, नीलम महतो, निधि महतो, सुमिला महतो, मोनिका महतो, गुंजा महतो सहित बड़ी संख्या में कुड़मि जनजाति समुदाय के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। लोकगीतों, पारंपरिक रीति-रिवाजों और सामूहिक सहभागिता के बीच संपन्न यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का जीवंत उदाहरण बना।

# तीन बच्चों के संग महिला ने खाया जहर

## ❑सभी इलाजरत, एक बच्चे की मौत
## ❑परिवार के सदस्य से हुई थी अनबन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** राजपुर थाना क्षेत्र के रसेन गांव में बुधवार की सुबह एक 30 वर्षीय महिला रूबी देवी ने अपने तीन बच्चों के साथ जहर खा लिया।

इस घटना में पांच वर्षीय पुत्र अर्जुन की मौत हो गई। अन्य दो बच्चों छह वर्षीय करण कुमार और तीन वर्षीय राधा की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किसी बात को लेकर जितेंद्र चौधरी की पत्नी रूबी देवी का विवाद हो गया। इससे वह इतने आक्रोश में आ गई कि अपने बेटे करण कुमार, अर्जुन कुमार ओर पुत्री राधा कुमारी को जहर दिया और स्वयं भी जहर खा लिया। जहर का असर होने पर बच्चे चिल्लाने और छटपटाने लगे। यह देख परिवार के लोग सन्न रह गए। आनन-फानन में सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में भर्ती कराया।

गंभीर हालत देखकर वहां से बेहतर इलाज के लिए सभी को सदर अस्पताल बक्सर रेफर किया गया। सदर अस्पताल पहुंचते ही डाक्टरों ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया।

बाकी दो बच्चों करण कुमार और राधा कुमारी की हालत गंभीर होने पर उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। महिला रूबी देवी का इलाज सदर अस्पताल बक्सर में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर कागजी कार्रवाई में जुटी है।

# तेज प्रताप ने फेंका दही-चूड़ा का पासा

## विरासत की बिसात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की दही-चूड़ा पार्टी को लेकर सिसासत भी गरमाई हुई है। इस भोज में तमाम पार्टी के नेता शिरकत कर रहे हैं। इस बीच जदयू प्रवक्ता और एमएलसी नीरज कुमार ने तंज कसा है।

उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति एक सामाजिक कार्यक्रम है, जिसमें लालू जी हमेशा मुख्य व्यक्ति रहे हैं। अब लालू जी बीमार पड़ गए हैं, इसलिए उत्तराधिकारी कौन बनेगा, इस बात पर खींचतान शुरू हो गई है।नीरज कुमार ने कहा कि तेज प्रताप यादव उत्तराधिकारी के तौर पर आगे आए हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव को यह भी एहसास दिलाया है कि अगर तुम यह नहीं करोगे, तो मैं इसके लिए तैयार हूं। राघोपुर से दही मंगाया गया है। वह अपने मामाओं के यहां भी गए। तेज प्रताप यादव ने



राजनीति में वह पासा फेंका है कि पता ही नहीं चल रहा है कि कौन किसके साथ है।

बता दें कि इस दही-चूड़ा भोज में कई राजनीतिक हस्तियां भी मौजूद रहीं। पिता लालू यादव, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, साधु यादव, प्रभुनाथ यादव और चेतन आनंद की उपस्थिति ने इस आयोजन को और खास बना दिया।

# 200 रुपये के विवाद में युवक की चाकू से हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कंकड़बाग थाना क्षेत्र के लोहियानगर में सिगरेट के महज 200 रुपये के विवाद ने एक युवक की जान ले ली। इस वारदात में 22 वर्षीय गौरव कुमार को चाकू से गोद दिया गया। गंभीर हालत में उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

मृतक गौरव कुमार मूल रूप से लखीसराय जिले के बड़हिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर हृदनबिगहा का निवासी था। वह बीए पार्ट-1 का छात्र था और पढ़ाई के साथ-साथ पिता के व्यापारिक कार्यों के सिलसिले में पटना आता-जाता रहता था।

परिजनों के मुताबिक गौरव पढ़ाई में होनहार था और उसका किसी से पुराना विवाद नहीं था।

पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार शाम एमआईजी पार्क के पास हुई। गौरव ने एक युवक को सिगरेट लाने के लिए 200 रुपये दिए थे।

सिगरेट लाने के बाद जब पैसे लौटाने की बात आई, तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और वहां मौजूद कुछ युवकों ने गौरव को घेर लिया।

आरोप है कि 15 से अधिक युवकों ने मिलकर गौरव के साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाव की कोशिश में जब गौरव पास की एक दुकान के गेट तक पहुंचा, तभी बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

चाकू लगने से गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में सौरव सहित कुछ अन्य युवकों को भी चोटें आईं।

स्थानीय लोगों की मदद से गौरव को तत्काल पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी रही।

डॉक्टरों ने भरसक प्रयास किए, लेकिन बुधवार को उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही कंकड़बाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि हमलावर स्थानीय थे या बाहर से आए थे। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी गई है।

# हाथियों के झुण्ड ने मझगांव में मचाया आतंक

## किसानों को पहुंचाया हजारों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मझगांव।** मझगांव प्रखंड के बेनीसागर क्षेत्र में पिछले सात दिनों से हमलावर हाथी की तलाश जारी है। हाथी को ट्रेस करने के लिए वन विभाग के 100 से अधिक वनकर्मियों की टीम बेनीसागर में कैंप कर रही है, लेकिन अब तक हमलावर हाथी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस बीच मंगलवार देर रात 10 हाथियों का झुंड मझगांव क्षेत्र में घुस आया और जमकर उत्पात मचाया।

बेनीसागर में मौजूद वन विभाग की टीम ने हाथियों के झुंड को खदेड़ने का प्रयास किया, लेकिन झुंड मझगांव के बुरामपदा पहुंच गया, जहां उसने जमादार तामसोय के सब्जी बगान में भारी तबाही मचाई। हाथियों ने गोभी और टमाटर की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया।

पीड़ित जमादार तामसोय ने बताया कि काफी मेहनत से सब्जी की खेती की थी, जिसे हाथियों ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया। इस घटना में 40 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। इधर घोड़ाबंधा क्षेत्र में भी हाथियों के एक अन्य झुंड ने आतंक मचा रखा है।

हेसेलबेरेल निवासी सुखरा हेंब्रम के घर को तोड़कर चावल व आटा नष्ट कर दिया गया, जबकि ओल्हानिया गांव निवासी माधो पान के घर को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखा चावल, आटा सहित अन्य घरेलू सामग्री को भी हाथियों ने नष्ट कर दिया।

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को बेनीसागर में एक दंतैल हाथी ने तीन लोगों को पटक कर मौत के घाट उतार दिया था, जिसके बाद पूरे मझगांव क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

हाथी के भय से बेनीसागर के कई ग्रामीण अपने घर छोड़कर दूर-दराज के रिश्तेदारों के यहां रात गुजारने को मजबूर हैं।

# जिले की शिक्षा व्यवस्था पर निजी विद्यालय संघ के जिलाध्यक्ष ने लगाया गंभीर आरोप

## निजी विद्यालय में पढ़ रहे 25 बच्चों का नाम सरकारी स्कूल में दर्शाकर सामूहिक निरस्तीकरण, अभिभावकों पर दबाव बनाने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में शिक्षा विभाग से जुड़े एक गंभीर और चिंताजनक मामले को सार्वजनिक करते हुए अजय पांडे, बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा है कि औरंगाबाद जिले के एक प्रखंड में निजी विद्यालयों में वास्तविक रूप से अध्ययनरत 25 बच्चों का नाम सरकारी विद्यालयों में दर्शाया गया, जो नियम, पारदर्शिता और नैतिकता—तीनों के विरुद्ध है।

उन्होंने बताया कि संबंधित निजी विद्यालयों के पास बच्चों के आई-कार्ड, उपस्थिति रजिस्टर (फ्री/अटेंडेंस), तथा अन्य शैक्षणिक अभिलेख स्पष्ट रूप से उपलब्ध हैं। इसके बावजूद बिना अभिभावकों की सहमति, भौतिक सत्यापन और बिना लिखित साक्ष्य के, एक ही दिन सामूहिक रूप से नामांकन निरस्त कर दिया गया, जो अपने आप में गंभीर संदेह उत्पन्न करता है।

श्री पांडे ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के दौरान अभिभावकों पर यह कहकर दबाव बनाया गया कि बच्चों का नाम सरकारी विद्यालय में ही रहने दिया जाए, जबकि बच्चे वास्तविक रूप से निजी विद्यालयों में पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कृत्य न केवल अभिभावकों के अधिकारों का हनन है, बल्कि बच्चों के शैक्षणिक भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है।



संघ ने यह भी कहा कि यह पूरा मामला सरकारी शिक्षा योजनाओं के आँकड़ों को एक स्थान पर समायोजित दिखाने तथा डिजिटल शिक्षा पोर्टल की प्रविष्टियों से छेड़छाड़ की ओर संकेत करता है, जिससे पूरी शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

उन्होंने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि इस पूरे घटनाक्रम में बाल विकास विद्यालय, देवरिया के कंप्यूटर शिक्षक मनोरंजन कुमार को मानसिक आघात और पेशेवर अपमान का सामना करना पड़ा है, जो एक शिक्षक के आत्मसम्मान पर सीधा प्रहार है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो शिक्षक नियमों का पालन करते हैं, यदि वही अपमानित होंगे, तो शिक्षा व्यवस्था कैसे बचेगी?

श्री पाण्डे ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जाँच, एक ही दिन किए गए सामूहिक निरस्तीकरण आदेश को तत्काल स्थगित, दोषी पदाधिकारियों/कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ-साथ भविष्य में किसी भी विद्यालय, शिक्षक या अभिभावक पर इस प्रकार का दबाव न बने, इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं हुई, तो संघ जिला से लेकर राज्य स्तर तक लोकतांत्रिक एवं कानूनी तरीके से संघर्ष करने को बाध्य होगा।

# सेवानिवृत होमगार्ड की हत्या

## आरोपित पिता-पुत्र गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र के टिकुली गांव में मंगलवार की देर शाम धारदार हथियार से सेवानिवृत्त होमगार्ड की हत्या कर दी गई।

घटना के बाद गांव में दहशत और तनाव का माहौल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपित में पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक की पहचान टिकुली गांव निवासी सेवानिवृत्त होमगार्ड मुद्रिका यादव के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की रात मुद्रिका यादव के दामाद की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। इस संबंध में स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मोटरसाइकिल चोरी को लेकर मंगलवार की शाम पड़ोसी दिनेश यादव के पुत्र नीतीश कुमार से कहासुनी हो गई।

देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और बात हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान नीतीश कुमार ने धारदार हथियार से मुद्रिका यादव पर हमला कर दिया।

गंभीर रूप से घायल मुद्रिका यादव की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मृतक पिछले वर्ष होमगार्ड की सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे।घटना की जानकारी मिलते ही अपर थानाध्यक्ष कमलेश पासवान सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

वहीं जिला मुख्यालय से विधि-व्यवस्था डीएसपी रवि प्रकाश सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं। पुलिस ने हत्या मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नीतीश कुमार एवं उसके पिता दिनेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

विधि-व्यवस्था डीएसपी रवि प्रकाश सिंह का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया गया है। किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# आवास योजना दिलाने के नाम पर दुष्कर्म का प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सुपौल।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्हनी पंचायत में पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर वार्ड सदस्य के पति द्वारा एक महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसके बाद दोनों पक्षों में सोमवार को जमकर मारपीट हुई।

सूत्रों के अनुसार, मल्हनी वार्ड 01 की वार्ड सदस्य के पति मो. जलील रविवार की रात एक महिला के घर पहुंचे। उन्होंने महिला को आवास योजना का लाभ दिलाने का लालच देकर रिश्वत के रूप में 1 हजार रुपए की मांग की। महिला रूपए देने में असमर्थता जाहिर करने पर मो. जलील ने महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए और जलील की जमकर पिटाई कर दी। घटना का वीडियो कुछ लोगों ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

घटना के बाद सोमवार को गांव में पंचायत बुलाई गई। आरोपी वार्ड सदस्य पति को भी बुलाया गया, लेकिन जलील मौके पर नहीं पहुंचे। वहीं सोमवार की शाम दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पड़ोसी मो. तमन्ना आलम ने बताया कि रविवार की रात की घटना में वह भी मौजूद थे। सोमवार की शाम उनके परिवार के लोग डीलर के पास गए, इसी दौरान जलील की पत्नी, बेटी और कुछ अन्य रिश्तेदारों ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। सूचना पर दोनों पक्षों के अन्य लोग भी जुट गए। मारपीट में तमन्ना के भाई मो. तौहीद, मो. तमजीद, उनकी पत्नी शबाना खातून सहित दूसरे पक्ष के मो. सईद और मो. बेचन घायल हुए। सभी का इलाज शहर के एक निजी क्लीनिक में चल रहा है।

पीड़िता ने बताया कि उनके पति मुकबधिर हैं। रविवार की रात करीब 09:30 बजे शराब के नशे में धुत्त मो. जलील उनके आंगन में पहुंचे। उन्होंने बताया कि आवास योजना लाभुकों में उनका भी नाम आया है। पति से बातचीत के दौरान ही जलील महिला के कमरे में घुस कर बिस्तर पर बैठ गए। जब महिला रुपए देने में असमर्थता जताई तो जलील जबरदस्ती करने लगे। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए और जलील को भगाया।

पीड़िता ने सदर थाने में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इसके विपरीत, आरोपी मो. जलील ने आरोपों को निराधार बताया है।

# डायन के आरोप में महिला की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहटा।** थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। डायन के आरोप में एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बचाने दौरे कई स?वजनों को पीटकर अधमरा कर दिया गया।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान हरेंद्र राम की 32 वर्षीय पुत्री जूही देवी के रूप में की गई। सूचना पर दल बल के साथ स्थानीय पुलिस टीम मौके पहुंची।

घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। महिला के शव को पोस्टमार्टम अपने कब्जे में लेकर पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

घटना के बाद गांव में तनाव व्यप्त है। स्वजनों का आरोप है कि गोतिया के बीच चल रहे पुराने विवाद ने अंधविश्वास का खतरनाक रूप ले लिया।

एक दिन पूर्व मंगलवार को पड़ोस में एक बच्चे की मौत हो गई थी। इसके बाद उसके स्वजन जूही देवी पर डायन करने का आरोप लगाने लगे। इसी क्रम में उनलोगों ने अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने ईंट-पत्थर और लोहे की रॉड से महिला को पीटना शुरू कर दिया।

बचाने पहुंची जूही की मां, भाई समेत अन्य पर भी उनलोगों ने हमला कर दिया। बुरी तरह पिटाई से लहूलुहान होकर जूही गिर पड़ी।

आसपास के लोगों और स्वजनों ने किसी तरह बीच-बचाव कर सभी घायलों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण जूही ने दम तोड़ दिया।

महिला की मौत की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी ने मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि शव को पोस्टमार्टम में भेज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# रिश्वत लेते सीबीआई ने पोस्टमैन को किया गिरफ्तार

## ⇨फाइल भेजने के बदले मांगे थे पैसे
## ⇨डाक अधीक्षक अब भी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने सासाराम हेड पोस्ट ऑफिस में बड़ी कार्रवाई की। सीबीआई ने यहां तैनात पोस्टमैन श्रीलाल को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह रिश्वत ग्रामीण डाक सेवक बिट्टू कुमार करवार से उसकी ट्रांसफर फाइल जल्दी दिल्ली भेजने के बदले ली जा रही थी। इस कार्रवाई के बाद पोस्ट ऑफिस के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई है।

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान पोस्टमैन श्रीलाल ने बताया कि वह यह रकम अपने वरिष्ठ अधिकारी डाक अधीक्षक मारुति नंदन के कहने पर ले रहा था। वहीं शिकायतकर्ता बिट्टू कुमार करवार ने बताया कि वह रोहतास प्रमंडल में ग्रामीण डाक सेवक के पद पर कार्यरत थे। प्रमोशन के बाद 29 नवंबर 2025 को भभुआ सब डिवीजन से उन्हें विरमित किया गया था, लेकिन इसकी प्रति उन्हें 30 दिसंबर 2025 को मिली।

बिट्टू कुमार ने बताया कि वह 31 दिसंबर को दिल्ली में योगदान देने पहुंचे, लेकिन वहां पता चला कि उनकी फाइल रोहतास डिवीजन से भेजी ही नहीं गई है। इसी कारण अधिकारियों ने उन्हें वापस लौटा दिया।

दिल्ली से लौटने के बाद बिट्टू कुमार ने डाक अधीक्षक कार्यालय से फाइल भेजने के लिए संपर्क किया, लेकिन लगातार टालमटोल होती रही। इसी बीच 12 जनवरी को डाक अधीक्षक मारुति नंदन के ड्राइवर और पोस्टमैन श्रीलाल ने बिट्टू कुमार को बुलाया और फाइल भेजने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की। बाद में सौदा 30 हजार रुपये में तय हो गया।

रिश्वत की मांग से परेशान होकर बिट्टू कुमार ने सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई में शिकायत दर्ज कराई। योजना के तहत सीबीआई ने जाल बिछाया और 30 हजार रुपये लेते समय पोस्टमैन श्रीलाल को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई ने आरोपी श्रीलाल को गिरफ्तार करने के बाद उसके घर पर भी छापेमारी शुरू कर दी है। वहीं डाक अधीक्षक मारुति नंदन अपने आवास से फरार बताए जा रहे हैं।

# छात्राओं के भोजन में मिला कीड़ा, हुआ बवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** भोजन में कीड़ा पाए जाने को लेकर सोनपुर के एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं ने बुधवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी छात्राएं मेस में मिलने वाले भोजन की निम्न गुणवत्ता और अनियमितता को लेकर रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए पहले अनुमंडलीय चिकित्सालय पहुंचीं।



यहां उन्हें समझाया गया लेकिन वे नहीं मानीं। इसके बाद सड़क पर नारेबाजी करते हुए छात्राओं का जत्था अनुमंडल कार्यालय पहुंचा। यहां छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल से मिला और उचित कार्रवाई की मांग की।

भोजन में कीड़े मिलने और साफ-सफाई का अभाव होने का आरोप लगाया कि ट्रेनिंग सेंटर के मेस में उन्हें जो भोजन दिया जा रहा है, वह स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद असुरक्षित है। छात्राओं का कहना थाना कि एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में जीविका दीदियों के स्तर से उन्हें भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसका उनसे निर्धारित शुल्क लिया जाता है। छात्राओं का कहना है कि दाल और सब्जी में अक्सर कीड़े मिलते हैं और रोटियां भी सही नही दी जाती हैं। बार-बार मेस संचालक से शिकायत करने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

एक छात्रा ने बताया कि हमें पौष्टिक आहार की जरूरत है, लेकिन यहां जो खाना मिल रहा है उससे हम बीमार पड़ रहे हैं। साफ-सफाई का भी कोई ध्यान नहीं रखा जाता।

छात्राओं की शिकायतों को सुनने के बाद एसडीओ ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तुरंत मेस के खाने की जांच कराने का आश्वासन दिया। एसडीओ ने छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भोजन के सैंपल की जांच कराई जाएगी और यदि मेस संचालक दोषी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी।

छात्राओं का आरोप है कि हॉस्टल में रहने और खाने के नाम पर उनसे शुल्क तो लिया जाता है लेकिन बदले में बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिलती। फिलहाल, प्रशासन के आश्वासन के बाद छात्राओं ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। वहीं इस मामले में जीविका दीदी का कहना है कि जब रुपया देने का समय आता है तो इस तरह का आरोप लगाया जाता है।

एसडीओ स्निग्धा नेहा ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर जीविका को भी डांट-फटकार लगाई गई है और छात्राओं को कहा गया है कि वे लोग एक टीम बनाकर प्रतिदिन भोजन की जांच स्वयं करें।

# पुलिस वाहन और तेल टैंकर के बीच हुई भीषण टक्कर

## तीन पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में एक गंभीर सड़क हादसा सोमवार तड़के हुआ, जिसमें पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी एक तेज रफ्तार तेल टैंकर से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। हादसा जिले के मुख्य मार्ग पर हुआ, जिससे इलाके में हड़कम्प मच गया। पुलिस के अनुसार घटना सुबह के पहले पहर में हुई जब बेगूसराय पुलिस की गश्ती कार पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे एक भारी तेल टैंकर से अचानक भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पुलिस वाहन पलट गया और गाड़ी में सवार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार चल रहा है।

हादसे में घायल तीनों पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर बताई गई है। अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत उपचार शुरू कर दिया है और उनकी हालत पर नजर बनी हुई है। जिला प्रशासन ने भी घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त मेडिकल सहायता और बचाव दल को तैनात किया है। मामले की आगे की जानकारी के लिए अस्पताल परिसर में पुलिस अधिकारी मौजूद हैं।

बेगूसराय पुलिस ने हादसे के सिलसिले में तत्काल जांच शुरू कर दी है। शुरूआती रिपोर्ट के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि तेल टैंकर की तेज रफ्तार और सड़क पर नियंत्रण में कमी इस हादसे का मुख्य कारण हो सकता है। हालांकि पुलिस यह भी जांच रही है कि क्या दोनों वाहनों की गति और मार्ग की स्थिति हादसे के लिए जिम्मेदार थी या सामूहिक लापरवाही शामिल थी। पुलिस प्रशासन कह रहा है कि दुर्घटना के सभी पहलुओं को जांच में लिया जाएगा।

इस सड़क दुर्घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुटने लगे। कई वाहन चालक और राहगीर भी हादसे के कारण बने ट्रैफिक जाम से परेशान दिखे। पुलिस ने हालात को नियंत्रण में रखने के लिए मार्ग पर तैनाती बढ़ा दी और ट्रैफिक को सुचारु रूप से चलाने के प्रयास किए गए। कई लोगों ने बताया कि सुबह के समय अचानक हुई इस टक्कर ने सभी को चौंका दिया। विभिन्न सामाजिक प्लेटफॉर्म पर भी इस घटना को लेकर चिंता और प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

बेगूसराय में सड़क दुर्घटनाओं की यह एकमात्र घटना नहीं है। जिले में पहले भी वाहनों की टक्कर और सड़क हादसों की रिपोर्टें सामने आ चुकी हैं, जिनमें कई लोगों को चोटें आईं या जान गंवानी पड़ी। ऐसे में स्थानीय प्रशासन सड़क सुरक्षा उपायों और निगरानी बढ़ाने के लिए बार-बार निर्देश जारी करता रहा है, ताकि हादसों की संख्या को कम किया जा सके।

घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा है कि वे घायल पुलिसकर्मियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने और तकनीकी साधनों से निगरानी बढ़ाने के उपायों पर भी काम तेज करने का आश्वासन दिया है। क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की गई है कि वे भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और ऐसे हादसों को रोकने में सहयोग दें। यह हादसा एक बार फिर यह सवाल उठाता है कि सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की गति नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि सुरक्षा बलों और आम नागरिकों की जान जोखिम में न पड़े।

# कैबिनेट का बड़ा फैसला : पौधा संरक्षण संवर्ग का विस्तार

## पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक एवं निरीक्षक पदों का पुनर्गठन स्वीकृत : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि राज्य में कृषि सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं किसानोन्मुखी बनाने की दिशा में बिहार सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कृषि विभाग, बिहार के अधीन बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-5 (पौधा संरक्षण) संवर्ग के अंतर्गत पदों के पुनर्गठन एवं अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) से प्राप्त हो गई है। मंत्री ने बताया कि इस निर्णय के तहत



बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-5 (पौधा संरक्षण) संवर्ग अन्तर्गत पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक के 194 पद एवं पौधा संरक्षण निरीक्षक के 99 पद अर्थात कुल 293 अतिरिक्त पदों का सृजन कर पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक के कुल 534 पद एवं पौधा संरक्षण निरीक्षक के कुल 160 पद अर्थात कुल 694 पदों के पुनर्गठन /सृजन की स्वीकृति दी गई है। कृषि मंत्री ने कहा कि यह निर्णय राज्य के किसानों के हित में एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी कदम है। पौधा संरक्षण सेवाओं के सुदृढ़ होने से कीट-रोग प्रबंधन, फसल सुरक्षा, उत्पादन लागत में कमी तथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके माध्यम से किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने आगे कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य एवं कीट-रोगों की बढ़ती चुनौतियों के बीच पौधा संरक्षण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। नई नियुक्तियों एवं पदों के सृजन से जिला एवं प्रखंड स्तर पर विभागीय कार्यों की गति तेज होगी तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होगा। कृषि मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार किसानों की आय वृद्धि, टिकाऊ कृषि, आधुनिक तकनीकों के प्रसार एवं कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पौधा संरक्षण संवर्ग के सुदृढ़ीकरण से न केवल कृषि व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। अंत में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार आत्मनिर्भर किसान एवं समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने हेतु कृषि क्षेत्र में आवश्यक संरचनात्मक सुधार एवं मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सभापति अवधेश नारायण सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से किया विचार-विमर्श



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद् की शिक्षा समिति के सदस्यों के साथ शिक्षकों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से विचार-विमर्श किया। उक्त बैठक में बिहार विधान परिषद् के सदस्य संजय कुमार सिंह, मदन मोहन झा, नवल किशोर यादव, वीरेंद्र नारायण यादव एवं निवेदिता सिंह उपस्थित थे।

## धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

### धान अधिप्राप्ति सफलतापूर्वक करें, किसान को धान बिक्री करने में कोई कठिनाई न हो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. की अध्यक्षता में जिला अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें खरीफ विपणन मौसम, 2025-26 में विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान अधिप्राप्ति में प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हेतु अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही क्रय किए गए धान के विरूद्ध सभी किसानों को 48 घंटे के अंदर भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सरकार के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने का निदेश दिया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना द्वारा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अनुसार पटना जिला में कुल चयनित पैक्सों, व्यापारमंडल की संख्या 268 है जिसमें 256 पैक्स तथा 12 व्यापारमंडल शामिल है। अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान की बिक्री हेतु अब तक 57,523 किसानों द्वारा ऑनलाइन निबंधन किया गया है जिसमें 25,852 रैयत एवं 31,671 गैर रैयत है। जिला का धान उत्पादन 7,17,732.30 मे.टन है। नमी मापक यंत्र की संख्या 268 तथा बैंक से कैश क्रेडिट स्वीकृति राशि 161.206 करोड़ रुपया है। अब तक कुल 267 सक्रिय समितियों के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकृत कुल 9,802 किसानों से 57,796.526 मे. टन धान क्रय किया गया है। विगत वर्ष 13.01.2025 तक 8,270 किसानों से धान खरीदा गया था। जिलाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति की अच्छी स्थिति पर हर्ष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निदेश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप कार्य में लगातार गति बनाए रखें। समीक्षा में यह भी पाया गया कि क्रय किए गए धान का मूल्य 2,369 प्लस 25 रुपया प्रति क्विंटल की दर से कुल भुगतेय राशि 1,38,36,48,832.44 रुपये के विरूद्ध 7,946 किसानों को 1,15,79,66,069.40 रुपये भुगतान किया गया है।

## पुलिस ने जब्त की कार व ऑटो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाले दो लोगों को नया भोजपुर की पुलिस ने दबोच लिया है। यह कार्रवाई मंगलवार 13 जनवरी को हुई। आज बुधवार को इसकी जानकारी एसपी शुभम आर्य ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया बरामद गांजा की मात्रा 22 किलो है। इस आरोप में अखिलेश कुमार यादव पिता विद्यासागर यादव व हरेन्द्र माली पिता चना लाल माली (दोनों निवासी दुद्धी पट्टी, सिमरी) को गिरफ्तार किया गया है। बकौल एसपी मंगलवार को गुप्त सूचना मिली। नया भोजपुर पुल के नीचे सफ़ेद रंग की हुंडई कार से गांजा उतारकर आटो रिक्शा में लोड किया जा रहा है।

## सुप्रजा, वयोमित्र और आयुर्विद्या से संवरेगी प्रदेश की सेहत : मंगल

### ▸ योग, आयुर्वेद और विशिष्ट चिकित्सा पर जोर ▸ गांव-गांव पहुंचेगी मोबाइल मेडिकल यूनिट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य आयुष समिति ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए एक मेगा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। इसके तहत राज्य आयुष समिति, प्रदेश में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए पांच बड़े विशेष कार्यक्रमों सुप्रजा, मोबाइल मेडिकल यूनिट, वयोमित्र, आयुर्विद्या और फाइलेरिया कार्यक्रम का संचालन करेगी। कार्यक्रम के क्रियान्वयन में योग, आयुर्वेद और विशिष्ट चिकित्सा पर जोर दिया जाएगा। वहीं इस कार्यक्रम के तहत राज्य के



सुदूर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों तक विशिष्ट चिकित्साएं पहुंचाई जा सकेंगी। श्री पांडेय ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए 'सुप्रजा' कार्यक्रम को पटना, दरभंगा, बक्सर, भागलपुर और बेगूसराय के राजकीय आयुर्वेदिक एवं तिब्बी कॉलेजों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। साथ ही राज्य के बुजुर्गों को वृद्धावस्था की बीमारियों से राहत देने के लिए जिला स्तर पर 'वयोमित्र' शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ताकि आयुष चिकित्सा की पहुंच सीधे आम जनता तक सुनिश्चित हो सके। स्वास्थ्य सुविधाओं को समावेशी बनाते हुए विभाग ने आदिवासी क्षेत्रों और स्कूलों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। रोहतास, भोजपुर, पूर्णिया, मुंगेर, कटिहार, भागलपुर और पश्चिम चंपारण जैसे जिलों में 'मोबाइल मेडिकल यूनिट' के जरिए सुगम उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने के लिए 'आयुर्विद्या' कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसके तहत राज्य के विद्यालयों में योग की जानकारी के माध्यम से जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए 'फाइलेरिया कार्यक्रम' को भी इस मिशन में प्रमुखता दी गई है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए पटना, दरभंगा, बक्सर और भागलपुर के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेजों के साथ-साथ समस्तीपुर और नालंदा जिलों में विशेष यूनिट्स की स्थापना किया जाएगा। इन समन्वित प्रयासों का उद्देश्य राज्य के हर नागरिक को उनके क्षेत्र में ही आयुष पद्धति के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण और किफायती इलाज मुहैया कराना है।

## रोजगार आजीविका मिशन के लिए कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** भारतीय जनता पार्टी अरवल जिला कार्यालय में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन के विस्तृत जानकारी के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यशाला में विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह ने बताया कि पहले जो मनरेगा था या जवाहर रोजगार योजना के माध्यम से जो कम चलता था, उसमें काफी भ्रष्टाचार था। भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ था। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में अब नया बिल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन सहायक साबित होगा।

### मकर संक्रांति पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'कार्यकर्ता मिलन समारोह सह दही-चूड़ा भोज' में शामिल हुए नेता और कार्यकर्ता

## मकर संक्रांति आत्मबल और सकारात्मक सोच की परिचायक : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय परिसर में मकर संक्रांति के पावन पर्व के मौके पर किसान मोर्चा के तत्वावधान में कार्यकर्ता मिलन समारोह सह दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया। इस भोज में प्रदेश के वरिष्ठ नेता से लेकर तमाम जिलों के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मकर संक्रांति और दही-चूड़ा भोज को सांस्कृतिक परंपरा, समरसता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व संगठन की जड़ों से जुड़े



कार्यकर्ताओं के मन में एकता, आत्मीयता और नवऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह, संगठनात्मक एकजुटता और सामाजिक समरसता ही भाजपा की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति को सूर्य देव के उत्तरायण होने और प्रकृति में नई ऊर्जा के संचार का पर्व बताया। उन्होंने कहा कि यह दिन शुभ परिवर्तन, आत्मबल और सकारात्मक सोच का प्रतीक है और प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों का संचार करता है। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश और देशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तरोत्तर प्रगति लेकर आए। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी इस मौके पर प्रदेश कार्यालय पहुंचे और भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि बिहार में मकर संक्रांति के दिन दही-चूड़ा का भोज लोक-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। मकर संक्रांति पर सात्विक भोजन करने का विधान है, इसलिए बिहार में मकर संक्रांति के दिन दही-चूड़ा खाने की प्रधानता है। इस शानदार आयोजन के लिए उन्होंने किसान मोर्चा की तारीफ की। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस पावन मौके पर कहा कि यह पर्व स्नान, दान, दया, धर्म और कर्तव्यपरायणता के प्रतीक है। उन्होंने उत्तरायण पर्व मकर संक्रांति की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए भगवान भास्कर से बिहार के लोगों के जीवन में स्वास्थ्य, समृद्धि, प्रकाश और नई ऊर्जा का संचार होने की कामना की। दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, मंत्री मंगल पांडेय, दिलीप जायसवाल, रामकृपाल यादव, अरुण शंकर, संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसनिया, विधायक संजीव चौरसिया सहित प्रदेश के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दशरथ मांझी श्रम कौशल विकास केंद्र, पटना में जेम एक्सीलेंस इवेंट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत सरकार का गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जेम)16 जनवरी 2026 को दशरथ मांझी श्रम कौशल विकास केंद्र, पटना में एकदिवसीय जेम एक्सीलेंस इवेंट का आयोजन करने जा रहा है।

जेम देश का एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक खरीद मंच है जिसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त संस्थाओं तथा पंचायतों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की जाती है। पारदर्शिता, दक्षता और समावेशन जेम के मूल सिद्धांत हैं।

वर्तमान में जेम पर देश भर में 24 लाख से अधिक विक्रेता पंजीकृत हैं। इस क्रम में अकेले बिहार से ही 54 हजार से अधिक विक्रेता जेम से जुड़े हुए हैं। जेम ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सीधे सरकारी खरीदारों से जोड़कर सार्वजनिक खरीद प्रणाली में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाया है। जेम एक्सिलेंस इवेंट के हिस्से के तौर पर दोपहर 3 बजे जेम सेलर संवाद भी होगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए जेम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिहिर कुमार ने बताया कि जेम केवल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि यह सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जेम का उद्देश्य बिहार राज्य के उद्यमियों को पारदर्शी और समान अवसरों के माध्यम से राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद व्यवस्था से जोड़ना है। ताकि स्थानीय उद्यम देश के विकास में सक्रिय भागीदार बन सकें। कार्यक्रम में मिहिर कुमार सहित जेम के वरिष्ठ अधिकारी बिहार के विक्रेताओं से सीधा संवाद करेंगे।

## प्रवीण बागी सहित पांच विशिष्ट व्यक्तियों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रसिद्ध कानूनविद और स्वतंत्रता सेनानी ब्रजकिशोर प्रसाद की 150 वीं जयंती पर आयोजित सम्मान समारोह में पत्रकार प्रवीण बागी सहित पांच विशिष्ट व्यक्तियों को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उनके उल्लखनीय योगदान के लिए बुधवार को सम्मानित किया गया। पटना के ऐतिहासिक ब्रजकिशोर स्मारक प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पटना मेडिकल कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष और प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ निगम प्रकाश नारायण ने सभी विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया। प्रवीण बागी को पत्रकारिता, डॉ. इम्तियाज अहमद को समाज विज्ञान, अरुण कमल को साहित्य, सुजाता मिश्रा को कला संस्कृति और चक्रवर्ती अशोक प्रियदर्शी को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया



गया है। 40 वर्षों से पत्रकारिता कर रहे प्रवीण बागी नवभारत टाइम्स और ईटीवी जैसे कई अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रमुख पदों पर रहे हैं। इतिहास के प्रोफेसर श्री अहमद कई इतिहास की प्रमुख पुस्तकों और शोधपत्रों के लेखक हैं और लम्बे समय तक खुदाबख्श लाइब्रेरी के निदेशक रहे हैं। प्रो. अरुण कमल पटना विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक रहे हैं और देश के प्रबुद्ध हिंदी कवियों में उनकी गिनती की जाती हैं। उन्हें 1998 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और भारत भूषण अग्रवाल जैसे कई बड़े पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। सुजाता मिश्रा मिथिला चित्रकारी, गोदना शैली के लिए प्रमुख रूप से जानी जाती हैं। चक्रवर्ती अशोक प्रियदर्शी पांच दशकों से समाजसेवा के क्षेत्र में खासकर गया के आसपास भूमिहीनों के कल्याण के लिये काम करते रहे हैं। सम्मान समारोह के दौरान राष्ट्रगान प्रस्तुत करने वाले कमला नेहरू शिशु विहार और अघोर कामिनी विद्यालय के बच्चों को सम्मानित किया गया।

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन कैंसर जागरूकता के लिए मुंबई मैराथन में उतारेगा 1500 कर्मचारियों की टीम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एचडीएफसी बैंक अपने सीएसआर प्रोग्राम परिवर्तन के जरिए कैंसर जागरूकता और जल्दी पता लगाने में मदद करने के लिए 18 जनवरी को होने वाले टाटा मुंबई मैराथन 2026 में हिस्सा लेने के लिए लगभग 1500 कर्मचारियों को जुटाएगा। बैंक ने इंडियन कैंसर सोसाइटी के साथ पार्टनरशिप की है जो भारत का सबसे पुराना नॉन-प्रॉफिट संगठन है जो कैंसर की देखभाल के लिए समर्पित है। यह सहयोग 18 जनवरी को होने बैंक परिवर्तन की सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। मैराथन के हिस्से के रूप में आईसीएस 100 से ज्यादा धावकों की एक टीम भी उतारेगा जिसमें युवा कैंसर सर्वाइवर और आईसीएस कर्मचारी शामिल हैं। मैराथन के बारे में बात करते हुए एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहा कि हम एक ऐसे मकसद के लिए दौड़ रहे हैं जो किसी न किसी तरह से हर परिवार को छूता है। एक बैंक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी फाइनेंशियल सर्विसेज से बढ़कर उन समुदायों की भलाई तक फैली हुई है जिनकी हम सेवा करते हैं। इस पार्टनरशिप पर कमेंट करते हुए इंडियन कैंसर सोसाइटी की सेक्रेटरी और मैनेजिंग ट्रस्टी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की पूर्व डिप्टी गवर्नर उषा थोराट ने कहा कि हम एचडीएफसी बैंक के अटूट समर्थन और कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इतने बड़े कर्मचारियों के समूह को एक साथ लाने के लिए उनके आभारी हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री विन्देश्वरी दुबे की जयंती मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. विन्देश्वरी दूबे की 103 वीं जयंती बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में मनायी गयी।

इस अवसर पर स्व. बिन्देश्वरी दूबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजेश राम ने कहा कि स्व. दूबे बिहार राज्य के ही नहीं बल्कि देश के बड़े श्रमिक नेता थे। स्व. दूबे के अथक प्रयास से कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया गया जिसके कारण कोयला खदानों के मजदूरों की आर्थिक स्थिति में बड़ा परिवर्तन आया। उन्होंने कहा कि वे लोकप्रिय मुख्यमंत्री थे तथा राज्य सरकार में भी दबे, कुचले, पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक के विकास के लिये कई योजनाएं चलायी। उन्होंने कहा कि दूबे जी कार्यकर्ताओं का बड़ा




सम्मान करते थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश पाण्डेय, अरविन्द लाल रजक, मनोज शर्मा, डा. संजय यादव, मृणाल अनामय, रंजीत कुमार बाल्मीकी, स्व. बिन्देश्वरी दूबे के नाती राकेश चौबे, नतिनी शोभा चौबे, संगीता पाण्डेय, साई विभूति, विनय कृष्ण त्रिपाठी, नदीम अंसारी, चन्द्रभूषण राजपूत, दिलीप कुमार, गुड्डू पासवान, मेनका कुमारी, डा. अविनाश कुमार अविनाश, रमाशंकर पाण्डेय, अमन कुमार, श्रीनन्दन मंडल सहित अन्य कांग्रेसजन स्व बिंदेश्वरी दूबे के चित्र पर माल्यार्पण किए।

## श्री अरविंद महिला कॉलेज के इंटर्न को मिला प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के श्री अरविंद महिला कॉलेज के प्रेम यूथ फाउंडेशन में इंटरशिप कर रहे इंटर्न को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर उपस्थित एनजीओ हेल्पलाइन के निर्देशक सीए संजय कुमार झा ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए इन्टरशिप अनिवार्य किया गया। यह छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। अब समय आ गया है कि मैकॉले शिक्षा पद्धति को जड़ से समाप्त किया जाए। वहीं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है। इंटरशिप कार्यक्रम में इंटर्न को जीवन कौशल युवा नेता नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास जलवायु परिवर्तन साइबर सुरक्षा आपदा प्रबन्धन की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इंटर्न को श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र गांधी संग्रहालय प्राणी सर्वक्षण विभाग साइबर थाना का विजिट कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 को साकार करने में युवाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** सरस्वती पूजा के मद्देनजर थाना परिसर में अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि सरस्वती पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सभी पूजा समितियों को हर हाल में लाइसेंस लेना है। साथ ही विसर्जन में डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी पूजा समितियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना होगा। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, पूजा समितियों के सदस्य के साथ ही दर्जनों प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद ने मानवमात्र की सेवा करने का दिया उपदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वामी विवेकानंद भारतीय नवजागरण के अग्रदूत थे। उनका कहना था कि लक्ष्य की प्राप्ति तक प्रयत्नशील रहना चाहिए। वे राष्ट्रीय चेतना के प्रेरणापुरुष माने जाते हैं। भारत ही विश्वगुरु बनने की क्षमता रखता है। उन्होंने आजीवन शान्ति और विश्वबन्धुत्व की स्थापना के लिए प्रयास किया। ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं सदस्य (प्रशासकीय) राज्यलोक सेवा न्यायाधीकरण, उत्तर प्रदेश के डा. अनिल कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह के उद्घाटन करते हुए कहा। यह समारोह संस्कृत सम्भाषण शिविर में अन्तर्जालीय आयोजित हुआ। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद भावी पीढ़ी के लिए चार ग्रन्थ लिखे -ज्ञान योग, भक्ति योग, कर्म योग और राजयोग। उन्होंने ईश्वर की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति के रूप में मानवमात्र की सेवा करने का उपदेश दिया। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका एवं गंगादेवी महिला महाविद्यालय की संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रो रागिनी वर्मा, एल एम टी महाविद्यालय सहरसा के संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ दीप्ति कुमारी, गंगादेवी महिला महाविद्यालय पटना के वरीय संस्कृत आचार्या डॉ बिधुबाला, केशव महंथ शरण संस्कृत महाविद्यालय फतुहा की डा नीरा कुमारी, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, डॉ रागनी कुमारी, अदिति चोला, रामनाथ पाण्डेय, राहुल कुमार, तारा विश्वकर्मा, मुरलीधर शुक्ल, दयानी शारदेय, जगजीवन विश्वकर्मा, डॉ सुशील कुमार, विकास कुमार आदि वक्ताओं ने भी विस्तार से स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आग्रह किया।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में मुकेश कुमार, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 5 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए।

CMYK

## संपादकीय

# एसआईआर पर बढ़ता विवाद, व्यवस्था के कठघरे में खड़े हो गए मतदाता

नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को नोटिस भेजे जाने पर पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया एक बार फिर विवादों में है। गौरतलब है कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को दुरुस्त करना था। आरोप लग रहे हैं कि इसमें मतदाताओं को ही उलझा दिया गया है।अब न तो मानवीय संवेदना का ध्यान रखा जा रहा है और न ही मर्यादा का। यहां तक कि प्रशासनिक जवाबदेही तक नजर नहीं आती। कुछ समय पहले एसआइआर से संबंधित सुनवाई के लिए बीमार और बुजुर्ग मतदाताओं को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के लिए कहा गया। जब इसकी शिकायत होने लगी, तो जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांग मतदाताओं को सुनवाई के लिए न बुलाया जाए और उनके आवास पर ही सत्यापन किया जाए। मतदाता सूची को दुरुस्त करने के दौरान जो प्रक्रिया अपनाई गई उससे मतदाताओं को खासी परेशानी हुई। यह सिलसिला थमा ही था कि अब चुनाव आयोग ने अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को नोटिस जारी कर दिया। कहा गया कि सेन की ओर से प्रस्तुत प्रपत्र में विसंगतियां पाई गई हैं। आयोग का तर्क है कि उनके और उनकी माता अमिता सेन की उम्र में 15 साल से भी कम अंतर है- ऐसा कैसे संभव है।सवाल यह है कि पर्यवेक्षण के दौरान भरे गए उनके प्रपत्र में आखिर किस स्तर पर गलती हुई। पश्चिम बंगाल में वर्ष 2002 की मतदाता सूची को आधार बनाया गया है। उस सूची में अमिता सेन की उम्र 88 वर्ष दर्ज है। इस बार की मसविदा सूची में अमर्त्य सेन की उम्र 92 वर्ष लिखी गई है। आशय यह कि वे 2002 में 69 साल के थे। इस नाते उनकी और उनकी मां की उम्र में 19 साल का फर्क है।सवाल यह है कि 2002 की सूची से इतर आंकड़ा किस स्तर पर प्रपत्र में भरा गया? अमेरिका में रह रहे अमर्त्य सेन को शांति निकेतन स्थित उनके आवास पर नोटिस भेजा गया है। उन्हें अब अपनी मां से संबंधित दस्तावेज पेश करने होंगे, ताकि मतदाता सूची में उनका नाम बरकरार रह सके। अगर वैश्विक पहचान रखने वाले अमर्त्य सेन के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाएगा, तो फिर आम मतदाताओं की कौन सुनेगा?

# लक्षद्वीप में बढ़ते पर्यटन के साथ गहरा होता कचरा संकट

**लक्षद्वीप में कचरे का संकट दिन-ब-दिन गंभीर होता जा रहा है। सामुदायिक कूड़ेदान हटा दिए गए हैं और अब कचरा समुद्र के पास खुले डंपिंग यार्ड में जमा किया जा रहा है। पर्यटकों की संख्या में उछाल, प्लास्टिक का बढ़ता इस्तेमाल और समुचित योजना नहीं होने से कचरा निपटान की समस्या और गंभीर बन गई है जिसका असर समुद्र तट, लैगून और निवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी पर दिख रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण अब मछलियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है। इस समस्या के लिए स्थानीय लोग प्रशासनिक नाकामियों और लचर कचरा-प्रबंधन प्रणाली को जिम्मेदार ठहराते हैं।**

**दिनेश जसौंदी**

लक्षद्वीप प्रशासन ने साल 202× में द्वीप की जैव-विविधता को फिर से बहाल करने के तौर-तरीकों पर एक प्रतियोगिता आयोजित की थी। इसमें पुरस्कार जीतने वाली लघु फिल्म ने लोगों को इधर-उधर कचरा फेंकने की बजाए सामुदायिक कूड़ेदान का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया था।

दो साल बाद, एक अन्य वीडियो में दिखाया गया कि ये सामुदायिक कूड़ेदान हटा दिए गए हैं। वीडियो पोस्ट करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सबिथ पी.के. ने कहा, यह विडंबना लक्षद्वीप में कचरा प्रबंधन से जुड़े संकट को दिखाती है।

लक्षद्वीप की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार भारत का यह सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश ×6 द्वीपों से मिलकर बना है। इनमें से 10 द्वीपों पर आबादी है। पिछले कुछ सालों में, अरब सागर में स्थित चागोस रिज का हिस्सा रहे इस द्वीपसमूह के कई द्वीप निजी कंपनियों को पट्टे पर दिए गए हैं। उदाहरण के तौर पर, सुहेली द्वीप को लैगून विला के लिए एक निजी होटल को पट्टे पर दिया गया है। वहीं निर्जन द्वीप बंजरम और थिन्नकारा को रिसॉर्ट पर्यटन के लिए पट्टे पर दिया गया है।

सबिथ कहते हैं कि लक्षद्वीप में कचरा निपटान की लचर व्यवस्था सबसे तात्कालिक समस्या बन गई है। यहां जमीन सीमित है और लगभग सभी चीजें मुख्य भूमि से प्लास्टिक और दूसरे नॉन-बायोडिग्रेडेबल चीजों में लपेटकर लाई जाती हैं। सबिथ राजनीतिक और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए छोटे वीडियो और व्लॉग का इस्तेमाल करते हैं।

दिसंबर 2020 में प्रफुल्ल पटेल के केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक के तौर पर कार्यभार संभालने से पहले, लक्षद्वीप में कचरा इकट्ठा करने की व्यवस्था बहुत पुरानी थी। पर्यावरण और वन विभाग के तहत काम करने वाले सफाई कर्मचारी सभी 10 आबाद द्वीपों में कचरा इकट्ठा करते थे। इकट्ठा किए गए कचरे को हर द्वीप पर कचरा रखने वाले मुख्य स्थल में ले जाया जाता था जो स्थानीय निवासियों से लीज पर ली गई जगहों पर बने थे। यहां कचरे को छांटा जाता था। जो कचरा रीसायकल नहीं हो पाता था, उसे अनुबंध वाले खरीदारों के जरिए मुख्य भूमि पर वापस भेज दिया जाता था, जबकि डायपर और सैनिटरी नैपकिन जैसी चीजों को स्थानीय स्तर पर जला दिया जाता था, क्योंकि उन्हें वापस लेने से इनकार कर दिया जाता था।

फिर 2021 में सामुदायिक कूड़ेदानों में जमा होने वाले कचरे का प्रबंधन करने के लिए निविदा सूचना जारी की गई, जिसमें बताया गया कि दस आबाद द्वीपों पर कुल ×,7×7 कूड़ेदान लगाए गए थे और इनसे हर दिन लगभग 12 टन प्लास्टिक/ठोस कचरा निकलता था। पूर्व में सफाईकर्मी रह चुके हबीब के अनुसार यह व्यवस्था भी खामियों से भरी थी। उन्होंने कहा, तब भी कचरा अलग-अलग करने की प्रक्रिया में दिक्कतें आती थी। वेंडर अक्सर डायपर या सैनिटरी पैड जैसी चीजों को मुख्य भूमि पर भेजने से इनकार कर देते थे। जिस कचरे को वे ले जाने के लिए तैयार होते थे, उसमें भी परिवहन संबंधी दिक्कतों के कारण देरी होती थी। पिछले चार सालों से लक्षद्वीप से कोई कचरा बाहर नहीं भेजा गया है। सभी कचरा डिपो में इंसीनेरेटर लगाए गए थे, लेकिन पिछले आठ सालों से ये सभी बंद पड़े हैं।

हबीब उन ×,500 कर्मचारियों में शामिल थे जिन्हें मार्च 2022 में बड़े पैमाने पर नौकरी से निकाल दिया गया था। अब वह नारियल के बागानों में काम करते हैं और अपने कई पुराने साथियों की तरह मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। कर्मचारियों को निकाले जाने के बाद पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने 2021 में कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंप दीं। दो दशक पहले भी यही व्यवस्था थी। हालांकि, कचरा उठाने के काम को ठेका पर देने की नाकाम कोशिश के बाद, पंचायतों ने सड़कों से सामुदायिक कूड़ेदान हटा दिए। किल्टन में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता महदा हुसैन ने कहा, अब हफ्ते में सिर्फ एक बार एक गाड़ी घरों से कचरा इकट्ठा करती है और इसे बिना अलग किए कचरा डिपो में डाल देती है। शुरुआती स्तर पर कचरा अलग-अलग नहीं किए जाने की वजह से ष्टत्रष्ठ डंपिंग यार्ड बन गया है, जिसका पारिस्थितिकी पर गंभीर दुष्प्रभाव हो रहा है। कभी-कभी तो कचरे के ढेर में आग लग जाती है, जिससे नुकसान बड़ा हो जाता है।

पिछले साल जुलाई में, हुसैन ने ष्टत्रष्ठ में लगी आग के बाद पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में शिकायत की थी। मंत्रालय ने इसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और लक्षद्वीप प्रदूषण नियंत्रण समिति को भेज दिया था।

पहले चेतलत में रहने वाली और अब मिनिकॉय की फातिमा कुरैशा ने कहा कि मंत्रालय के सख्त निर्देशों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कचरे का ढेर बड़ा होता जा रहा है और इससे कचरा समुद्र में जा रहा है, क्योंकि यार्ड तट के पास है।

कचरा प्रबंधन व्यवस्था के नाकाम होने के साथ ही द्वीपों पर बड़ा बदलाव भी हुआ है- पर्यटन में जबरदस्त तेजी आई है। पर्यटकों की संख्या में इस तेजी से पहले से ही खराब सिस्टम पर और दबाव बढ़ा दिया है।

हाल के सालों में, लक्षद्वीप में सैलानियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अप्रैल से जून 2024 के बीच द्वीपों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में साल-दर-साल के हिसाब से 107 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। 2024 में इस अवधि के दौरान 22,990 सैलानी आए, जबकि 202× में इसी अवधि में यह तादात 11,074 थी। ट्रैवल प्लेटफॉर्म मेक माय ट्रिप ने भी लक्षद्वीप के लिए ऑनलाइन सर्च में ×,400 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जानकारी दी है। आगत्ती के एक टूर ऑपरेटर ने सरकार की कार्रवाई के डर से नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, आम धारणा यह है कि लक्षद्वीप में कचरे का संकट पर्यटन की वजह से और बढ़ गया है, लेकिन यह अकेला कारण नहीं है। उन्होंने कहा, बंगाराम को छोड़कर, 2000 के दशक तक लक्षद्वीप में पर्यटन सीमित था। हाल के सालों में इसमें तेजी आई है, क्योंकि भारत सरकार इन द्वीपों पर पर्यटन को बढ़ाना चाहती है। भारत और मालदीव के बीच कूटनीति तनाव के दौरान 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लक्षद्वीप का दौरा किया था। लेकिन यह बढ़ोतरी बिना किसी योजना या तैयारी के हुई। अकेले आगत्ती के दक्षिणी हिस्से में कम से कम 89 रिसॉर्ट और कमरे हैं। हर फैसिलिटी को हर कमरे में रोजाना कम से कम दो बोतलबंद पानी देना होता है। इसका मतलब है कि हर दिन सैकड़ों सिंगल-यूज बोतलें फेंकी जाती हैं। फिर भी, यहां बोतल क्रशर नहीं हैं और ना ही कचरा फेंकने के लिए कोई तय जगह है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार हर सैलानी से प्रतिदिन 200 की हेरिटेज फीस लेती है, लेकिन उनका दावा है कि इस रकम का आज तक इस्तेमाल नहीं किया गया है। आगत्ती के एक मछुआरे मुहम्मद शाहजहां ने कहा, गैर-सरकारी या स्थानीय क्लब कभी-कभी बीच की सफाई करते हैं और इसके अलावा कोई व्यवस्था काम नहीं कर रही है। मछुआरे होने के नाते, हम अक्सर तटों के किनारे से कचरा उठाते हैं, लेकिन सामुदायिक कूड़ेदान नहीं होने से यह भी मुश्किल हो जाता है। कवरत्ती के गोताखोर समीर अमन ने कहा, पानी के अंदर हर जगह डाइपर पड़े हैं। पर्यटन बढ़ने से पहले भी, गोताखोर बिना सोचे-समझे कचरा फेंकने और कचरा प्रबंधन में खामियों की शिकायत करते थे। हम इसे द्वीपों में अपनी गोताखोरी के दौरान सबसे पहले देखते हैं। हम अपनी तरफ से सफाई करने की पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन अब हालात से निपटने के लिए बड़ी, संगठित कोशिश की जरूरत है। पिछले कुछ दशकों में पर्यटन के अलावा मछली पालन सेक्टर भी तेजी से बढ़ा है। मछली का उत्पादन 1950 के दशक में लगभग 500 टन से बढ़कर 2024-25 में 16,891 मीट्रिक टन हो गया है। तटों पर प्लास्टिक की मौजूदगी पर साल 2020 में किए गए एक अध्ययन में यह नतीजा निकला कि लक्षद्वीप में प्लास्टिक प्रदूषण की दो मुख्य वजहें मछली पकड़ना और पर्यटन हैं। अब, तेजी से पर्यटन बढ़ने और कचरे की बढ़ती मात्रा का असर मछली पालन पर भी पड़ने लगा है। लक्षद्वीप में रहने वाले समुद्री सामाजिक-पारिस्थितिकी के अध्येता जॉन एडम ने कहा, पिछले कुछ सालों में, पर्यटन की वजह से द्वीपों पर पैदा होने वाले कचरे की मात्रा तेजी से बढ़ी है। कचरे के प्रबंधन में खामियों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। हालांकि, पर्यटन की तुलना में मछली पालन सेक्टर बहुत कम कचरा पैदा करता है, लेकिन इस प्रदूषण से वहां दिक्कते पैदा हो रही हैं। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और उन पर निर्भर आजीविका इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि द्वीपों पर प्लास्टिक बहुत ’यादा जमा हो गया है और इसका माइक्रोप्लास्टिक में बदलना समुद्री खाद्य श्रृंखला के लिए खतरा है। जब प्लवक (प्लैंकटन) इन माइक्रोप्लास्टिक को खा लेते हैं, तो वे तेजी से खाद्य श्रृंखला में ऊपर आते हैं और आखिर में इंसानों तक पहुंच जाते हैं। एनवायरनमेंटल साइंस एंड पॉल्यूशन रिसर्च में पब्लिश एक अध्ययन के मुताबिक कवरत्ती के आसपास स्किपजैक टूना मछली की आंतों में माइक्रोप्लास्टिक पाए गए हैं। यह लक्षद्वीप के लिए चिंताजनक है, जहां टूना प्रोसेसिंग, कैनिंग और निर्यात कुछ ही कामयाब आर्थिक गतिविधियों में से हैं। पहले, लक्षद्वीप में मेडिकल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों के पास ही थी। किल्टन के वरिष्ठ सफाई कर्मचारी अब्दुल सलाम ने बताया कि निपटान के लिए कोई खास सुविधा न होने से इस कचरे को दूसरे सामानों के साथ मुख्य कचरा डिपो में फेंक दिया जाता था। कुछ साल पहले, कर्मचारियों ने बिना सही उपकरण या सुरक्षा गियर के खतरनाक कचरे को अलग करने से इनकार कर दिया था।



## पाक और बांग्लादेश में हिंदू लहूलुहान हो रहे हैं और दुनिया खामोशी से तमाशा देख रही है

**(नीरज कुमार दुबे)**

बांग्लादेश में हालात और भी भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं। बीते कुछ ही दिनों में वहां हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं। छत्तोग्राम में एक हिंदू किशोरी का शव मिलने की घटना ने समाज को हिला कर रख दिया।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत से आई एक खबर ने पूरे दक्षिण एशिया की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। एक गरीब हिंदू किसान को केवल इसलिए गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया गया क्योंकि उसने अपनी जमीन पर झोपड़ी बनाने का साहस कर लिया था। यह हत्या किसी अंधेरी गली में नहीं बल्कि खुले आम ताकत और दहशत के प्रदर्शन के रूप में हुई। मृतक किसान वर्षों से उसी जमीन पर रह रहा था, लेकिन स्थानीय प्रभावशाली व्यक्ति ने अपने रसूख और हथियार के बल पर कानून को कुचल दिया। इस निर्मम हत्या के बाद सिंध के कई इलाकों में भारी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। सड़कों पर उतरे हजारों लोगों ने नारे लगाए, रास्ते जाम किए और इंसाफ की मांग की। यह आक्रोश केवल एक व्यक्ति की हत्या का नहीं बल्कि दशकों से दबे हुए भय और अपमान का विस्फोट था। उधर, बांग्लादेश में हालात और भी भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं। बीते कुछ ही दिनों में वहां हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं। छत्तोग्राम में एक हिंदू किशोरी का शव मिलने की घटना ने समाज को हिला कर रख दिया। आशंका है कि उसके साथ बलात्कार के बाद हत्या की गई। यह कोई एक मामला नहीं है बल्कि कुछ ही दिनों में हिंदुओं की कई हत्याओं की खबरें आई हैं। मंदिरों में तोड़फोड़, घरों में आगजनी, महिलाओं के साथ हिंसा और डर का माहौल वहां की रोजमर्रा की स’चाई बनता जा रहा है। भारत ने इन घटनाओं पर कड़ी चिंता जताई है और बांग्लादेश सरकार से त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की है। लेकिन जमीनी स’चाई यह है कि पीड़ितों को न सुरक्षा मिल रही है और न न्याय का भरोसा।

पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों ही देशों से आ रही ये खबरें यह साफ करती हैं कि वहां हिंदू अल्पसंख्यक होना आज भी एक खतरे के साथ जीने जैसा है। यह केवल कानून व्यवस्था की विफलता नहीं बल्कि देश और समाज दोनों की नैतिक हार है।

देखा जाये तो सिंध के उस किसान की लाश और छत्तोग्राम की उस किशोरी का शव सिर्फ दो खबरें नहीं हैं। वे दक्षिण एशिया के उस आईने की तरह हैं जिसमें कट्टरता, असहिष्णुता और सत्ता के संरक्षण में पनपती हिंसा साफ दिखाई देती है। पाकिस्तान में हिंदुओं पर अत्याचार कोई नई बात नहीं है। जबरन धर्म परिवर्तन, जमीन हड़पना, झूठे मुकदमे और अब खुलेआम हत्या। यह सब उस देश में हो रहा है जो खुद को इस्लामी गणरा’य कहता है और बराबरी का दावा करता है। सवाल यह है कि क्या वहां हिंदू की जान की कोई कीमत है? सबसे चिंताजनक पहलू अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी है। मानवाधिकार की दुहाई देने वाले वैश्विक मंच, शक्तिशाली देश और संस्थाएं इन घटनाओं पर या तो औपचारिक बयान देकर चुप हो जाते हैं या पूरी तरह नजरें फेर लेते हैं। यह चुप्पी बहुत कुछ कहती है। यह दर्शाती है कि मानवाधिकार अब नैतिक मूल्य नहीं बल्कि सुविधा के अनुसार इस्तेमाल होने वाला हथियार बन चुके हैं। जहां आर्थिक हित, सामरिक समीकरण या राजनीतिक लाभ आड़े आते हैं, वहां इंसानी जान की कीमत शून्य हो जाती है। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो यह चुप्पी पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों को और दुस्साहसी बनाती है। जब उन्हें पता होता है कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस दबाव नहीं बनेगा, तो अल्पसंख्यकों पर अत्याचार एक नियमित प्रक्रिया बन जाती है। भारत को इस विषय पर स्पष्ट, कठोर और निरंतर रुख अपनाना होगा। केवल बयान देना पर्याप्त नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को बार बार उठाना होगा, तथ्यों के साथ और दबाव के साथ। कूटनीति में शिष्टता जरूरी है लेकिन अन्याय के सामने नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। भारत को यह भी साफ कहना होगा कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा किसी देश का आंतरिक मामला नहीं बल्कि सभ्य समाज की कसौटी है। (यह लेखक के अपने विचार है)

# गर्म चाय जानलेवा है !, नई रिपोर्ट में डराने वाला खुलासा, एसोफेजियल कैंसर का भी खतरा

**चाय हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है, लेकिन दिन में चार से पांच कप से ’यादा चाय पीना सेहत के लिए खतरनाक है। चाय में कैफीन और टैनिन होते हैं, जो थोड़ी मात्रा में फायदेमंद होते हैं, लेकिन ’यादा होने पर पेट, दिल और नींद पर बुरा असर डाल सकते हैं। हार्वर्ड हेल्थ और मेयो क्लिनिक की रिपोर्ट के अनुसार, ’यादा चाय पीने से पेट में गैस, एसिडिटी और जलन की समस्या बढ़ सकती है। जबकि टैनिन की वजह से आयरन की कमी भी हो सकती है, जिससे एनीमिया का खतरा होता है। चाय हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है, लेकिन दिन में चार से पांच कप से ’यादा चाय पीना सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। चाय में कैफीन और टैनिन होते हैं, जो थोड़ी मात्रा में फायदेमंद होते हैं, लेकिन ’यादा होने पर पेट, दिल और नींद पर बुरा असर डाल सकते हैं।**

**जितेंद्र नागपुरे**

हार्वर्ड हेल्थ और मेयो क्लिनिक की रिपोर्ट के अनुसार, ’यादा चाय पीने से पेट में गैस, एसिडिटी और जलन की समस्या बढ़ सकती है, जबकि टैनिन की वजह से आयरन की कमी भी हो सकती है, जिससे एनीमिया का खतरा होता है। इसके अलाव, लोगों के अंदर एसोफेजियल कैंसर होने का खतरा भी बढ़ जाता है। गर्म चाय गले के लिए भी नुकसानदायक गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर के अनुसार, बहुत गर्म चाय पीने से गले की कोशिकाओं को नुकसान पहुंच सकता है और एसोफेजियल कैंसर का जोखिम बढ़ सकता है। लगातार ’यादा चाय पीने से सिरदर्द, बेचैनी, नींद न आना और दिल की धड़कन तेज होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ब‘चों, गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। डॉक्टरों और स्वास्थ्य मंत्रालय की राय है कि चाय की मात्रा नियंत्रित रखें, धीरे-धीरे कम करें और हर्बल टी जैसे हेल्दी विकल्प अपनाएं।

**अधिक चाय पेट संबंधी समस्याओं को देता है दावत:** हार्वर्ड हेल्थ और मेयो क्लिनिक की रिपोर्ट के अनुसार, चाय में कैफीन और टैनिन मौजूद होता है। ये दोनों चीजें पेट में एसिड की मात्रा बढ़ा सकती हैं, पेट की अंदरूनी परत को जलन दे सकती हैं और एसिड रिफ्लक्स या सीने में जलन का कारण बन सकती हैं। खासकर खाली पेट चाय पीने या बहुत ’यादा मात्रा में चाय लेने से ये समस्याएं और बढ़ जाती हैं।

चाय की मात्र कम करें, खाली पेट न पीएं रिपोर्ट के अनुसार, कैफीन वाली चाय और कॉफी पेट में एसिड प्रोडक्शन को बढ़ाती है और लोअर एसोफेजियल स्फिंक्टर को ढीला कर देती है, जिससे एसिड ऊपर आकर सीने में जलन पैदा करता है। वहीं, मेयो क्लिनिक के अनुसार, कैफीन और एसिडिक ड्रिंक्स एसिडिटी, गैस और पेट की जलन को ट्रिगर कर सकते हैं, खासकर जिसे पहले से पाचन विकार, अपच या बदहजमी की समस्या हो। ऐसे में,



डॉक्टरों के सुझाव के अनुसार, अगर आपको ऐसी परेशानी होती है, तो चाय की मात्रा कम करें, खाली पेट न पीएं और अगर समस्या ’यादा हो तो डॉक्टर से सलाह लें। संतुलित मात्रा में चाय पीना आमतौर पर फायदेमंद होता है, लेकिन ’यादा होने पर नुकसान भी कर सकता है।

डॉक्टरों की चेतावनी गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. राकेश कुमार के अनुसार, ब‘चे, गर्भवती महिलाएं और बीमार लोग चाय पीने से ’यादा सावधान रहें। पहले से एनीमिया या नींद की समस्या वालों को डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। इसके अलावा चाय की मात्रा नियंत्रित, धीरे-धीरे कम करना और हर्बल टी या ग्रीन टी जैसे हेल्दी विकल्प अपनाएं पर डॉक्टरों ने जोर दिया है।

चार कप से ’यादा चाय पीने के मुख्य नुकसान -पेट की समस्या~ ’यादा चाय पीने से गैस, एसिडिटी और जलन की समस्या हो सकती है। -नींद पर असर~ अत्यधिक कैफीन सिरदर्द, बेचैनी और नींद न आने की वजह बन सकता है। -एनीमिया का खतरा~ चाय में मौजूद टैनिन आयरन को अवशोषित होने से रोकते हैं, जिससे आयरन की कमी हो सकती है। कैंसर का रिस्क~ बहुत गर्म चाय पीने से गले की कोशिकाओं को नुकसान हो सकता है और एसोफेजियल कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। हड्डियों और दांतों पर असर~ लंबे समय तक ’यादा चाय पीने से दांत पीले पड़ सकते हैं और फ्लोराइड की अधिकता हड्डियों को नुकसान पहुंचा सकती है।

# 37.125 लीटर विदेशी शराब व टेम्पो के साथ तस्कर धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा/कटिहार।** डंडखोरा पुलिस ने देर शाम एक टैंपू पर 37.125 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष विजय महतो ने बताया कि को शाम गुप्त सूचना मिली कि एक तस्कर शराब की खेप लेकर बंगाल की ओर से निकला है।

सूचना के सत्यापन को लेकर एसआई रीतेश कुमार के नेतृत्व में निकली पुलिस प्राणपुर- डंडखोरा की सीमा से सटे केवटिया पुल के पास वाहन जांच शुरू किया। इस दौरान जांच के दौरान टैंपू के पिछले सीट के नीचे एक बैग की तलाशी लेने पर विदेशी शराब बरामद हुआ। चालक से पूछताछ करने पर वह घबरा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस जब्त शराब के साथ चालक मो. शब्बू (25), पिता- मो तैयब, लाभा, थाना- रोशना, जिला कटिहार और



सीएनजी टैंपो नं.- बीआर 11 पीसी 9947 को हिरासत में लेकर थाना ले आई। जहॉ उसके विरुद्ध कांड संख्या 04/26 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एक मोबाइल भी जब्त किया गया है।

## बरारी पुलिस की कार्रवाई चार नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी /कटिहार।** बरारी थाना कांड संख्या 296/25, से संबंधित मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी में नामजद चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज मामले के तहत की गई है।गिरफ्तार अभियुक्तों में नूर मोहम्मद, मो. फैयाज आलम, मो. शकील एवं मो. सलमान शामिल हैं। सभी अभियुक्त नूर मोहम्मद के पुत्र हैं तथा बैडन्डा जंगीपुर के निवासी बताए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस थाने से पिस्टल गायब थानाध्यक्ष समेत 3 अधिकारियों पर गिरी गाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोढा/कटिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर थाने में जमा कराई गई एक लाइसेंसी पिस्टल के गायब होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घोर लापरवाही को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए सहायक थाना के थानाध्यक्ष आनंद कुमार को उनके पद से हटा दिया है। साथ ही दो अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

लोहियानगर निवासी चंद्रशेखर सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के दौरान अपनी लाइसेंसी पिस्टल बिना मैगजीन के सहायक थाना में जमा कराई थी। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद जब चंद्रशेखर सिंह अपनी पिस्टल वापस लेने थाने पहुंचे, तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। काफी खोजबीन के बाद भी पिस्टल नहीं मिली और पता चला कि वह थाने से ही गायब हो गई है। पिस्तौल के गायब होने को पुलिस विभाग ने बेहद गंभीरता से लिया है। इस मामले में सहायक थाना कांड संख्या-1251/25 दर्ज की गई है। एसपी कटिहार द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण में थानाध्यक्ष आनंद कुमार और अन्य दो अधिकारियों के जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। लापरवाही का दोषी मानते हुए वर्तमान थानाध्यक्ष आनंद कुमार को तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष के पद से मुक्त कर दिया गया है। विभागीय कार्रवाई थानाध्यक्ष और दो अन्य पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध औपचारिक विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एक सुरक्षित पुलिस थाने के अंदर से हथियार का गायब होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स निकालेगी वार्षिक पत्रिका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह शाखा की एक बैठक अध्यक्ष राहुल बर्मन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केसीसीआई का वार्षिक पत्रिका निकालने पर विचार विमर्श किया गया। पत्रिका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, डीसी, एसपी समेत अन्य गणमान्य लोगों का शुभकामना संदेश भी शामिल किया जाएगा। पत्रिका के संपादक के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार के नाम का अनुमोदन किया गया।

बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का भी निर्णय लिया गया। आर्बिट होटल परिसर में स्थित संस्था के कार्यालय में अध्यक्ष राहुल बर्मन झंडा तोलन करेंगे। इसके अलावे शीघ्र ही पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम सह वार्षिक आम बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सचिव गोपाल दास भदानी, कोषाध्यक्ष डॉ सुमन कुमार, दिवेन तिवारी, सुजीत कपिसवे, रवि कुमार, मुकेश आनंद गौतम सागर, सुदीप गुप्ता व मसरूर आलम सिद्दीकी समेत कई कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के संभावित कटिहार दौरे को लेकर डीएम ने बीएम कॉलेज बरारी मैदान का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी/कटिहार।** 9 फरवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित कटिहार दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एडीएम डॉ. विनोद कुमार, डीडीसी एवं एसडीएम सहित पूरे प्रशासनिक दल के साथ बरारी स्थित बीएम कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने बीएम कॉलेज मैदान का गहन जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण,पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण को लेकर भी अवलोकन किया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार धीरज, अंचलाधिकारी मनीष कुमार, बीपीआरओ राजकुमार सिंह एवं बरारी थाना अध्यक्ष सुमेश कुमार के अलावा जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा एवं जदयू जिला महासचिव चन्द्रमोहन सिंह भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद प्रशासनिक महकमे में कार्यक्रम को लेकर सक्रियता बढ़ गई है। इस संबंध में जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा ने बताया कि समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 9 फरवरी को कटिहार आएंगे।इसी निमित बुधवार को डीएम ने बीएम कॉलेज बरारी का निरीक्षण किया है। समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा एवं सात निश्चय से जुड़ी योजनाओं के साथ-साथ जिले की अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण करेंगे। साथ ही जिले की प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। आम जनता से संवाद करेंगे तथा जिलास्तरीय योजनाओं की समीक्षा बैठक भी करेंगे।

## सोमवार व शुक्रवार जन सुनवाई की तिथि घोषित

### इस पहल की 19 जनवरी से होगी शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** सात निश्चय-3 के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' को मजबूती देने के लिए ऐतिहासिक पहल की शुरूआत की जा रही है।जो जिले भर में 19 जनवरी से प्रभागी हो जाएगा। राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत आमजन के जीवन को सरल बनाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य के मुख्य सचिव ने प्रशासन को और अधिक मजबूत, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया है।

जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी नागरिक को अपने का को लेकर सरकारी कार्यालयों में जाने पर किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना नहीं पड़े। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने इसे जिले में प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागीय नियंत्री पदाधिकारी को निर्देश जारी किया है। जिसमें सप्ताह में दो कार्य दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोग अपनी शिकायतों का निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी से उनके निर्धारित कार्यालय कक्ष में मिल सकेंगे तथा पदाधिकारी लोगों से सम्मानपूर्वक मिलकर उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका त्वरित निराकरण करेंगे। डीएम ने यह भी निर्देश जारी किया है कि यदि संबंधित पदाधिकारी सोमवार एवं शुक्रवार को किसी अपरिहार्य कारणवश उपस्थित नहीं पायें तो उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी लोगों से मिलने के लिए उपस्थित रहेंगे। यदि पदाधिकारी एक से अधिक विभाग या कार्यालय के प्रभार में है, तो वे सोमवार या शुक्रवार को सुविधानुसार समय निर्धारित कर सभी कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों मिलेंगे। वहीं इसको लेकर कार्यालयों में आगंतुकों को सम्मानपूर्वक बैठाने एवं मिलने के साथ-साथ उनके लिए जरूरी सुविधाओं जैसे-पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी तथा प्राप्त शिकायतों की पंजी का संधारण कर सतत् अनुश्रवण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी। कार्यालय प्रधान प्राप्त शिकायतों से संबंधित एक पंजी का संधारण कर उसमें विधिवत अंकित करते हुए निष्पादन की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। वहीं नियंत्री पदाधिकारी को यह सुनिश्चित करना है कि अधीनस्थ पदाधिकारी उपरोक्त निदेशों का अक्षरशः पालन कर रहे हैं। साथ हीं शिकायतों के निष्पादन का अनुश्रवण की व्यवस्था भी करेंगे। यह नई व्यवस्था 19 जनवरी, 2026 सोमवार से पूर्ण रूप से लागू हो जाएगी और सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस नयी पहल का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण स्थापित करना है, ताकि सबका सम्मान-जीवन आसान के सिद्धांत को हकीकत में बदला जा सके और हर नागरिक को सम्मान के साथ शासन सेवा प्राप्त हो सके।

## अभविप गिरिडीह द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**गिरिडीह** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गिरिडीह के तत्वावधान में आयोजित स्वामी विवेकानंद जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बसंत 11 और पवन पैंथर के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बसंत 11 की टीम विजेता बनी, जबकि पवन पैंथर को उपविजेता घोषित किया गया। इस तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया।

प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मोहम्मद फराज अंसारी को, बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार शिवम त्रिवेदी को, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार सौरव सीना को तथा बेस्ट फील्डर तिलक का पुरस्कार अभिजीत आनंद को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभाविप प्रदेश सह मंत्री अंजली सिंह ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वहीं झारखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य सपा सिन्हा ने अभाविप की राष्ट्र व समाजहित में भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक मंटू मुर्मू ने किया और समापन नगर मंत्री नीरज चौधरी ने किया।

## मनिहारी नगर पंचायत में वर्षों से अधूरे पड़े सम्राट भवन का अब भी निर्माण पूरा नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी /कटिहार।** नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से निमार्णाधीन सम्राट भवन अब तक पूरी तरह बनकर तैयार नहीं हो सका है। भवन निर्माण में हो रही लगातार देरी को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लाखों रुपये की लागत से बन रहे इस भवन का उद्देश्य आम जनता को सामाजिक,पारिवारिक और सार्वजनिक आयोजनों के लिए एक स्थायी सुविधा उपलब्ध कराना था, लेकिन तय समय सीमा बीतने के बावजूद भवन अधूरा पड़ा है।



इस मामले को लेकर जब नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि भवन निर्माण में देरी संवेदक की कार्य के प्रति उदासीनता के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि संबंधित ठेकेदार को जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा सरकार की तय मानक व निर्देश के आलोक में विधि सम्मत कदम उठाये जाएंगें, भवन निर्माण कर रहे ठेकेदार ने बताया कि सम्राट भवन का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है और वर्तमान में फिनिशिंग व सेटेरिंग का काम चल रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ समय तक आर्थिक समस्याओं के कारण कार्य प्रभावित हुआ था, लेकिन अब विभागीय राशि जारी हो चुकी है। ठेकेदार के अनुसार मार्च-अप्रैल तक भवन को पूरी तरह तैयार कर नगर पंचायत को हैंडओवर कर दिया जाएगा।सम्राट भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों को विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों और अन्य आयोजनों के लिए बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है। अब लोगों की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि भवन तय समय में पूरा होकर जनता को सौंपा जाता है या नहीं।

## फेरीवाले को बांग्लादेशी बताकर पीटा 12 हजार रुपये लूटे

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिले के पोठिया थाना क्षेत्र से एक मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक बर्तन बेचने वाले फेरीवाले के साथ न केवल मारपीट की गई बल्कि उसे बांग्लादेशी कहकर अपमानित किया गया और उससे नकदी भी लूट ली गई।

पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार, घटना 11 जनवरी 2026 की शाम करीब 5:00 बजे की है। कोढ़ा थाना क्षेत्र के सिमरिया निवासी मो. अकमल हुसैन (25) चकल्ला गाँव में घूम-घूम कर बर्तन बेच रहे थे। इसी दौरान साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति वहाँ पहुँचे और अकमल को बांग्लादेश कहकर गाली-गलौज करने लगे। जब स्थानीय महिलाओं ने इस दुर्व्यवहार का विरोध किया तो हमलावर और उग्र हो गये। उन्होंने महिलाओं को धमकाया और अकमल के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान हमलावरों ने पीड़ित की जेब से ₹12,000 बारह हजार रुपये नकद छीन लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल अकमल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के आला अधिकारियों अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टु रंजन कुमार सिंह ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया है। वही पोठिया थाना कांड संख्या-08/26 धाराएं भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 126(2), 115, 301(2), 352 और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। कटिहार पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## राज्य कर्मचारी बीमा निगम से जुड़ने का अभियान चलाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार ग्रामीण।** राज्य कर्मचारी बीमा निगम के तहत कटिहार जिला के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मनीष रंजन ने मनिहारी पहुंचकर संबंधित वर्ग के पात्र लोगों का इस योजना में निबंधन किया।

श्री रंजन मनिहारी नगर पंचायत कार्यालय मे कार्य करनेवाले नियोजित व संविदा पर कार्य करनेवाले कर्मियों का ईएसआईसी में निवंधन कराया। उन्होने जानकारी दी कि भारत सरकार के श्रम संसाधन मंत्रालय के तहत यह श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित योजना है। इस योजना के माध्यम से किसी भी सरकारी, अर्द्धसरकारी, संगठित, असंगठित, निजी व सार्वजनिक उपक्रमों में दस से अधिक



संख्या में काम कर रहे कामगारों को स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के ऊद्देश्य से निवंधित किया जाना है। उन्होने इस योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित हित धारकों व वर्गों को अपना निबंधन कराने की अपील की है।

## एसपी ने किया नवनियुक्त सिपाही प्रशिक्षण का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** पुलिस केंद्र कटिहार में चल रहे नवनियुक्त सिपाहियों के बुनियादी प्रशिक्षण का पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने प्रशिक्षुओं की गतिविधियों, अनुशासन, परेड अभ्यास एवं शारीरिक दक्षता का सूक्ष्म अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को प्रशिक्षुओं को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी सक्षम एवं सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया।

एसपी ने कहा उनके भीतर टीम वर्क, समय पालन तथा सेवा भावना जैसे मूलभूत गुणों का समुचित विकास सुनिश्चित कराया जाना है। उन्होंने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को आधुनिक



पुलिसिंग की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने का निर्देश दिया। जिसमें व्यवहारिक प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता तथा केस-आधारित अभ्यासों को विशेष प्राथमिकता दी जाए। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा जीविका दीदी रसोई का भी निरीक्षण किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## रज्जाक चौक पचम्बा में भीषण जाम एसडीएम ने खुद संभाला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बीते कई महीनों से शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह लाचार नजर आ रही है।

इसी को लेकर आए दिन जाम की समस्या से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह उपनगरी पचम्बा स्थित रज्जाक चौक पर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, जहां वाहनों की लंबी कतारें लग गई और राहगीरों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया वंही स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम यशवंत विसपुते स्वयं मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभालते हुए पुलिस व प्रशासनिक अमले के सहयोग से जाम में फंसी भीड़ को धीरे-धीरे क्लियर कराया। उनके हस्तक्षेप के बाद काफी मशक्कत के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को सामान्य किया जा सका वंही जाम में फंसे कई राहगीरों और स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण जैसे निर्माण कार्य दिन के बजाय रात में कराए जाने चाहिए, ताकि दिन के समय आम जनता को इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े। लोगों का कहना था कि लगातार जाम के कारण समय की बबार्दी के साथ-साथ स्कूल, ऑफिस और जरूरी कामों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।बहरहाल फिलहाल प्रशासन की पहल से जाम की स्थिति तो नियंत्रित हुई, लेकिन जब तक निर्माण कार्य के दौरान ठोस ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था नहीं की जाती।

## नवाबगंज में दो दिवसीय संतमत सत्संग संपन्न

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समेली/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के मुरादपुर पंचायत के नवाबगंज में संतमत सत्संग के 15वें वार्षिक अधिवेशन का दूसरा एवं अंतिम दिन श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के वातावरण में संपन्न हुआ। कुप्पाघाट भागलपुर से पधारे संत सदुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के मानस पुत्र पूज्यपाद स्वामी भगीरथ जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस दो दिवसीय विशाल सत्संग समारोह में हजारों की संख्या में सत्संगी व श्रद्धालु शामिल हुए।सत्संग के दौरान मंच पर स्वामी श्री जवाहर बाबा, स्वामी नरेशनंद बाबा, स्वामी संजय बाबा, स्वामी लाल बहादुर बाबा, स्वामी श्रवण बाबा, स्वामी शसुबोधानंद बाबा, स्वामी संन्याल बाबा, स्वामी नाथू बाबा, उदय बाबा एवं अनुराग आनंद जी सहित कई संत-महात्मा विराजमान रहे।

स्वामी भगीरथ जी महाराज के प्रवचन से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। दूर-दराज के क्षेत्रों



से आए श्रद्धालुओं ने ध्यान, भजन-कीर्तन एवं प्रवचनों के माध्यम से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। प्रातः 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सत्संग स्थल पर उमड़ पड़ी। आयोजन स्थल पर शांति, अनुशासन और सेवा-भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला।इस अवसर पर संतमत सत्संग समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों सत्संगी श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया। वहीं अधिवेशन के दौरान आयोजित मेले में धार्मिक पुस्तकों, खिलौनों, श्रृंगार सामग्री एवं मिठाइयों की दुकानों से परिसर गुलजार रहा। मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की खासी भीड़ देखी गई।कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्षेत्रीय युवाओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में व्यवस्थापक डॉ.सीपी मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जबकि सत्संग कार्यक्रम का संचालन देवनारायण साहनी ने किया। उन्होंने बताया कि संतमत सत्संग का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों एवं आपसी सद्भाव का प्रसार करना है। अपने प्रवचन में स्वामी भगीरथ जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य आत्मबोध एवं सदाचार के मार्ग पर चलना है। सत्संग से मन की विकृतियां दूर होती हैं और व्यक्ति सत्य, अहिंसा व प्रेम के मार्ग पर अग्रसर होता है। गुरु कृपा से ही जीवन में प्रकाश आता है और ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रखंड संतमत सत्संग समिति समेली के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही।

## रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से पीड़ित परिवार के बीच राहत सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** ठंड मे वैसे ही लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। ऊपर से यदि घर मे आग लग जाये तो परिवार के साथ छोटे छोटे बच्चे का भी जीना मुहाल हो जाता है।

रेडक्रॉस सोसाइटी कटिहार की ओर से समेली मे हुई आगलगी से प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण करते हुए चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा ने ये बातें दुहराई। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले समेली प्रखंड से नवाबगज चौक उत्क्रमित माध्यमिक उच्च विद्यालय नवाबगंज के बगल में आगलगी की घटना हुई। सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि विधान पार्षद श्री अशोक अग्रवाल के द्वारा




रेडक्रॉस को सूचना प्राप्त हुई और संस्था ने पीड़ित परिवार के सदस्य को बुलाकर कटिहार सेवा सदन मे राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि रंजीत मंडल, मिथिलेश मंडल एवं संतोष कुमार मंडल का घर पुरी तरह जल गया साथ ही नगद राशि भी जल गई जिससे परिवार सदमे मे है। मौके पर उपस्थित प्रबंध समिति सदस्य अनिल चमरिया, आलोक सिंहा एवं बिमल सिंह बेंगानी ने कहा कि राहत सामग्री मे बनाने एवं खाने का बर्तन, तीरपाल, मशहरी के साथ हाईजीन किट शामिल है। जिससे पीड़ित परिवारों के दुःख पर एक मरहम के साथ त्वरित राहत मिलेगी।

# भारत को मिर्च लगा रहा चीन, मसाला एक्सपोर्ट की रीढ़ पर कर रहा वार!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मसालों के दुनियाभर में तूती बोलती है। लेकिन अब उसकी बादशाहत को खतरा पैदा हो गया है। चीन दुनिया के मसाला बाजार से भारत को आउट करने की फिराक में है। चीन ने जीरे और मिर्च जैसे मसालों की खेती और निर्यात शुरू दिया है, जिनमें सदियों से भारत का दबदबा रहा है। चीन इन मसालों को भारत से भी सस्ते दामों पर बेच रहा है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर यही स्थिति रही तो दुनिया के सबसे बड़े मसाला निर्यातक के तौर पर भारत को चुनौती मिल सकती है। बावजूद उसके मसाले सस्ते पड़ रहे हैं। बिग हाट के वाइस प्रेसिडेंट संदीप वोडेपल्ली ने कहा कि पिछले दो साल से चीन जीरे और मिर्च की खेती कर रहा है और कुछ बाजारों में भारत की जगह ले रहा है।



## मिर्च का एक्सपोर्ट

2024-25 में भारत से मिर्च पाउडर का निर्यात पिछले साल के मुकाबले 35 प्रतिशत बढ़कर 80.6 मिलियन किलो हो गया। वहीं, कुल मिर्च निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 700,000 टन से ज्यादा रहा। लेकिन इस दौरान निर्यात से होने वाली कमाई 11 प्रतिशत कम हो गई। इससे साफ है कि कीमतों पर भारी दबाव है। 2023-24 में भी मिर्च का निर्यात 15 प्रतिशत बढ़ा था। इस दौरान जीरा निर्यात में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। 2024-25 में जीरे का निर्यात पिछले साल के 165,269 टन से 39 प्रतिशत बढ़कर 229,881 टन हो गया। कारोबारियों का कहना है कि चीन दो तरह की मिर्च पर खास ध्यान दे रहा है। इनमें पैपरिका और तेजा शामिल हैं। पैपरिका का इस्तेमाल रंग और हल्के फ्लेवर के लिए होता है। मिर्च की तेजा किस्म काफी तीखी होती है। इसका यूज दर्द निवारक मलहम जैसी दवाओं में होता है। बल्क एक्सपोर्टर प्रकाश अग्रवाल ने कहा, इस बदलाव का असर अगले दो सीजन में दिखने लगेगा। मौसम की मार और निर्यात बाजार में कम दाम की वजह से किसान खरीफ सीजन में मिर्च और जीरा की खेती करने से कतरा रहे हैं।

# 20 लाख के पैकेज का छोड़ा मोह, सिर्फ 50,000 से शुरू किया ये काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई की दीप वोरा की कहानी साहसी



बदलाव की मिसाल है। लगभग एक दशक तक सर्टिफाइड फाइनेंशियल प्लानर (सीएफपी) के रूप में उन्होंने काम किया। वह 20 लाख रुपये के शानदार पैकेज पर काम कर रही थीं। एक मैराथन रेस के दौरान उन्होंने अपनी सीमाओं को चुनौती दी। वहीं से उनके जीवन की नई दिशा तय हुई। दीप ने महसूस किया कि अगर वह 21 किलोमीटर की कठिन दौड़ पूरी कर सकती हैं तो कॉर्पोरेट लाइफ के कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर खुद का कुछ बड़ा भी खड़ा कर सकती हैं। इसी संकल्प के साथ उन्होंने अपनी जमी-जमाई नौकरी छोड़ दी। फिर हाची विद लव की नींव रखी। आज यह स्टार्टअप न केवल स्वस्थ स्नैक्स के बाजार में अपनी पहचान बना चुका है। अलबत्ता, सालाना 80 लाख रुपये का टर्नओवर भी हासिल कर रहा है। आइए, यहां दीप वोरा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। कॉर्पोरेट जॉब को कहा अलविदा साल 2016 तक दीप वोरा एक कॉर्पोरेट जॉब में थीं। लेकिन, एक मैराथन ने उनकी सोच बदल दी। गैर-खेल पृष्ठभूमि से होने के बावजूद जब उन्होंने 21 किमी की दौड़ पूरी की तो उन्हें अपनी अंदरूनी ताकत का अहसास हुआ। 2018 तक वह मुंबई के रनिंग सर्किट का नियमित चेहरा बन गईं। एक दिन दौड़ते समय उन्होंने तय किया कि अब समय करियर में भी जोखिम लेने का है। उन्होंने 20 लाख रुपये सालाना की अपनी सुरक्षित नौकरी से इस्तीफा दे दिया ताकि वह उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी किस्मत आजमा सकें। नौकरी छोड़ने के बाद एक साल तक रिसर्च करने पर दीप ने पाया कि स्नैक्स बाजार, विशेषकर ग्रैनोला कैटेगरी में नैचुरल प्रोडक्ट्स की भारी कमी है। अक्टूबर 2019 में सिर्फ 50,000 रुपये के निवेश से हाची विद लव की शुरुआत हुई। शुरुआत में इसे एक क्‍स्‍क्र (क्विक सर्विस रेस्टोरेंट) मॉडल के रूप में पेश किया गया, जहां ग्राहकों को सैम्पल के तौर पर ग्रैनोला दिया गया।

# अंबानी 100 अरब क्लब से बाहर, 13 दिन में गंवाए 8.12 अरब डॉलर

**नई दिल्ली-** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर हो गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ अब 99.6 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 8.12 अरब डॉलर यानी 7,31,66,64,04,000 की गिरावट आई है। रिलायंस के शेयरों में हाल में आई गिरावट के कारण ऐसा हुआ। मंगलवार को कंपनी का शेयर 1 फीसदी से अधिक गिरा था और इससे अंबानी की नेटवर्थ 2.07 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 18वें नंबर पर हैं।

अंबानी इस साल सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे केवल मार्क जकरबर्ग हैं। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ की नेटवर्थ में इस साल 9.84 अरब डॉलर की गिरावट आई है। जकरबर्ग 223 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में एलन मस्क 640 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 20.9 अरब डॉलर की तेजी आई है।

## कौन हैं टॉप 10 में

दुनिया के अमीरों की लिस्ट में लैरी पेज 287 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर है। इस लिस्ट में सर्गेई ब्रिन (267 अरब) तीसरे, जेफ बेजोस (264 अरब) चौथे, लैरी एलिसन (255 अरब) पांचवें, बर्नार्ड आरनॉल्ट (207 अरब) सातवें, स्टीव बालमर (.164 अरब) आठवें, जेंसन हुआंग (.154 अरब) नौवें और वॉरेन बफे (.149 अरब) दसवें नंबर पर हैं। गौतम अडानी 81 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 21वें नंबर पर हैं।

# धरा रह गया ट्रंप का टैरिफ! चीन ने बनाया एक्सपोर्ट का रेकॉर्ड

## ट्रेड सरप्लस पहली बार 1 ट्रिलियन के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन का ट्रेड सरप्लस पहली बार 1 ट्रिलियन



डॉलर के पार पहुंच गया है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकडों के मुताबिक बीते साल यानी 2025 में लगभग 1.2 ट्रिलियन डॉलर रहा जो पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान टैरिफ के कारण अमेरिका को चीन का एक्सपोर्ट कम हुआ लेकिन दूसरे देशों को बढ़ गया। चीन का निर्यात में 2024 की तुलना में 5.5 प्रतिशत बढ़कर 3.77 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। वहीं, आयात 2.58 ट्रिलियन डॉलर पर स्थिर रहा। साल 2024 में चीन का ट्रेड सरप्लस 992 अरब डॉलर था। के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 6.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह अर्थशास्त्रियों के अनुमानों से बेहतर था। आयात में भी 5.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल चीन पर भारी टैरिफ लगाया था।

# वेदांता और हिंदुस्तान जिंक के शेयर ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेदांता और उसकी सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक के शेयर आज ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने वेदांता के शेयर के लिए टारगेट प्राइस 686 से बढ़ाकर 806 कर दिया है। इससे कंपनी का शेयर बीएसई पर 6 प्रतिशत से ज्यादा उछलकर 679.40 के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 2.6 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इस साल कंपनी के शेयरों में 11 फीसदी तेजी आई है जबकि पिछले एक साल में इसने 56 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दिया है।

कंपनी के शेयरों में यह तेजी कमोडिटी की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से भी मजबूत हुई है। नुवामा ने उम्मीद जताई है कि वेदांता के डीमर्जर से वैल्यू अनलॉक होगी। वेदांता की डीमर्जर योजना को एनसीएलटी ने



16 दिसंबर 2025 को मंजूरी दे दी थी। अब कंपनी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज और स्टॉक एक्सचेंजों से मंजूरी लेने के अंतिम चरण में है। यह मंजूरी मिलने के बाद, पांच अलग-अलग कंपनियां डीमर्ज होकर लिस्ट हो सकेंगी।

इस बीच वेदांता की सहायक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक का शेयर भी आज ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह करीब 6 फीसदी तेजी के साथ 670 रुपये पर पहुंचा। पिछले सत्र में यह 629.85 रुपये पर बंद हुआ था और आज 639.15 रुपये पर खुला। चांदी की कीमत में तेजी के कारण कंपनी के शेयरों में तेजी आई है। चांदी की कीमत पहली बार 90 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंची है। एमसीएक्स पर भी इसमें 13,000 रुपये प्रति किलो की तेजी आई और यह 2,87,990 रुपये पर पहुंच गई।

हिन्दुस्तान जिंक दुनिया की टॉप पांच चांदी उत्पादक कंपनियों में से एक है। इसकी सालाना उत्पादन क्षमता करीब 800 टन है। जेफरीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि चांदी और जिंक की बढ़ती कीमतों से हिन्दुस्तान जिंक को फायदा हुआ है। आज की तेजी से कंपनी का मार्केट कैप 2.8 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। 12.30 बजे कंपनी का शेयर बीएसई पर 4.16 प्रतिशत तेजी के साथ 656.05 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

# 13,000 रुपये उछली चांदी, सोने में भी तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी की कीमत में आज एक बार फिर काफी तेजी आई और नए रेकॉर्ड पर पहुंच गई। स्ष्टङ्ग पर चांदी के मार्च वायदा में 4 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखी गई। चांदी करीब 13,000 रुपये बढ़कर 2,87,990 प्रति किलोग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 2,75,187 रुपये पर बंद हुई थी और आज 2,81,698 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 2,80,555 रुपये तक लो और 2,87,990 रुपये तक हाई गई। सुबह 10.20 बजे यह 11,193.00 रुपये की तेजी के साथ 2,86,380 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। सोने की कीमत में भी करीब 900 रुपये की तेजी आई है। 5 फरवरी की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,42,241 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था और आज यह 1,40,501 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1,40,501 रुपये तक लो और 1,43,173 रुपये तक हाई गया। 11.20 बजे यह 843 रुपये की तेजी के साथ 1,43,084 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। पिछले साल सोने और चांदी की कीमत में 1979 के बाद सबसे ज्यादा तेजी देखी गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत पहली बार 90 के पार पहुंच गई। इसके साथ ही चांदी का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गई। अमेरिका में महंगाई के आंकड़े उम्मीद से कम रहे हैं। इन आंकड़ों ने फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को और मजबूत किया है। ईरान में तनाव और अशांति ने कीमती धातुओं में सुरक्षित निवेश की अपील को और बढ़ाया है।

# जीएसटी 2.0 से ऑटो उद्योग को मिला बूस्ट

## रिकॉर्ड 44.89 लाख यात्री वाहन बिके, 2025 में ऐसे बढ़ी पांच फीसदी बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए साल 2025 ऐतिहासिक साबित हुआ है। जीएसटी 2.0 के लागू होने, कीमतों में कमी और त्योहारी सीजन के दौरान मजबूत मांग के चलते यात्री वाहनों की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया है। थोक स्तर पर 44.89 लाख से अधिक यात्री वाहन बिके, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इससे साफ है कि ऑटो उद्योग ने धीमी शुरुआत के बाद साल के अंत तक जबरदस्त रफ्तार पकड़ी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री 2024 के मुकाबले करीब पांच फीसदी बढ़ी है। 2024 में जहां 42,74,793 यात्री वाहन बिके थे, वहीं 2025 में यह आंकड़ा 44.89 लाख के पार चला गया। जीएसटी दरों में कटौती से वाहनों की कीमत घटी,



जिससे मध्यम वर्ग और शहरी ग्राहकों की खरीदारी बढ़ी। त्योहारी महीनों में मांग ने उद्योग को मजबूत सहारा दिया।

यूटिलिटी वाहनों की मांग सबसे ज्यादा मजबूत रही। इस सेगमेंट की बिक्री सात फीसदी बढ़कर 29,54,279 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले यह 27,49,932 इकाई थी। वहीं, यात्री कारों की बिक्री में मामूली 0.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और कुल 13,79,884 कारें बिकीं। वैन की बिक्री भी 1.1 फीसदी बढ़कर 1,55,554 इकाई तक पहुंची। इससे साफ है कि ग्राहक ज्यादा स्पेस और फीचर्स वाले वाहनों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

सिर्फ घरेलू बाजार ही नहीं, बल्कि निर्यात के मोर्चे पर भी 2025 ऑटो उद्योग के लिए बेहतर रहा। सभी श्रेणी के वाहनों के निर्यात में दहाई अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 26.8 फीसदी बढ़कर 3,99,216 इकाई पहुंच गई, जो साल की सबसे ऊंची मासिक बिक्री रही। इसी महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 39 फीसदी और तिपहिया वाहनों की बिक्री 17 फीसदी बढ़ी। उद्योग विशेषज्ञों के मुताबिक, 2025 की शुरुआत में ऑटो सेक्टर आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों से जूझ रहा था। लेकिन आयकर राहत, रेपो दर में कटौती और जीएसटी 2.0 जैसे सुधारों ने मांग को मजबूत किया। जीएसटी दरों में कटौती से वाहन सस्ते हुए और उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ा। तिपहिया वाहनों की बिक्री 8 फीसदी बढ़कर 7,88,429 इकाई और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 8 फीसदी बढ़कर 10,27,877 इकाई पहुंच गई। इससे साफ है कि ऑटो उद्योग की रफ्तार आगे भी बनी रह सकती है।

# क्या वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद 7 प्रतिशत से ऊपर रहेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 7.3 से 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। वहीं वित्त वर्ष 2027 में विकास दर थोड़ी घटकर करीब सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आकलन कंसल्टेंसी फर्म ग्रांट थॉर्नटन भारत ने बुधवार को जारी किया। सेवा और विनिर्माण क्षेत्र ने दिखाया मजबूत प्रदर्शन इससे पहले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की प्रथम अग्रिम अनुमानों में कहा गया था कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 6.5 प्रतिशत के मुकाबले काफी बेहतर है। सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के चलते भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति बनाए रखने में सफल रहा है। ग्रांट थॉर्नटन भारत के पार्टनर और आर्थिक सलाहकार सेवा प्रमुख ॠषि शाह ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर लगाए गए टैरिफ और अन्य वैश्विक चुनौतियों के बावजूद निर्यात अपेक्षाकृत मजबूत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष में 7.3 से 7.5 प्रतिशत की ग्रोथ का अनुमान उचित है है, जबकि 2026-27 में यह 6.7 से 7 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। शाह ने वैश्विक भू-राजनीतिक हालात को अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा दबाव बिंदु बताया।

# कैश ऑन डिलीवरी से क्रेडिट कार्ड तक का सफर; ऑनलाइन खरीदारी ने बदली भुगतान की आदतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक दशक पहले तक औसत भारतीय उपभोक्ता डिजिटल पेमेंट को लेकर उत्सुक तो था, लेकिन पूरी तरह आश्वस्त नहीं। ऑनलाइन खरीदारी का सबसे भरोसेमंद जरिया तब भी कैश ऑन डिलीवरी यानी डिलीवरी के समय भुगतान ही था, जो इंटरनेट पर लेनदेन को लेकर बनी आशंकाओं के बीच एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता था। लेकिन समय के साथ यह तस्वीर पूरी तरह बदल गई।जैसे-जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स ने डिजिटल वॉलेट, यूपीआई, डेबिट कार्ड और बाय नाउ, पे लेटर जैसे विकल्पों का सहज और सुरक्षित इकोसिस्टम तैयार किया, वैसे-वैसे उपभोक्ताओं की सोच भी बदली। डिजिटल पेमेंट अब जोखिम नहीं, बल्कि सुविधा बन गया। इस बदलाव का असर सिर्फ चेकआउट प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहा। ई-कॉमर्स ने औपचारिक वित्तीय प्रणाली तक पहुंच को भी लोकतांत्रिक बनाया। छोटे मोबाइल रिचार्ज के लिए वॉलेट और स्मार्टफोन खरीदने के लिए क्रेडिट विकल्प इनके बीच सहज रूप से स्विच करने की आदत ने लाखों भारतीयों को एक विविध वित्तीय टूलकिट से परिचित कराया। नई इंडस्ट्री रिपोर्ट्स इस बदलाव की पुष्टि करती हैं। वित्त वर्ष 2025 में रिटेल डिजिटल ट्रांजैक्शन वॉल्यूम





में 35 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सबसे अहम बात यह है कि अब लगभग 90 प्रतिशत उपभोक्ता ऑनलाइन खरीदारी के लिए डिजिटल भुगतान को ही प्राथमिकता देते हैं। ये आंकड़े हाउ अर्ब इंडिया पेज 2025 रिपोर्ट से सामने आए हैं, जिसे किर्नी और अमेजन पे ने मिलकर तैयार किया है। 120 शहरों में 6,000 से ज्यादा उपभोक्ताओं पर आधारित इस अध्ययन से साफ होता है कि ऑनलाइन बनी आदतें अब ऑफलाइन व्यवहार को भी दिशा दे रही हैं। किर्नी इंडिया में पार्टनर और फाइनेंशियल सर्विसेज लीड शाश्वत शर्मा कहते हैं कि जेन जी और मिलेनियल्स भारत में क्रेडिट अपनाने की परिभाषा बदल रहे हैं। करियर की शुरुआत में ही क्रेडिट कार्ड लेना अब सामान्य हो गया है। और समावेशी वित्तीय उत्पादों के निर्माण में है। जैसे-जैसे उपभोक्ता बेसिक पेमेंट से आगे बढ़कर क्रेडिट-आधारित खर्च की ओर बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे खर्च की प्रकृति भी बदल रही है। रिपोर्ट बताती है कि रोजमर्रा के छोटे खर्चों में अभी भी कैश और यूपीआई का दबदबा है।

## नई पीढ़ी ने बदला भुगतान का तरीका

यह ट्रेंड खास तौर पर जेन जी और मिलेनियल्स के बीच तेजी से बढ़ा है। अध्ययन बताता है कि 65 प्रतिशत युवा प्रोफेशनल्स ने अपनी पहली नौकरी शुरू करने के तुरंत बाद क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया। बल्कि एक रणनीतिक वित्तीय टूल है। जहां कुछ लोग इसका इस्तेमाल लाइफस्टाइल अपग्रेड के लिए करते हैं, वहीं 43 प्रतिशत उपभोक्ता इसे फाइनेंशियल फ्लेक्सिबिलिटी और प्लानिंग के लिए अपनाते हैं।

# 10 मिनट में डिलीवरी स्कीम खत्म होने से कंपनियों के मार्जिन पर होगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रोकरेज फर्म यूबीएस ने क्विक कॉमर्स सेक्टर को लेकर अपने ताजा आकलन में बड़ा संशोधन किया है। बुधवार को जारी रिपोर्ट में यूबएस ने जोमैटो और ब्लिंकिट की पैरेंट कंपनी इटरनल के क्विक कॉमर्स से जुड़े ईबीआईटीडीए मार्जिन अनुमानों में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 15-20 फीसदी की कटौती की है। वहीं स्विगी के क्विक कॉमर्स मार्जिन को भी 100-120 आधार अंकों को घटाया गया है।

यह संशोधन ऐसे समय आया है, जब एक दिन पहले सरकार ने प्रमुख डिलीवरी एग्रीगेटर्स से अनिवार्य 10 मिनट डिलीवरी डेडलाइन हटाने को कहा था। यूबीएस का कहना है कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा और प्लेटफॉर्म्स पर अधिक छूट के चलते क्विक कॉमर्स सेगमेंट में मार्जिन रिकवरी अब कुछ तिमाहियों तक टल सकती है। हालांकि, यूबीएस ने यह भी स्पष्ट किया कि स्विगी के ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू (जीओवी) और नेट ऑर्डर वैल्यू (एनओवी) के अनुमान मोटे तौर पर जस के तस रखे गए हैं, जबकि इटरनल के जीओवी और एनओवी अनुमानों में हल्की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा, फूड डिलीवरी बिजनेस के लिए वित्त वर्ष 2028 में जीओवी, एनओवी और एडजस्टेड ईबीआईटीडीए के अनुमान भी लगभग अपरिवर्तित रखे गए हैं। कमजोर ईबीआईटीडीए आउटलुक को देखते हुए यूबीएस ने दोनों कंपनियों के शेयरों के लिए अपने टारगेट प्राइस भी घटा दिए हैं।

# अंश-अंशिका की वापसी से क्षेत्र में खुशियों का माहौल

## पुलिस प्रशासन को मिल रही बधाईयां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के चर्चित अंश-अंशिका लापता मामले में झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दोनों बच्चों को सकुशल बरामद करने के साथ इस मामले में शामिल दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीजीपी तदाशा मिश्रा ने इस पूरे अभियान की जानकारी साझा की।

डीजीपी तदाशा मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इस मामले में एक अंतर्राज्यीय गिरोह की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने इस संवेदनशील मामले को मिशन के रूप में लेते हुए कई स्तरों पर जांच की और आखिरकार दोनों बच्चों को रामगढ़ से सुरक्षित बरामद कर लिया।



उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से टीम वर्क का परिणाम है।

डीजीपी ने इस सफलता के लिए एडीजी मनौज कौशिक के नेतृत्व में काम कर रही टीम की सराहना की। उन्होंने रांची के एसएसपी राकेश रंजन, सिटी एसपी पारस राणा, ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर और ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया और पूरी पुलिस टीम को बधाई दी।

डीजीपी ने कहा कि बच्चों को खोजने में पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी। हर छोटी-बड़ी सूचना को गंभीरता से लिया गया और लगातार प्रयास जारी रखे गए। पुलिस की यही सतर्कता और मेहनत आखिरकार रंग लाई और बच्चों की सुरक्षित बरामदगी संभव हो सकी।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दंपती से गहन पूछताछ की जा रही है। उनसे मिले इनपुट के आधार पर मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद पूरे मामले का विस्तृत खुलासा किया जाएगा।

डीजीपी तदाशा मिश्रा ने इस दौरान मीडिया की भूमिका की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मीडिया ने इस संवेदनशील मामले को जिम्मेदारी के साथ उठाया। जल्द ही इस प्रकरण से जुड़ी पूरी कहानी पत्रकारों को ब्रीफ की जाएगी, ताकि सही और तथ्यात्मक जानकारी जनता तक पहुंच सके।



खूंटी के बिरहू गांव में 15 जनवरी को मां मनसा देवी मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव समारोह मनाया जाएगा। प्रात: 8 बजे मंदिर स्थल से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो बिरहू छठ घाट तजना नदी से जल उठाकर गांव की परिक्रमा करते हुए मनसा देवी मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। तत्पश्चात पूजा हवन करने के बाद महाप्रसाद व खीर का वितरण किया जायेगा। शाम 6 बजे महाभंडारा किया जाएगा। तत्पश्चात 12 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है।

# बदमाशों ने चर्च में घुसकर की तोड़फोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुमला।** जिले में धार्मिक आस्था पर लगातार हो रहे हमलों से क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण होता जा रहा है। जारी प्रखंड में यीशु मसीह की प्रतिमा को तोड़े जाने और चरनी में आग लगाए जाने की घटना अभी शांत भी नहीं हुई थी कि बीती मंगलवार की रात रायडीह थाना क्षेत्र के मंझाटोली स्थित चर्च में एक और गंभीर घटना सामने आई है। यहां अज्ञात असामाजिक तत्वों ने चर्च परिसर में घुसकर यीशु मसीह की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात अज्ञात लोग चर्च की बाउंड्री फांदकर अंदर घुसे और वहां स्थापित यीशु मसीह की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बुधवार सुबह जब स्थानीय लोगों और ईसाई समुदाय के सदस्यों को घटना की जानकारी मिली तो पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया।

ईसाई समाज के लोगों ने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताते हुए कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि जिले में बार-बार इस तरह की घटनाएं होना बेहद चिंताजनक है और इससे समाज में आपसी सौहार्द बिगड़ने का खतरा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

घटना के संबंध में चर्च प्रबंधन की ओर से रायडीह थाना में लिखित शिकायत दी गई है। शिकायत में अज्ञात लोगों पर धार्मिक स्थल में घुसकर तोड़फोड़ करने और शांति व्यवस्था भंग करने का आरोप लगाया गया है।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## एचएमएसआई ने दिसंबर 2025 में कुल 446048 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

**रांची** । होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने दिसंबर 2025 में कुल 4,46,048 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो मजबूत मांग और कंपनी के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। मिलियन ग्राहकों के लिए गतिशीलता को सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में। इसमें 3,92,306 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 53,742 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं। एचएमएसआई ने दिसम्बर 2024 की तुलना में 45 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की। यह प्रदर्शन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में एचएमएसआई के उत्पाद पोर्टफोलियो की मजबूत मांग को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-दिसम्बर 2025) की वाईटीडी अवधि में एचएमएसआई ने कुल 46,78,814 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। इसमें 42,04,420 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 4,74,394 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं। दिसम्बर 2024 की तुलना में यह 3 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि को दर्शाता है।

# वाटरटेक ने लॉन्च किया नया सीपी फिटिंग्स और सेनेटरीवेयर पोर्टफोलियो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** भारत की अग्रणी बाथवेयर और प्लंबिंग सॉल्यूशंस कंपनी वाटरटेक इंडिया ने अपने सीपी फिटिंग्स और सेनेटरीवेयर डिवीजन की नई और रणनीतिक शुरूआत की घोषणा की। इस लॉन्च के तहत कंपनी ने फॉसेट्स, सेनेटरीवेयर, शॉवर्स, वैनिटी और एक्सेसरीज सहित 500 से अधिक नए व अपग्रेडेड प्रोडक्ट्स पेश किए हैं, जो आधुनिक भारतीय घरों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं। नया पोर्टफोलियो बेहतर डिजाइन, पानी की बचत करने वाली परफॉर्मेंस और सटीक इंजीनियरिंग पर आधारित है, जिससे वाटरटेक खुद को एक कम्प्लीट बाथरूम सॉल्यूशंस ब्रांड के रूप में मजबूत कर रहा है। इसमें सीपी फॉसेट कलेक्शंस, डब्लूसी और बेसिन रेंज, स्मार्ट टचलेस फॉसेट्स, एडवांस्ड शॉवर सिस्टम्स और प्रीमियम एक्सेसरीज शामिल हैं। वाटरटेक इंडिया के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन मैथ्यू जॉब ने कहा, ह्लयह लॉन्च डिजाइन और परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित करता है और हमें फुल-फ्लेज्ड बाथरूम सॉल्यूशंस ब्रांड बनने की दिशा में आगे बढ़ाता है। बिजनेस हेड मयंक शर्मा ने बताया कि हर प्रोडक्ट को बेहतर वॉटर फ्लो, टिकाऊपन और फिनिश की एकरूपता के साथ इंजीनियर किया गया है। यह पोर्टफोलियो वाटरटेक के डीलर नेटवर्क के जरिए टियर-1, टियर-2 और टियर-3 बाजारों में उपलब्ध होगा।

## फाइनेंसकर्मियों से लूटपाट

अररिया। महलगांव थाना क्षेत्र के निकट सोमवार की रात एक गंभीर लूट की घटना सामने आई है। बाइक सवार अपराधियों ने एल एंड टी फाइनेंस कार्यालय के चार कर्मियों से हथियार के बल पर 3 लाख 42 हजार रुपये लूट लिए। यह घटना महलगांव हटिया के पास असद मोबाइल दुकान के सामने हुई।

सूत्रों के अनुसार, सोमवार की रात साढ़े दस बजे, एल एंड टी फाइनेंस के कर्मी खगड़िया जिला निवासी अजाउद्दीन सहित अन्य तीन कर्मी मसुरिया के सीएसपी संचालक इसराउल हक के पास रुपये जमा करने जा रहे थे।

इसी दौरान चार अपराधियों ने उन पर हमला कर रुपये छीन लिए। घटना की सूचना मिलते ही मंगलवार को एसडीपीओ सुशील कुमार ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने बताया कि लूट की घटना संदिग्ध प्रतीत होती है, क्योंकि रात के समय बड़ी रकम लेकर सीएसपी में जाना अनियमित है। फाइनेंस कर्मी 10:31 बजे कार्यालय से निकले और लूट 10:36 बजे हुई।

महलगांव थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने कहा कि मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।

# बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने सालाना सेल्स में दर्ज किए रिकॉर्ड तोड़ आंकड़े

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची** । बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने एक बार फिर से कारों की अब तक की अधिकतम सालाना बिक्री के साथ कारोबार के डायनामिक माहौल में लगातार बेहतरीन परफोर्मेन्स प्रदर्शित किया है। कंपनी ने कैलेंडर वर्ष 2025 में 18001 कारें बेचीं और इस दृष्टि से सालाना 14 फीसदी से भी अधिक बढ़ोतरी दर्ज की है।

इस अवधि के दौरान बीएमडब्लू ने 17721 युनिट्स तथा मिनी ने 730 युनिट्स डिलीवर कीं। वहीं बीएमडब्लू मोटोररड ने 5841 मोटरसाइकलों की डिलीवरी दी। हरदीप सिंह ब्रार, प्रेजीडेन्ट एवं सीईओ, बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने कहा कि 2025 बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया के लिए रिकॉर्ड तोड़ साल रहा है।

इस दौरान हमने अब तक की अधिकतम सेल्स दर्ज की। हमने कारों की बिक्री में 18000 युनिट्स का आंकड़ा पार कर लिया, वास्तव में हम 14 फीसदी से अधिक की जबरदस्त रेट के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जो लक्जरी सेगमेन्ट में एवरेज ग्रोथ रेट से काफी अधिक है। ये आंकड़े उपभोक्ताओं के हमारे ब्राण्ड में भरोसे और उनकी महत्वाकांक्षाओं की पुष्टि करते हैं। सभी सेगमेन्ट्स में सेल्स के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं फिर चाहे इंटरनल कंबशन इंजन हों, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एसएवी या सेडान या लॉन्ग व्हीलबेस मॉडल्स। लक्जरी इलेक्ट्रिक सेगमेन्ट में हमारा नेतृत्व न सिर्फ सस्टेनेबल मोबिलिटी को गति प्रदान कर रहा है बल्कि भारत में लक्जरी कार मार्केट के बढ़ते आकार के लिए नई संभावनाएं भी उत्पन्न कर रहा है। आने वाले समय में भी हम अपनी विशेषताओं- शीर ड्राइविंग प्लेजर, अनपेरेलल कस्टमर सेंट्रीसिटी और रोबस्ट डीलर नेटवर्क- पर ध्यान केन्द्रित करते हुए हमारे उपभोक्ताओं को हर कदम पर श्रव्ल का अनुभव प्रदान करते रहेंगे।

# अपहृत नाबालिगों के साथ अपहर्ता धराया

## जनशताब्दी एक्सप्रेस में आरपीएफ ने की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पूर्व रेलवे के धनबाद रेल मंडल के हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12365 पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस से बाल तस्करी की सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को चार नाबालिग बच्चों के साथ हिरासत में लिया।

आरपीएफ को सूचना मिली थी कि बाल तस्करी हो रही है। इसके बाद ट्रेन के डी-5 कोच में जांच की गई। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक चार छोटे बच्चों के साथ यात्रा करता पाया गया। इसके बाद आरपीएफ ने कार्रवाई की।

आरपीएफ द्वारा पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम पिंटू राठौर बताया, जो बिहार के जहानाबाद जिले के नदियावा गांव का निवासी है। जब उससे बच्चों के संबंध में जानकारी मांगी गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। बच्चों के साथ उसके संबंध और यात्रा का उद्देश्य स्पष्ट नहीं होने पर आरपीएफ ने युवक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि चारों बच्चों को सुरक्षित मुक्त कराया गया। युवक समेत बच्चों को रेस्क्यू कर आरपीएफ पोस्ट हजारीबाग रोड लाया गया। इसके बाद सभी




बच्चों को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), गिरिडीह के सुपुर्द कर दिया गया, ताकि उनके संरक्षण और पुनर्वास की आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

इस पूरे मामले में स्वयंसेवी संस्था वनवासी विकास आश्रम की अहम भूमिका रही। संस्था के समन्वयक उत्तम कुमार ने बताया कि ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रनह्ल अभियान के तहत कोडरमा टीम को ट्रेन के माध्यम से बाल तस्करी की आशंका की सूचना मिली थी, जिसे तत्काल गिरिडीह टीम को साझा किया गया। इसके बाद आरपीएफ को सूचना देकर जांच कराई गई, जिससे समय रहते बच्चों को तस्करी से बचाया जा सका।

उत्तम कुमार ने आम लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी बाल तस्करी या इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत भारत सरकार की निःशुल्क हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें। इससे नाबालिग बच्चों को तस्करों के चंगुल से बचाने में मदद मिलेगी। इस अभियान में उत्तम कुमार के साथ छोटेलाल यादव, भागीरथी देवी सहित अन्य समन्वयकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कार्ड पंजीकरण से वंचित किसानों में मायूसी

**आरा।** केंद्र सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए शुरू की गई किसान कार्ड पंजीकरण प्रक्रिया वर्तमान में किसानों के लिए सिरदर्द बन गई है। पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर, अंचल कार्यालय और कृषि विभाग द्वारा कैंप लगाकर पंजीकरण तो किया जा रहा है, लेकिन तकनीकी नियमों की पेचीदगियों ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

जहां पंजीकरण के दौरान आधार और जमाबंदी के नाम का मेल न होना सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है, जबकि पंजीकरण के लिए सबसे अनिवार्य शर्त यह है कि किसान के आधार कार्ड पर लिखा नाम और जमाबंदी पंजी में दर्ज नाम हूबहू एक समान होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति यह है कि लगभग 80 से 90 प्रतिशत किसानों के दस्तावेजों में नाम की स्पेलिंग या उपनाम में अंतर है। उदाहरण के तौर पर यदि जमाबंदी में नाम रामवृक्ष महतो है और आधार में केवल रामवृक्ष या स्पेलिंग में मामूली अंतर है, तो पोर्टल उसे स्वीकार नहीं कर रहा है। इस तकनीकी बाधा के कारण कैंपों से किसान मायूस होकर लौट रहे हैं।

# मुखिया और आवास योजना के लाभुक के बीच चले लात-घूंसे

## मामला पहुंचा थाना, हुआ समझौता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर मंगलवार को सिकलाइन चौक पर बिशुनपुर पंचायत के मुखिया अहमद अली और लाभुक रामानुज प्रसाद उर्फ पपीन के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच लात-घूंसे और बेल्ट से मारपीट की नौबत आ गई। इस घटना में मुखिया अहमद अली आंशिक रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखिया अहमद अली अपने घर लक्ष्मीपुर जा रहे थे। इसी दौरान सिकलाइन चौक पर रामानुज प्रसाद से उनकी मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने में हो रही देरी को लेकर रामानुज ने मुखिया से बहस शुरू कर दी।

देखते ही देखते बहस तू-तू, मैं-मैं में बदल गई और आरोप है कि रामानुज ने बेल्ट खोलकर मुखिया के साथ मारपीट की। मुखिया का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उनसे 1500 रुपये नकद छीन लिए और उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पकड़कर थाना ले गई। घायल मुखिया को इलाज के लिए साहूबहियार स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका उपचार कराया गया। इसके बाद मुखिया अहमद अली ने हरिहरपुर थाना में लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।घटना के बाद मुखिया के समर्थन में कई पंचायतों के मुखिया थाना पहुंचे और आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। मामले को लेकर क्षेत्र में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल भी बन गया।

हालांकि देर शाम दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया। मुखिया अहमद अली ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने में रामानुज को देरी हो रही थी, इसी बात को लेकर उसने आक्रोश में आकर मारपीट की। समझौते के बाद मामला शांत हो गया, लेकिन घटना ने पंचायत स्तर पर योजना के क्रियान्वयन को लेकर व्याप्त असंतोष को उजागर कर दिया है।

## निरीक्षण में शराब माफिया पर सख्ती का निर्देश

शिवाजी नगर। शिवाजीनगर थाना का निरीक्षण रोसड़ा इंस्पेक्टर मनोज कुमार के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों, मालखाना, हाजत, सीसीटीवी कैमरा साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने का निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में सक्रिय शराब माफियाओं के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाए। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# कदाचार मुक्त परीक्षा को ले मदरसा प्रशासन दृढ़ संकल्पित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बिहार स्टेट मदरसा एजूकेशन बोर्ड पटना के तहत वस्तानियां (समकक्ष अष्टम वर्ग) की बोर्ड परीक्षा (एवुलेशन) जिले भर के सभी सरकारी मदरसों में कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण रूप से जारी है।

इस बाबत मदरसा गैयारी के हेड मौलवी मौलाना मुसव्वीर साहब ने बताया कि हमारे यहां कुल 270 परीक्षार्थी शामिल हुए, जहां मदरसा हाजा के सभी विक्षक परीक्षा को लेकर काफी सक्रिय दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि बुधवार को प्रथम पाली में गणित और दूसरी पाली में साइंस विषय की परीक्षा ली गई।

इसी तरह अररिया प्रखंड अंतर्गत मदरसा आलिया मिफ्ताहुल उलूम बुधेश्वरी रामपुर में भी वस्तानिया परीक्षा शांतपूर्ण माहौल में जारी है। मदरसा आलिया मिफ्ताहुल उलूम बुधेश्वरी रामपुर के हेड मौलवी मौलाना अकबर सादिक साहब ने बताया कि हमारे मदरसा में कुल 160 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दिए। यहां भी शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा जारी है। इसी तरह मदरसा इस्लामिया बोची के हेड मौलवी मो गालिब हुसैन ने बताया कि हमारे यहां के मदरसा में कुल 391 बच्चों ने परीक्षा में शामिल हो कर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से दिए। वहीं मदरसा मिन्हाजुल अरबिया के हेड मास्टर मो खालिद इकबाल ने बताया कि कुल 42 बच्चों ने परीक्षा में शामिल होकर शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा दे रहे हैं । शिक्षकों सह विक्षकों में यथा मो राशिद इकबाल, तरन्नुम नाज, फरहा नाज, रूमा नाज, बीबी खुशबू आदि कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन में सक्रिय रहे । मदरसा लिलबनात आजाद नगर, मदरसा डोरिया में भी शांतिपूर्ण माहौल में भी परीक्षा जारी है। कुल मिलाकर जिले के सभी सरकारी मदरसों में परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से जारी है।

# नाइजर में अपहृत सभी मजदूर हुए मुक्त, पहुंचे अपने गांव बगोदर

## परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बगोदर।** अफ्रीका के नाइजर में अपहरण के शिकार हुए झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर क्षेत्र के पांचों मजदूर सकुशल स्वदेश लौटकर अपने-अपने घर पहुंच गए हैं। दोंदलो गांव के राजू महतो, फलजीत महतो और चंद्रिका महतो सोमवार देर शाम घर पहुंचे, जबकि दोंदलो के संजय महतो एवं मुंडरो गांव के उत्तम महतो रविवार शाम ही अपने घर पहुंच चुके थे। मजदूरों के लौटने से उनके परिवारों सहित पूरे इलाके में खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, ये सभी मजदूर जनवरी 2024 में कल्पतरु कंपनी के तहत टावर लाइन निर्माण कार्य के लिए नाइजर गए थे। वहां 25 अप्रैल 2025 को हथियारबंद अपराधियों ने उनका अपहरण कर लिया था। अपराधियों ने मजदूरों के हाथ बांधकर और आंखों पर पट्टी बांधकर उन्हें कई किलोमीटर दूर जंगल में ले जाकर बंधक बना लिया। करीब आठ माह तक अमानवीय परिस्थितियों में बंधक बनाए रखने के बाद उन्हें मुक्त किया गया।

मुक्ति के बाद सभी मजदूरों ने भारतीय दूतावास की देखरेख में आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी कीं। इसके बाद उन्हें स्वदेश लाया गया।

भारत पहुंचने पर मुंबई के एक मेडिकल कॉलेज में सभी की स्वास्थ्य जांच कराई गई, जिसके बाद उन्हें घर भेजा गया।

घर लौटते ही मजदूरों के परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। आसपास के लोग उनके घर पहुंचकर आपबीती जान रहे हैं। इस दौरान बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने घर लौटे संजय महतो और उत्तम महतो से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। वहीं प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली ने भी मजदूरों से मिलकर उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## गंभीर मामलों का आरोपित धराया

**सीतामढ़ी।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीतामढ़ी जिले के महिंदवारा थाना क्षेत्र से अपहरण, हत्या और लूट जैसी गंभीर घटनाओं में शामिल शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान अभिषेक कुमार उर्फ प्रगति के रूप में हुई है, जो महिंदवारा थाना क्षेत्र के सुगरीडीह गांव का निवासी है।

बिहार पुलिस मुख्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, किशनगंज और शिवहर जिले के विभिन्न थानों में अपहरण, हत्या, लूट और एनडीपीएस एक्ट से जुड़े कुल पांच मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद महिंदवारा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एसटीएफ की पूछताछ में अभिषेक कुमार उर्फ प्रगति ने अपने गिरोह से जुड़े कई अन्य बदमाशों के नाम और ठिकानों की जानकारी दी है।

# लगेगी ट्रैफिक सिग्नल लाइट, यातायात व्यवस्था होगी दुरूस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त और आधुनिक बनाने की दिशा में नगर निगम ने पहल की है। बुधवार को नगर निगम कार्यालय परिसर पर में ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगा रही लार्सन एंड टूब्रो कंपनी ने भूमि पूजन किया।

कंपनी के पदाधिकारी अंकित कुमार ने कहा कि भूमि पूजन के साथ शहर में ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाने का काम प्रारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सुरक्षित सुशासित शहर योजना के तहत काम किया जा रहा है। बढ़ते ट्रैफिक दबाव, सड़क दुर्घटनाओं और निगरानी व्यवस्था में सुधार को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख स्थलों पर नई तकनीकी सुविधाएं लगाने का काम किया गया। शहर के आठ प्रमुख चौराहों पर आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाई जाएगी। इनसे यातायात प्रबंधन में काफी सुधार होगा।

नई सिग्नल प्रणाली में टाइमिंग कंट्रोल, सेंसर बेस्ड ऑपरेशन और इमरजेंसी वाहन पहचान जैसे फीचर शामिल होंगे। ट्रैफिक सिग्नल लाइट को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम परिसर में नियंत्रण कक्ष का निर्माण किया जा रहा है।

शहर के राय काशी मोड, कचहरी के सामने, जिलाधिकारी कार्यालय के गोलंबर के पास, जीबी रोड छत्ता मस्जिद के सामने, नादरागंज मस्जिद के सामने, मिर्जा गालिब कालेज मोड़, रेलवे अस्पताल के पास, कोतवाली मोड़ और रेलवे स्टेशन के सामने सड़क पर चिह्नित किया गया है।

इसके साथ ही अपराध नियंत्रण और सार्वजनिक स्थानों की निगरानी को मजबूत करने के लिए शहर के 75 स्थानों पर हाई रिजाल्यूशन सीसीटीवी भी लगेंगे।इन कैमरों की मदद से न केवल भीडभाड़ वाले क्षेत्रों पर नगर रखी जाएगी। बल्कि किसी भी घटना पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी।

कैमरों की लोकेशन इस तरह तय की जाएगी जिससे अधिकतम क्षेत्र कवर हो सके और निगरानी में कोई बाधा न आए।

## हरमनप्रीत यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय बनीं

### ये हैं ङ्खक्करु में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार (14 जनवरी) को बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह लीग के इतिहास में 1000 रन बनाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। ओवरऑल नट साइवर-ब्रंट के बाद दूसरी खिलाड़ी बनीं। हरमनप्रीत ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ 193 रनों का टारगेट चेज करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। 36 साल की इस खिलाड़ी ने 43 गेंदों में 71 रनों की मैच जिताने वाली पारी खेलकर मुंबई इंडियंस को सात विकेट से जीत दिलाई। यूपी वॉरियर्स की कप्तान मेग लेनिंग भी 1000 रन पूरा करने के करीब हैं। एलिस पेरी के भी 950 से ज्यादा रन हैं, लेकिन वह इस साल लीग का हिस्सा नहीं हैं। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो शैफाली वर्मा ने 887 रन बनाए हैं। स्मृति मंधाना ने 711 रन बनाए हैं।

## ठंड, गंदगी और अस्वस्थ माहौल, इंदिरा गांधी स्टेडियम की व्यवस्थाओं पर फिर भड़कीं मिया ब्लिचफेल्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डेनमार्क की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने इंदिरा गांधी स्टेडियम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए हैं। डेनमार्क की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने एक बार फिर भारत में आयोजित इंडिया ओपन सुपर 750 के दौरान खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नए वेन्यू इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शिफ्ट होने के बावजूद हालात में कोई खास सुधार नहीं हुआ है।



### स्वास्थ्य के लिए असुरक्षित माहौल

ब्लिचफेल्ट ने कहा कि स्टेडियम में हालात गंदे और अस्वस्थ हैं, जो खिलाड़ियों के लिए बिल्कुल भी पेशेवर नहीं कहे जा सकते। उनके मुताबिक, अत्यधिक ठंड के कारण खिलाड़ी दो-दो लेयर के कपड़े, जैकेट, दस्ताने और टोपी पहनकर वार्म-अप करने को मजबूर हैं।

**वार्म-अप में आ रही दिक्कत**- उन्होंने बताया कि इतनी ठंड में सही तरीके से वार्म-अप करना मुश्किल हो जाता है, जबकि खिलाड़ियों को कोर्ट पर तेज मूवमेंट और स्प्लिट्स जैसे कठिन मूव्स करने होते हैं। ब्लिचफेल्ट ने कहा कि यह एलिट खिलाड़ियों की तैयारी के लिए बिल्कुल सही माहौल नहीं है।

**पिछले साल जैसी ही शिकायत**- मिया ने साफ कहा कि उन्होंने पिछले साल केडी जाधव हॉल में भी इसी तरह की शिकायतें की थीं और इस साल भी स्थिति लगभग वैसी ही है।

उन्होंने बताया कि वार्म-अप कोर्ट में पक्षी उड़ते नजर आए और कोर्ट पर गंदगी भी थी, जो बेहद अस्वस्थ स्थिति को दर्शाता है।

### कंधे की चोट के कारण एडिलेड इंटरनेशनल से

# हटे कॉककिनाकिस

**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के थानासी कोकिनाकिस ने बुधवार को दाहिने कंधे में चोट के कारण एडिलेड इंटरनेशनल से नाम वापस ले लिया, जिससे उनके विरोधी वैलेंटीन वैचेरोट को वॉकओवर मिल गया। नतीजतन, 2025 शंघाई चैंपियन वैचेरोट क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए हैं। यह मोनेगास्क खिलाड़ी अब या तो टॉप सीड एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना या ऑस्ट्रेलियाई रिंकी हिजिकाटा का सामना करेंगे।

डेविडोविच फोकिना बुधवार शाम को सेंटर कोर्ट पर हिजिकाटा से खेलेंगे। कोकिनाकिस ने सोमवार शाम एकल मुकाबलों में लंबे इंतजार के बाद दमदार वापसी की। पेक्टोरल मांसपेशी की पुरानी समस्या के चलते सर्जरी कराने के बाद वह करीब 12 महीनों से टेनिस से दूर थे। घरेलू दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ी को मैच के दौरान कंधे की चोट ने फिर परेशान किया, लेकिन दर्द को दरकिनार करते हुए उन्होंने एडिलेड इंटरनेशनल में लगभग एक साल बाद अपने पहले एकल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। पिछले साल 15 जनवरी के बाद अपने पहले सिंगल्स मैच में, दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दर्द के बावजूद अपना वापसी मैच पूरा किया। फाइनल-सेट टाई-ब्रेक में सेबेस्टियन कोर्डा को हराया,



लेकिन पूरे मैच के दौरान उन्हें अपने दाहिने कंधे में साफ तौर पर परेशानी हो रही थी। कोकिनाकिस ने अपने मैच के बाद कहा, 'यह मुश्किल है। जाहिर है, सर्व करने की वजह से मेरे दाहिने हाथ ने मेरे पूरे करियर में मुझे परेशान किया है।

बहुत सारे 'अगर ऐसा होता तो क्या होता' वाले सवाल हैं, खासकर मेरे दिमाग में, अगर मुझे इससे परेशानी नहीं होती। मुझे पता है कि छोटी-मोटी चोटें यहां-वहां सामान्य हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मैं जिस दौर से गुजरा हूं, वह थोड़ा असामान्य है। 'उन्होंने आगे कहा, 'यह मानसिक रूप से मुश्किल है। मैंने पूरा साल रिहैब में बिताया, इसे ठीक करने की कोशिश की। मेरी सर्जरी हुई थी। यह पिछले साल के दर्द से थोड़ा अलग था। मैं देखूंगा कि कल सुबह कैसा महसूस करता हूं। लेकिन, हां, यह मुश्किल है। यह निश्चित रूप से जीत का मजा किरकिरा कर देता है। पिछले फरवरी में, कोकिनाकिस के दाहिने पेक्टोरल मांसपेशी और कंधे की सर्जरी हुई थी।

# अब स्लो बैटिंग नहीं चलेगी!

### टी20 में रिटायर्ड आउट का दौर, 13 दिन में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 क्रिकेट में नया ट्रेंड देखने को मिला है। 2026 में 13 दिन के अंदर 7 खिलाड़ी रिटायर्ड आउट हुए हैं। इसका ताजा मामला मंगलवार (13 जनवरी) को विमेंस प्रीमियर लीग 2026 में डीवाई पाटिल स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुजरात जायंट्स की पारी के दौरान देखने को मिला। आयुषी सोनी इस लीग में रिटायर्ड आउट होने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। सोनी के रिटायर होने के बाद मैदान पर आईं भारती फुलमाली ने 15 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 36 रन बनाए। जॉर्जिया वेयरहम के साथ उनकी 56 रन की पार्टनरशिप की बदौलत गुजरात जायंट्स का स्कोर 5 विकेट पर 192 रन तक पहुंच गया। इससे पहले सोनी नंबर 6 पर बैटिंग करने आईं और रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। वह 14 गेंदों पर 11 रन बनाकर खेल रही थीं और उन्होंने एक भी बाउंड्री नहीं लगाई थी। 16वें ओवर के आखिर में जायंट्स ने उन्हें रिटायर्ड आउट किया उस समय स्कोर 5 विकेट पर 136 रन था।



### 13 दिन में ये खिलाड़ी हुए रिटायर्ड आउट

- आयुषी सोनी, गुजरात जायंट्स, डब्ल्यूपीएल।
- मोहम्मद रिजवान, मेलबर्न रेनेगेड्स, बीबीएल।
- टिम प्रिंगल, नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट, सुपर स्मैश।
- रस्टन चेज, प्रिटोरिया कैपिटल्स, एसए 20।
- जीत रावल, नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट, सुपर स्मैश।
- जेवियर बेल, नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट, सुपर स्मैश।
- निक मैडिनसन, सिडनी थंडर, बीबीएल।

### रिटायर्ड आउट के बढ़ते मामले

महिला फ्रेंचाइजी टी20 क्रिकेट में दूसरी बार कोई खिलाड़ी रिटायर्ड आउट आउट हुई। इससे पहले 2024 में विमेंस हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के खिलाफ मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए कैथरीन ब्राइस का रिटायर्ड आउट हुई थीं। 2026 में पुरुष टी20 क्रिकेट में अब तक छह खिलाड़ी रिटायर्ड आउट हो चुके हैं। इसमें न्यूजीलैंड की सुपर स्मैश में एक ही पारी में दो खिलाड़ी रिटायर्ड आउट हुए। हाल ही में बीबीएल 2026 में पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को मेलबर्न रेनेगेड्स ने सिडनी थंडर के खिलाफ रिटायर्ड आउट कर दिया था।

**मेंस एचआईएल: बंगाल टाइगर्स ने तमिलनाडु ड्रैगन्स को 5-3 से हराया**

# जुगराज सिंह की हैट्रिक



**रांची, एजेंसी।** मेंस हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2026 में जुगराज सिंह ने इस सीजन की अपनी पहली हैट्रिक लगाकर श्राची बंगाल टाइगर्स को अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स के खिलाफ 5-3 से शानदार जीत दिलाई। मंगलवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में जीत के साथ बंगाल टाइगर्स 7वें पायदान से सीधे चौथे स्थान पर पहुंच गई है। इसी के साथ टीम ने अगले दौर में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी हैं। डिफेंडिंग चैंपियन श्राची बंगाल टाइगर्स ने तेज शुरुआत की। अभिषेक ने गोल पर पहला असली शॉट लगाया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। हालांकि, बचाव करते समय एक गलती के कारण अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 11वें मिनट में पेनाल्टी स्ट्रोक दे दिया। जुगराज सिंह गोलपोस्ट पर दिग्गज डेविड हार्ट के सामने थे। उन्होंने गेंद को नीचे और तेजी से मारकर गोलकीपर को चकमा देकर गोल किया। 11वें मिनट तक टाइगर्स ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली थी।

1-0 की बढ़त ने टाइगर्स को बेहतर स्थिति में ला दिया था। हालांकि, दूसरा क्वार्टर गोलरहित रहा, जिसमें ड्रैगन्स ने बराबरी की पूरी कोशिश की और उनके लिए उत्तम सिंह ने आक्रमण की अगुवाई की, लेकिन वे अपने प्रयासों को गोल में नहीं बदल सके। हाफटाइम पर टाइगर्स के कोच वैलेंटिन आल्टेनबर्ग खुश नहीं दिखे और उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस मैच में कई चीजें बेहतर कर सकती है।

हालांकि 36वें मिनट में ड्रैगन्स को पेनाल्टी कॉर्नर से एड्रोहित के गोल के जरिए सफलता मिली, लेकिन यह क्वार्टर पूरी तरह टाइगर्स के नाम रहा। जुगराज सिंह ने 43वें और 45वें मिनट में गोल करते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की। इसके बाद टाइगर्स 4-1 की बढ़त पर थी, लेकिन अंतिम क्वार्टर में उन्होंने ड्रैगन्स को वापसी का मौका दे दिया। ड्रैगन्स ने 48वें और 51वें मिनट में थॉमस सोर्सबी और ब्लेक गोवर्स के गोल से मुकाबले को 4-3 कर दिया। अंतिम मिनटों में वीडियो रेफरल के चलते मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया, जिसमें टाइगर्स को बढ़त मिली। 55वें मिनट में मिला पेनाल्टी कॉर्नर टाइगर्स की जीत में निर्णायक साबित हुआ। अभिषेक ने शानदार वैरिएशन पर गोल किया। इंजेक्शन के बाद उन्होंने खुद को सही जगह पर रखते

### • खेत से मैदान तक के संघर्ष की कहानी

## जिस खेल को लोग समझते हैं मामूली, उसी ने बदली अक्षय पाटिल की जिंदगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब खेतों में हल चलाने वाले हाथ रस्सी थामकर देश का नाम रोशन करें, तो समझिए कि किस्मत भी मेहनत के आगे झुक जाती है। सुबह की पहली किरण जब खेतों पर पड़ती है, तब मिट्टी से उठती सौंधी खुशबू में पसीने की महक भी घुली होती है। यही पसीना किसी दिन खेल मैदान में ताकत बन जाता है और वही ताकत किसी परिवार की किस्मत बदल देती है। बर्फ बेचने वाले के बेटे ने जीता गोल्ड मेडल: भाई को खोया, पिता का सहारा बने; हर युवा को प्रेरित करेगी राजा दास की संघर्षगाथा कोल्हापुर के एक छोटे से गांव में जन्में अक्षय पाटिल की कहानी कुछ ऐसी ही है। जहां गरीबी, जिम्मेदारियां और हालात एक साथ खड़े थे, लेकिन उनके सामने खड़ा था एक मजबूत इरादा। जिस रस्साकशी को लोग आज भी गांव-मेले का मामूली खेल समझते हैं, उसी खेल ने अक्षय पाटिल को पहचान दी, रोजगार दिया और अपने परिवार को सम्मान की जिंदगी देने का अवसर दिया।

### मिट्टी में पले, मेहनत में ढले

अक्षय पाटिल की कहानी सिर्फ एक खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि उस भारत की तस्वीर है जहां खेल आज भी उम्मीद की सबसे मजबूत रस्सी है। अक्षय का बचपन खेतों की मेड़ों, बैलों की घंटियों और मिट्टी से सने पैरों के बीच बीता। पिता किसान थे और मां घर संभालने के साथ-साथ खेतों में हाथ बंटाती थीं। आमदनी सीमित थी और परिवार की जरूरतें ज्यादा। ऐसे माहौल में पढ़ाई करना भी एक चुनौती थी। 80 साल के दादा के सहारे दौड़ रही हरियाणा की गोल्डन गर्ल, पिता लापता, जूते खरीदना तक मुश्किल, मनीषा की आर्थिक मदद की गुहार सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अक्षय के लिए सालाना 1200 रुपये की फीस जुटाना भी कई बार मुश्किल होता था, लेकिन उसी स्कूल ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। पांचवीं कक्षा में जिलास्तरीय रस्साकशी ट्रायल हुआ। शिक्षक मजबूत कद-काठी वाले अक्षय पाटिल को उसमें ले गए। चयन हुआ और स्कूल ने फीस माफ कर दी। यही वह मोड़ था, जहां अक्षय को पहली बार अहसास हुआ कि खेल सिर्फ शौक नहीं, रास्ता भी हो सकता है।

### गांव के अखाड़े से राष्ट्रीय मंच तक

गांव में रस्साकशी कोई नई चीज नहीं थी। मेलों में, त्योहारों में, प्रतियोगिताओं में यह खेल हमेशा लोगों का मनोरंजन करता रहा है, लेकिन अक्षय ने इसे मनोरंजन से आगे बढ़ाकर लक्ष्य बना लिया। सुबह खेतों में काम, दोपहर को स्कूल और शाम को अभ्यास, यही उनकी दिनचर्या बन गई।

# हम अपनी कोशिश के बारे में कुछ भी बुरा नहीं कह सकते

### गुजरात जायंट्स के कोच क्लिंगर ने एमआई के खिलाफ छूटे कैचों पर कहा

**नवी मुंबई, एजेंसी।** गुजरात जायंट्स के हेड कोच माइकल क्लिंगर ने माना कि फील्डिंग में बार-बार गलतियों की वजह से उनकी टीम को भारी कीमत चुकानी पड़ी। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार के बावजूद टीम का ओवरऑल कमिटमेंट और तैयारी मजबूत है। गुजरात जायंट्स को डब्ल्यूपीएल 2026 सीजन में अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा, उनकी खराब फील्डिंग ने टूर्नामेंट में पहले दिखाए गए अच्छे प्रदर्शन पर पानी फेर दिया। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत को तीन बार ड्रॉप किया गया, और कई मिसफील्ड और ओवरथ्रो ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दीं, जो उनके पहले दो मैचों में सेट किए गए शानदार स्टैंडर्ड से बिल्कुल अलग था।



प्रदर्शन पर बात करते हुए, क्लिंगर ने कहा कि जायंट्स ज्यादातर पारी में काफी सॉलिड थे, लेकिन आखिर में चीजें बिगड़ गईं।

क्लिंगर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमने पहले कुछ मैचों में बहुत अच्छी फील्डिंग की थी। और शायद पहले 14-15 ओवरों में हमने काफी अच्छी फील्डिंग की और फिर आखिरी पांच-छह ओवरों में वे सभी कैच छूट गए।

## 'द 50' में धनश्री वर्मा के साथ आने की खबरों पर युजवेंद्र चहल ने तोड़ी चुप्पी, जानिए क्या कहा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हाल ही में काफी सुर्खियों में हैं. हालांकि इस बार वजह क्रिकेट नहीं बल्कि उनकी निजी जिंदगी और एक रियलिटी शो से जुड़ी अफवाहें हैं. बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया और एंटरटेनमेंट पोर्टल्स पर यह दावा किया जा रहा था कि चहल जल्द ही एक बड़े रियलिटी शो में नजर आ सकते हैं, जिसमें उनकी एक्स वाइफ धनश्री वर्मा के साथ उनकी री-यूनियन भी दिखाई जा सकती है.



**रियलिटी शो की खबरों पर चहल ने तोड़ी चुप्पी**- लगातार बढ़ती अफवाहों के बीच युजवेंद्र चहल ने आखिरकार 13 जनवरी को इन खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ी. उन्होंने अपने आधिकारिक बयान के जरिए साफ कर दिया कि वह किसी भी रियलिटी शो का हिस्सा नहीं बनने जा रहे हैं. चहल ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म 'लीगेसी' द्वारा जारी एक बयान शेयर किया, जिसमें इन सभी दावों को गलत बताया गया है.

## आखिरी गेंद पर छक्का, पार्ल रॉयल्स को कांटे के मैच में दिलाई जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने मंगलवार शाम बोलैंड पार्क में आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर पार्ल रॉयल्स को छह विकेट से यादगार जीत दिलाते हुए घरेलू दर्शकों के दिलों में अपनी जगह और पुख्ता कर ली। डेविड वीजे के अंतिम ओवर में रॉयल्स को जीत के लिए छह रन चाहिए थे। समीकरण आखिरी गेंद पर दो रन का रह गया और दबाव के इस अहम एसए20 पल में रजा ने संयम दिखाते हुए छक्का लगाकर रॉयल्स के खेमे में जश्न की लहर दौड़ा दी।

**सिकंदर रजा का कमाल**- इस जीत के साथ ही पार्ल रॉयल्स ने बोलैंड पार्क पर अब तक का सबसे बड़ा सफल रन चेज भी पूरा किया, जब डरबन सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 186/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया था। रजा 13 गेंदों पर 27 रन बनाकर नाबाद रहे (2 चौके,



2 छक्के), लेकिन इस रोमांचक मुकाबले में रॉयल्स के लिए कई नायक रहे। रूबिन हर्मन ने 45 गेंदों पर नाबाद 65 रन (3 चौके, 3 छक्के) बनाए, जबकि डैन लॉरेंस ने 41 गेंदों पर 63 रन (2 चौके, 4 छक्के) की अहम पारी खेली और लक्ष्य का पीछा जिंदा रखा। तीसरे विकेट के लिए हर्मन और लॉरेंस के बीच 61 गेंदों में 106 रनों की साझेदारी निर्णायक साबित हुई। लॉरेंस खास तौर पर सुपर जायंट्स के स्पिनरों पर भारी पड़े। उन्होंने साइमन हार्मर को छक्का जड़ा और लियाम लिविंगस्टोन की गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर पारी को तेज रफ्तार दी।

इसके उलट, रॉयल्स के अफगानिस्तान के रहस्यमयी स्पिनर मुजीब उर रहमान ने सुपर जायंट्स की दमदार बल्लेबाजी के बीच किफायती गेंदबाजी करते हुए 2/22 के आंकड़े दर्ज किए।

प्लेयर ऑफ द मैच के लिए चार दावेदार-रूबिन हर्मन, डैन लॉरेंस, लियाम लिविंगस्टोन और एडन मार्करम-थे, जिनमें हर्मन ने 45 प्रतिशत फैन वोट हासिल कर यह पुरस्कार जीता।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी के प्रेमी से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की खुदकुशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम के युवक की खुदकुशी करने के मामले में खुलासा हुआ है।




पुलिस के मुताबिक पत्नी के प्रेमी के साथ जाने से युवक तनाव में था, इस वजह से उसने पांच जनवरी को ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी की थी। राजस्थान के झुंझुनू निवासी विक्रम ने खुदकुशी करने से पहले एक वीडियो बनाकर अपने साले अरुण को कॉल किया और उसे यह वीडियो भेजा था। इसमें उसने नम आंखों से आपबीती सुनाई। साले अरुण ने विक्रम के दोस्त को वीडियो भेजा,विक्रम का दोस्त उसे बचाने के लिए भी स्टेशन पहुंचा,लेकिन जब तक विक्रम आत्महत्या कर चुका था। परिजनों को वीडियो मिलने के बाद पुलिस को सौंपा गया। प्रेमी के साथ फरार हो गई थी पत्नी परिजनों के अनुसार विक्रम की पत्नी कुछ समय से राजस्थान के रहने वाले एक युवक के संपर्क में थी। वह उसके साथ फरार हो गई, जिससे विक्रम अवसाद में चला गया। वीडियो नोट में इस बात का भी जिक्र है कि पत्नी का प्रेमी उसे फोन पर धमकियां देता था। पुलिस ने विक्रम के पिता की शिकायत पर पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### यूपी एसटीएफ ने गाजियाबाद से दो जालसाजों को दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी एसटीएफ ने फर्जी फर्म बनाकर 100 करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया। शालीमार गार्डन क्षेत्र से सोमवार रात गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। फर्जी ई-वे बिल बनाकर खरीद-फरोख्त दिखाते आरोपी फर्जी ई-वे बिल बनाकर खरीद-फरोख्त दिखाते हुए आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) क्लेम कर राज्य कर विभाग को नुकसान पहुंचा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह कई राज्यों में फैला हुआ है। सहारनपुर के सदर बाजार थाने में बीते साल शौर्या एंटरप्राइजेज द्वारा फर्जी लेन-देन दिखाकर करोड़ों की टैक्स चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। राज्य कर विभाग और पुलिस की जांच में पता चला कि फर्जी लेन-देन पर आईटीसी क्लेम कर 100 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला किया गया। सीओ एसटीएफ प्रमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि सहारनपुर पुलिस ने इस मामले में एसटीएफ से मदद मांगी थी। साक्ष्यों के आधार पर छानबीन में पता चला कि आरोपी गाजियाबाद में हैं। सोमवार देर रात डीएलएफ दिलशाद एक्सटेंशन स्थित एक फ्लैट पर दबिश दी गई। यहां से पुलिस ने लोनी निवासी मोहम्मद शादाब और दिल्ली के शाहदरा निवासी मोहम्मद आलम को गिरफ्तार किया। इनके पास से लैपटॉप, सात मोबाइल, चेकबुक और एक पेन कार्ड बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर बोगस फर्म बनाते थे और उनके नाम से फर्जी जीएसटी रिटर्न दाखिल करते थे। बैंक खातों के जरिये दिखावटी लेन-देन करते थे। इसी के आधार पर आईटीसी क्लेम कर लेते थे। गिरोह में और भी सदस्य शामिल हैं और अब तक आरोपी 100 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व की क्षति पहुंचा चुके हैं। जिस फ्लैट से आरोपियों को पकड़ा गया, वह मोहम्मद शादाब ने किराये पर ले रखा था। उसने बताया कि वह एक अन्य साथी मोहसिन के साथ विभिन्न फर्मों के लेखा-जोखा का काम करता है। इसी दौरान मोहम्मद आलम, समर, तुफैल और रहमान से परिचय हुआ। इसके बाद सभी ने मिलकर बोगस फर्में बनाकर फर्जीवाड़ा शुरू कर दिया। जिन फर्मों को माल बिक्री दिखाना होता था, उसका पूरा इनपुट मोहम्मद शादाब और मोहसिन देते थे। मोहम्मद आलम, समर, तुफैल और रहमान आदि सेल्स इनवॉइस, ई-वे बिल बनाकर जीएसटी पोर्टल पर अपलोड कर देते थे।

# यमुना को पुनर्जीवित करने की तैयारी, हथनीकुंड और ओखला में लगेंगे रीयल-टाइम मॉनिटरिंग स्टेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र सरकार ने यमुना नदी के पर्यावरणीय बहाव (ई-फ्लो) की सही निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। हथनीकुंड और ओखला बैराज के पास दो आधुनिक मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। ये स्टेशन नदी के पानी के बहाव और गुणवत्ता पर रीयल-टाइम नजर रखेंगे, ताकि यमुना को फिर से जीवंत बनाने की दिशा में सही फैसले लिए जा सकें।



यमुना दिल्ली में बेहद प्रदूषित हो चुकी है। यहां नदी को न्यूनतम ई-फ्लो के लिए करीब 23 क्यूमेक्स पानी की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में सिर्फ 10 क्यूमेक्स ही मिल पाता है। विशेषज्ञों और संसदीय समिति की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 23 क्यूमेक्स बहाव से नदी में प्रदूषण कम होगा, झाग जैसी समस्या घटेगी और कुछ जलीय जीव फिर से जीवित रह सकेंगे।

ये नए स्टेशन इसी कमी को दूर करने में मदद करेंगे। इनसे नदी के विभिन्न पैरामीटर्स जैसे बहाव, पानी की गुणवत्ता आदि की लगातार निगरानी होगी। इससे हरियाणा और दिल्ली के बीच पानी छोड़ने को लेकर होने वाले विवादों का भी पारदर्शी समाधान संभव होगा।

नमामि गंगे मिशन के तहत नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा ने इस प्रोजेक्ट को प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। कुल 1.56 करोड़ रुपये का खर्च आएगा, जिसमें से लगभग 1 करोड़ रुपये उपकरणों पर और बाकी इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगेंगे। ये दोनों स्टेशन अगले छह महीनों में तैयार हो जाएंगे और सितंबर 2026 तक पूरी तरह चालू हो जाएंगे। ये स्टेशन हस्ष्टत्त के ई-फ्लो मॉनिटरिंग सेंटर से जुड़े होंगे, जो डिजिटल तरीके से नदी की स्थिति ट्रैक करेगा।

यमुना यमुनोत्री ग्लेशियर से निकलती है और 1,376 किलोमीटर की यात्रा के बाद प्रयागराज में गंगा से मिलती है। लेकिन दिल्ली पहुंचते-पहुंचते बैराजों से पानी नहरों में डायवर्ट हो जाता है। गर्मियों में तो मूल मात्रा का सिर्फ 10त्न पानी ही बच पाता है और वह भी ज्यादातर सीवेज से भरा होता है। वजीराबाद से ओखला के 22 किलोमीटर के हिस्से में ही नदी का 76त्न से ज्यादा प्रदूषण जुड़ जाता है। हथनीकुंड बैराज पानी छोड़ने का मुख्य केंद्र है, लेकिन यहां से कितना पानी दिल्ली पहुंच रहा है, इस पर अक्सर विवाद होता है। दिल्ली सरकार भी ई-फ्लो बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसमें वजीराबाद और ओखला के नीचे ज्यादा ट्रीटेड पानी छोड़ना, गंगा से कुछ पानी यमुना में डायवर्ट करना और 1994 के पानी बंटवारे समझौते की दोबारा समीक्षा शामिल है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के आवास पर लगी आग

### फायर विभाग ने 10 मिनट में पाया काबू




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के हाई-प्रोफाइल इलाके मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के सरकारी आवास में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। यह घटना सुबह करीब 8ः05 बजे हुई, जब घर के एक कमरे में रखे बेड में आग भड़क उठी। हालांकि, फायर ब्रिगेड की तेज कार्रवाई से महज 10 मिनट में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई और कोई बड़ा नुकसान भी नहीं हुआ। दिल्ली फायर सर्विस की तीन गाड़ियां और दिल्ली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। आग बुझाने के बाद पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली फायर सर्विस के सब-फायर ऑफिसर सुरेश एम ने बताया, कॉल मिलते ही हम मौके पर पहुंचे। आग एक कमरे में लगी थी, जिसे अब पूरी तरह बुझा दिया गया है। हमने सीनियर अधिकारियों को भी सूचित कर दिया है। आग का सटीक कारण अभी पता नहीं चला है, लेकिन शॉर्ट सर्किट या बिस्तर से जुड़ी कोई बिजली की समस्या होने की संभावना जताई जा रही है।

# मुफ्त सफर के लिए अगले महीने से मिलेंगे कार्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा जारी रखने के लिए जल्द एनसीएमसी (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड) कार्ड जारी होने शुरू हो जाएंगे। डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है।

डीटीसी के मुताबिक,महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स के लिए पिंक कार्ड निशुल्क जारी होगा, जबकि रियायती यात्रा और सामान्य यात्रा के लिए जारी किए जाने वाले पास के लिए लोगों को मामूली शुल्क देना पड़ेगा। मेट्रो और नमो भारत ट्रेनों की तरह जारी होने वाले कार्ड का यह शुल्क सिर्फ एक बार लिया जाएगा। फिलहाल महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स को दिल्ली की बसों में मुफ्त यात्रा के लिए पिंक टिकट जारी किए जाते हैं। दिल्ली में रोजाना करीब सात लाख पिंक टिकट जारी किए जाते हैं। महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स को प्रत्येक यात्रा के लिए अलग-अलग टिकट लेना पड़ता है। डीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि एनसीएमसी कार्ड जारी करने के लिए प्राइवेट कंपनियों को करीब एक महीना लगेगा। कार्यादेश जारी हो जाने के बाद कंपनियां निर्धारित केंद्रों पर अपना सेटअप लगाएंगी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि कार्ड जारी करने की प्रक्रिया फरवरी में शुरू हो सकती है। कार्ड के लिए पात्र महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स के लिए दिल्ली के पते वाला आधार कार्ड जरूरी होगा। इसके अलावा रियायती यात्रा का कार्ड और सामान्य कार्ड मामूली शुल्क लेकर जारी किया जाएगा। सामान्य श्रेणी के कार्ड को कोई भी यात्री निर्धारित शुल्क देकर ले सकता है, जबकि रियायती पास उन्हीं यात्रियों को जारी किए जाएंगे, जो उसकी पात्रता को पूरा करेंगे। मसलन, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, पत्रकार, खिलाड़ी या अन्य श्रेणी में आने वाले लोगों को इससे संबंधित दस्तावेज भी देने होंगे। उधर,कंपनियों को भी कार्ड जारी किए जाने की एवज में पैसा मिलेगा। उन्हें कार्ड धारकों की प्रत्येक यात्रा पर कमीशन भी मिलेगा। यह कमीशन उन्हें सरकार की ओर से दिया जाएगा। इसका भार जनता पर नहीं पड़ेगा।

# दिल्ली कैबिनेट का बड़ा फैसला, कार्बन क्रेडिट से होगी सरकार की बंपर कमाई

## दिल्ली अब हरित प्रयासों से कमाएगी राजस्व

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली कैबिनेट ने मंगलवार को कार्बन क्रेडिट मोनेटाइजेशन फ्रेमवर्क को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से दिल्ली की हरित परियोजनाओं से होने वाली कार्बन उत्सर्जन में कमी को मापकर कार्बन क्रेडिट में बदला जाएगा और इन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेचा जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण के लिए बिना सरकारी खजाने पर कोई अतिरिक्त बोझ डाले नया राजस्व स्रोत बनेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, दिल्ली सरकार जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस फ्रेमवर्क से अतिरिक्त राजस्व मिलेगा, जिससे विकास कार्य तेज होंगे। यह पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा और राजस्व को राज्य के कंसॉलिडेटेड फंड में जमा कर सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में लगाया जाएगा। दिल्ली कार्बन बाजार में अग्रणी राज्य बनेगी।

पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि दिल्ली पहले से ही बड़े पैमाने पर हरित बदलाव ला रही है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार, इलेक्ट्रिक बसें, शहरी वानिकी, यमुना की सफाई, सोलर ऊर्जा का बढ़ता उपयोग, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट और लैंडफिल से बायोगैस उत्पादन शामिल हैं। इन प्रयासों से होने वाली उत्सर्जन कटौती को वैज्ञानिक तरीके से मापा जाएगा।

एक मीट्रिक टन सीओ2 (या समकक्ष ग्रीनहाउस गैस) कम होने पर एक कार्बन क्रेडिट मिलेगा। क्रेडिट को वीरा, गोल्ड सेटेंडर्ड या भारत के उभरते कार्बन मार्केट जैसे प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर किया जाएगा। इन्हें



बेचकर मिलने वाली कमाई सीधे राज्य के फंड में जाएगी। ये पूरी प्रक्रिया राजस्व-साझेदारी मॉडल पर आधारित है। सरकार को कोई शुरुआती खर्च नहीं करना पड़ेगा। विशेष एजेंसियां सफलता के बाद ही फीस लेंगी।

पर्यावरण विभाग तीन विशेषज्ञ एजेंसियों को पैनल में शामिल करेगा, जो प्रोजेक्ट की पहचान, दस्तावेजीकरण, सत्यापन, क्रेडिट जारी करना और ट्रेडिंग में मदद करेंगी। मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग और वेरिफिकेशन सिस्टम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा।

दिल्ली ने सफल मॉडलों से सीख ली है। इंदौर ने कंपोस्टिंग और सोलर प्रोजेक्ट्स से 50 लाख रुपये कमाए। मेघालय में किसानों को प्रति टन 40 यूरो मिले, जबकि अरुणाचल प्रदेश के छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट से 16,000 से ज्यादा टन क्रेडिट बने। दिल्ली अब इनसे आगे बढ़कर शहरी स्तर पर मिसाल कायम करेगी।

कैबिनेट ने दिल्ली फाइनेंशियल कॉर्पोरेशन को बंद करने का भी फैसला लिया। यह संस्था लगातार घाटे में चल रही थी। इसकी नेट वर्थ माइनस 15.45 करोड़ रुपये हो गई और बैड लोन 55.8त्न तक पहुंच गए। रिकवरी की कोई संभावना नहीं बची थी।

# सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया में सबसे शक्तिशाली

**सिंगापुर, एजेंसी।**
2026 में दुनिया के पासपोर्ट की ताकत का नया आंकड़ा आया है। ये दिखाता है कि ग्लोबल मोबिलिटी की खाई और बड़ी हो गई है। हेन्ली पासपोर्ट इंडेक्स के मुताबिक, कूटनीति, आर्थिक ताकत और राजनीतिक स्थिरता ने इस रैंकिंग को पूरी तरह बदल दिया है।

सिंगापुर ने एक बार फिर दुनिया का सबसे मजबूत पासपोर्ट का ताज अपने नाम किया है, जबकि कई यूरोपीय देश पीछे छूटते नजर आ रहे हैं। ये इंडेक्स बताता है कि पासपोर्ट कितनी जगहों पर बिना वीजा के घूमने की आजादी देता है। सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया में नंबर 1 है। इसके धारक 192 देशों में बिना पहले वीजा लिए जा सकते हैं। ये लगातार कई सालों से टॉप पर बना हुआ है। जापान और साउथ कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं, दोनों के पासपोर्ट से 188 जगहों पर वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। वहीं तीसरे स्थान पर डेनमार्क, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्वीडन और स्विट्जरलैंड हैं, हर एक से 186 डेस्टिनेशन वीजा-फ्री हैं। चौथे नंबर पर 10 यूरोपीय देश टाई हैं। इनमें ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, आयरलैंड, इटली, नीदरलैंड्स और नॉर्वे शामिल हैं। इनके पासपोर्ट से 185 जगहों पर आसानी से घूमा जा सकता है।पांचवें स्थान पर हंगरी, पुर्तगाल, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया और यूएई हैं, जहां 184




डेस्टिनेशन वीजा-फ्री हैं। यूएई की तरक्की खास है, क्योंकि इसने आक्रामक वीजा डिप्लोमेसी से बड़ा उछाल मारा है। छठे नंबर पर क्रोएशिया, चेकिया, एस्टोनिया, माल्टा, न्यूजीलैंड और पोलैंड हैं। सातवें पर ऑस्ट्रेलिया, लातविया, लिकटेंस्टीन और यूके हैं। आठवें स्थान पर कनाडा, आइसलैंड और लिथुआनिया हैं। नौवें पर मलेशिया और दसवें पर अमेरिका है। भारत का पासपोर्ट 2026 में 80वें स्थान पर है। भारतीय पासपोर्ट धारक अब 55 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल जा सकते हैं। पिछले साल यानी 2025 में भारत 85वें स्थान पर था, तो ये पांच पायदानों की बढ़त है। भारत अभी भी ग्लोबल औसत से काफी नीचे है और कई उभरते देशों से पीछे चल रहा है। ज्यादा तर देशों में भारतीयों को पहले वीजा लेना पड़ता है। इस लिस्ट में सबसे निचले पायदान पर अफगानिस्तान है। इसका पासपोर्ट सिर्फ 24 जगहों पर वीजा-फ्री एक्सेस देता है। सिंगापुर से तुलना करें तो ये गैप 168 डेस्टिनेशन का है। ये अंतर युद्ध, अस्थिरता और कम डिप्लोमैटिक रिश्तों की वजह से है। दुनिया में अमीर और गरीब देशों के बीच यात्रा की आजादी का फर्क लगातार बढ़ रहा है। दुनिया का सबसे भरोसेमंद पासपोर्ट रैंकिंग है। ये बताता है कि किसी पासपोर्ट से कितने देशों में बिना पहले वीजा के जा सकते हैं। ये डेटा इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से लिया जाता है। 20 साल से ज्यादा का इतिहास होने की वजह से सरकारें, नीति निर्माता और आम लोग इसे ट्रैवल फ्रीडम का बेंचमार्क मानते हैं।

# वेनेजुएला ने रिहा किए जेल में बंद अमेरिकी नागरिक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने 2 से 3 जनवरी की दरमियानी रात वेनेजुएला पर एक विस्फोटक हमला किया था। अमेरिकी सेना इस हमले में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को गिरफ्तार कर स्ले गई थी। अमेरिका के इस हमले के 12 दिन बाद ही वेनेजुएला ने जेल में बंद अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया है। ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के इस फैसले का स्वागत किया है। अमेरिकी सरकार ने मंगलवार 13 जनवरी को बताया कि वेनेजुएला में हिरासत में लिए गए कई अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। विदेश विभाग ने कहा, हम वेनेजुएला में हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों की रिहाई का स्वागत करते हैं। वेनेजुएला की राष्ट्रीय विधानसभा के प्रमुख जॉर्ज रोड्रिगेज ने अमेरिका के हमले के बाद एक बड़ा एलान किया था। रोड्रिगेज ने कहा था, मादुरो को सत्ता से हटाने वाले सैन्य अभियान के बाद शांति स्थापित करने के प्रयास में देश में कैद वेनेजुएला और अन्य विदेशी नागरिकों की काफी संख्या को रिहा किया जाएगा। वेनेजुएला के मानवाधिकार समूह फोरम पेनाल ने मंगलवार शाम तक बताया कि राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए 56 कैदियों को रिहा कर दिया गया है। समूह ने रिहाई को लेकर सरकार की पारदर्शिता की कमी की आलोचना की। वेनेजुएला सरकार ने संगठन के इस आंकड़े को खारिज करते हुए मंगलवार दोपहर को इन कैदियों की संख्या 400 बताई।

# भारत के खिलाफ इस्लामिक नाटो बनाने की तैयारी, पाकिस्तान का न्यूक्लियर वेपन

**अबुधावी/कराची, एजेंसी।**
दुनिया की नजरें अब मिडिल ईस्ट और साउथ एशिया पर टिकी हैं। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच साइन हुआ एक डिफेंस पैक्ट अब तुर्किए को शामिल करने की कगार पर है। यह पैक्ट नाटो की तरह काम करेगा और इसमें किसी एक सदस्य पर हमला पूरे ग्रुप पर हमला माना जाएगा। इसे कई लोग इस्लामिक नाटो या मुस्लिम नाटो कह रहे हैं।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और जल्द ही डील हो सकती है। यह बदलाव इसलिए अहम है क्योंकि इसमें सऊदी अरब का खजाना, पाकिस्तान का न्यूक्लियर हथियार और तुर्किए की मजबूत मिलिट्री पावर एक साथ आ रही है। भारत इस डील पर गहरी नजर रख रहा है।

यह पैक्ट सितंबर 2025 में सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच साइन हुआ था। इसमें साफ लिखा है कि किसी एक देश पर कोई आक्रमण दूसरे पर भी हमला समझा जाएगा। यह क्लॉज नाटो के आर्टिकल 5 जैसा है, जो तुर्किए पहले से ही फॉलो करता है क्योंकि वह नाटो का सदस्य है। अब तुर्किए इस पैक्ट में शामिल होने की कोशिश कर रहा है। अगर तुर्किए इसमें शामिल होता है तो यह तीन देशों का डिफेंस ब्लॉक बन सकता है।

**तीन देशों की भूमिका साफ:** इस्लामिक नाटो बनने से पहले सभी देशों की भूमिका लगभग पहले से ही तय है। यानी सऊदी अरब फाइनेंशियल बैकिंग देगा, यानी पैसे की कोई कमी नहीं होगी। पाकिस्तान अपना न्यूक्लियर डिटरेंट, बैलिस्टिक मिसाइल और बड़ी संख्या में सैनिक देगा। वहीं तुर्की अपनी मिलिट्री एक्सपर्टीज, होमग्रोन डिफेंस इंडस्ट्री और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी लाएगा।

तुर्किए पहले से ही पाकिस्तान के लिए कॉर्वेट वॉरशिप बना रहा है। इसके अलावा उसके पुराने एफ-16 जेट्स को अपग्रेड कर



चुका है और दोनों देशों के साथ ड्रोन टेक्नोलॉजी शेयर कर रहा है। तुर्किए ने पाकिस्तान और सऊदी अरब को अपने फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट प्रोग्राम कान में शामिल होने का न्योता भी दिया है। ये तीनों देश पहले से ही करीब आ रहे हैं। तुर्किए की डिफेंस मिनिस्ट्री के मुताबिक, इस हफ्ते अंकारा में तीनों देशों की पहली नेवल मीटिंग हुई। यह उनकी नौसेनाओं के बीच सहयोग की शुरुआत है। साउथ एशिया, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इनकी स्ट्रैटेजिक इंटरेस्ट अब एक जैसी हो रही हैं। खासकर ईरान को लेकर सऊदी अरब और तुर्किए दोनों चिंतित हैं। तीनों ही स्थिर सुन्नी-लीड सीरिया चाहते हैं और फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने की बात करते हैं। इस सर्कल में ईरान इकलौता शिया बहुल देश है। इस गठबंधन के पीछे एक बड़ी वजह अमेरिका की बदलती प्राथमिकताएं हैं। अमेरिका अब अपने और इजरायल के इंटरेस्ट पर ज्यादा फोकस कर रहा है। ऐसे में क्षेत्रीय देश नए दोस्त और दुश्मन तय करने के लिए ऐसे मैकेनिज्म बना रहे हैं।

तुर्किए नाटो का दूसरा सबसे बड़ा मिलिट्री वाला देश है, उसके पास अमेरिकी हथियार भी हैं, लेकिन अब वह सऊदी-पाकिस्तान के साथ मिलकर नए रास्ता तलाश रहा है। यह शिफ्ट रीजनल पावर बैलेंस को भी पूरी तरह बदल सकता है। हालांकि एक कंफ्यूजन ये भी कि इसमें संयुक्त अरब अमीरात, कतर, इराक के साथ किस तरह से संतुलन साधा जा सकता है। जैसा ही हाल में देखा गया कि यमन में गृहयुद्ध को लेकर सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात आमने-सामने आ गए थे।

# जल जीवन मिशन के तहत विभिन्न प्रखंडों में जल सेवा आकलन को लेकर समुदाय स्तर पर चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की गुणवत्ता एवं सेवाओं के आकलन को लेकर लगातार समुदाय स्तर पर गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज बुधवार को गोमिया प्रखंड के कोदवा टांड़ पंचायत में मुखिया की उपस्थिति में जल सेवा आकलन को लेकर समूह चर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने जलापूर्ति की स्थिति, नियमितता एवं समस्याओं पर अपने अनुभव साझा किए। इसी क्रम में जारिडीह प्रखंड के बंधडीह नॉर्थ वीडब्ल्यूएससी के साथ भी जल सेवा आकलन को लेकर बैठक आयोजित



की गई, जिसमें वीडब्ल्यूएससी सदस्यों ने जलापूर्ति योजना के संचालन, रख-रखाव एवं समुदाय की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, चंदनकियारी प्रखंड के अंतर्गत बनसटोडा एवं बोदमा पंचायतों के वीडब्ल्यूएससी सदस्यों के साथ भी जल जीवन मिशन के तहत जल सेवा आकलन विषय पर संवाद किया गया। बैठक में सुरक्षित, स्वच्छ एवं सतत पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त नवाडीह प्रखंड के सहरिया गांव में भी जल सेवा आकलन के तहत समुदाय स्तर पर चर्चा आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। ग्रामीणों ने जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ समाधान एवं भविष्य की जरूरतों पर भी अपने सुझाव रखे। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य जल जीवन मिशन को प्रभावी बनाते हुए ग्रामीणों को नियमित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना है। समुदाय की सहभागिता से प्राप्त सुझावों के आधार पर जल सेवाओं में सुधार की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संम्पूर्ण ब्राह्मण समाज का वन भोज सह मिलन समारोह आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संम्पूर्ण ब्राह्मण समाज के जिला ईकाई की ओर से वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन गर्ग गंगे (गरगा डेम) के घाट पर किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम की पूजा एवं अर्चना से की गयी।समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्यामल झा ने की। समारोह के मुख्य अतिथि भूतपूर्व सांसद रवींद्र पांडे ने कहा कि हमें समाज को एकजुट करने की जरुरत है।कलयुग संघे शक्ति पर जोर दिया। ब्राह्मण सदा से समाज के निर्माण, उसकी शिक्षा दीक्षा के लिए तन मन धन से अपना योगदान एवं समर्पण दिया है।अब समय आ गया है कि समाज के विकास के लिए सभी एक मंच पर आए। विशिष्ट अतिथि में केंद्रीय मुख्य परामर्शक रिटायर्ड जज विनोद कुमार मिश्रा ने सभी समाज के लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि हर युग में ब्राह्मणों की भूमिका समाज के प्रति उत्तम रहा है।लोग ब्राह्मणों से वैचारिक विमर्श करते है। इनके अलावे विशिष्ट अतिथि में प्रदेश मुख्य परामर्शक चंद्रशेखर दुबे, जिला मुख्य परामर्शक नागेश तिवारी केन्द्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र दुबे महामंत्री डॉ. अशोक पांडे, वित सचिव दिनेश चौबे, प्रदेश अध्यक्ष हरेराम पांडे जिला अध्यक्ष श्यामल झा अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी विकल राही सभी ने सभा को सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन जीला मिडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने कुशलतापूर्वक किया।वन भोज सह मिलन समारोह में शामिल मुख्य महानुभावों में विप्र समाज से जिला अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र एवं सचिव मृणाल चौबे,प्रदेश मिडिया प्रभारी विनय कुमार तिवारी, पिंटू दुबे,माला दुबे सीमा पांडे,विक्रम पांडे,उषा तिवारी संतोष मिश्रा आदि अन्य थे। अंत में समस्त समाज को धन्यवाद् ज्ञापन विजय कुमार झा ने की।बाल बच्चों सहित समाज के लोगो ने गरगा डेम का आनंद उठाकर खुश थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को बिरंची नारायण ने दी बधाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा कार्निवल हॉल रांची में आयोजित संगठन पर्व समारोह में बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण भी सम्मिलित हुए। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को बधाई दी और कहा कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा। श्री साहू बूथ से प्रदेश उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। कार्यकताओं से सीधे जुड़ने का लाभ संगठन को मिलेगा। बधाई देनेवाले में बोकारो भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय,जिला महामंत्री संजय त्यागी जिला उपाध्यक्ष धीरज झा,टिंकू तापड़िया,रामलाल सोरेन, पन्नालाल कांदू,मंतोष ठाकुर, अविनाश कुमार,धर्मेन्द्र कुमार ऋषभ राय,राजेश घोषाल,लालू मोदक,कुणाल,पंकज सिंह,रघुनाथ टुडू गोपाल साह भी शामिल थे।

### मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझा का प्रयोग नहीं करने की अपील

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मकर संक्रांति पर्व को लेकर जिले के नागरिकों से सतर्क और जिम्मेदार व्यवहार अपनाने तथा पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझा (चाइनीज धागा) का प्रयोग नहीं करने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि चाइनीज मांझा न केवल बेजुबान पक्षियों के लिए जानलेवा है, बल्कि आम लोगों के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। इसकी तेज धार के कारण हर वर्ष कई हादसे होते हैं। धागे की चपेट में आकर लोग गंभीर रूप से जख्मी हो जाते हैं।

# बोकारो में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा टुसू पर्व

## इस अवसर पर आयोजित टुसू प्रतियोगिता में झारखंड बंगाल से प्रतिभागी हुए शामिल





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड का महत्वपूर्ण लोकपर्व टुसू बोकारो जिले में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में समाज सेवा संघ की ओर से गाय घाट, गरगा नदी के तट पर आज टुसू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बोकारो, धनबाद तथा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से दो दर्जन से अधिक टुसू प्रतिमाएँ शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। समाज सेवा संघ के अध्यक्ष अशोक महतो ने बताया कि टुसू पर्व को झारखंड में साल के पहले पर्व के रूप में मनाया जाता है। लोकमान्यता के अनुसार, टुसू पर्व की कृपा से ऐसे धान में भी दाने आ जाते हैं जिनमें पहले दाना नहीं होता। इसी कारण इस पर्व का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। कटाई के बाद जब धान खलिहान तक पहुँच जाता है, तब ग्रामीण समुदाय बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ टुसू पर्व मनाता है। समाज सेवा संघ के अध्यक्ष अशोक महतो ने बताया कि मेले में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई है। प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 4100 रुपये, तृतीय पुरस्कार 3100 रुपये तथा शेष सभी प्रतिभागियों को 1100 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

# तालाब में कूदने से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ईबी सेक्शन ऊपर धोड़ा निवासी करीब 30 वर्षीय शंभू निषाद ने बुधवार की दोपहर में बसेरिया तालाब में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। तालाब के आसपास मौजूद लोगों ने युवक को डूबते देखा और तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय चार लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद युवक को तालाब से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही केंदुआडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तत्काल इलाज के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, केंदुआडीह थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, फिलहाल घटना के कारणों का पता नही चल सका है।

# मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी निदेशक से मुलाकात की



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने महामंत्री विनोद कुमार के नेतृत्व में ई डी (वर्क्स) अनूप कुमार दत्त से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ की तरफ से अंग्रेजी नव वर्ष और मकर संक्रांति का शुभकामनाये और बढ़ाई दी गई' तत्पश्चात अनूप कुमार दत्त ने भी महामंत्री विनोद कुमार और उनके टीम को पुष्प प्रदान कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं ' महामंत्री विनोद कुमार ने कहा कि प्लांट मे हो रहीं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत है। प्लांट के उत्पादन, मजदूरों का स्वास्थ्य ठीक रहे, प्लांट को डस्ट फ्री, ठीका मजदूरों को शोषण और भय मुक्त करना, इन्सेंटिव रिवॉर्ड को रिवाइज करना, सभी विभागों में हॉउस कपिगं ,मशीन, उपकरण को ऑनर शिप देना, जन्म तिथि के कारण कार पास बनाने मे हो रहीं परेशानी को दूर करने पर चर्चा हुई। अनूप कुमार दत्त ने बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ को सभी बिंदुओं पर सकरात्मक पहल करने का भरोसा दिया ' सी जी एम एच आर अंजनी कुमार शरण ने कहा कि कार पास बनाने मे अब जन्म तिथि बाधक नहीं रहेगा कप्रतिनिधि मंडल मे यूनियन के कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद केवट मंत्री हसनैन बाबु, रमेश कुमार मिश्रा, अरविंद कुमार,फुलेशवर प्रसाद, विवेक कुमार सिंह, पी आर साहू, इत्यादि शामिल रहे।

### पंचकर्मा भवन के निकट पक्की दीवार का निर्माण पूरा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल परिसर में नवनिर्मित पंचकर्मा भवन के पास पक्की दीवार का निर्माण आज पूरा हो गया। दरअसल, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे ने सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद के साथ पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की भूमि, सीमाओं और निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की गई थी।

# मकर संक्रांति पर उपायुक्त ने दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धों के साथ मनाया सेवा का पर्व





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने सेक्टर 05 स्थित मानव सेवा आश्रम में दिव्यांग बच्चों और सोलगडीह स्थित बाबा बैद्यनाथ वृद्ध आश्रम में पहुँचकर मानवता और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने आश्रम में रह रहे दिव्यांग, अनाथ बच्चों एवं वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत कर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा आश्रमवासियों के बीच पारंपरिक तिलकुट, दही-चूड़ा एवं गुड़ का वितरण किया गया। पर्व की सादगी और अपनत्व से भरे इस आयोजन ने आश्रम परिसर को भावनात्मक रूप से सराबोर कर दिया। उपायुक्त ने बच्चों और वृद्धजनों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके जीवन अनुभवों, जरूरतों और भावनाओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपायुक्त की धर्मपत्नी प्रतिमा झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने भी आश्रमवासियों से स्नेहपूर्वक बातचीत कर उन्हें पारिवारिक अपनत्व का एहसास कराया। यह आयोजन प्रशासन और समाज के बीच मानवीय संबंधों को सशक्त करने वाला प्रेरणादायी संदेश बनकर उभरा।

### मकर संक्रांति पर अयप्पा मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, उपायुक्त ने भी की पूजा अर्चना



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 05 स्थित अयप्पा मंदिर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित विशेष पूजा एवं शोभा यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। इस आध्यात्मिक आयोजन में उपायुक्त अजयनाथ झा की उपस्थिति ने श्रद्धालुओं के उत्साह को और भी बढ़ा दिया। अयप्पा की शोभा यात्रा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मसंयम, अनुशासन और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। नंगे पांव, सरल वेश और संयमित आचरण के साथ चल रहे श्रद्धालु यह संदेश दे रहे थे कि सच्ची भक्ति दिखावे से नहीं, बल्कि आत्मनियंत्रण और शुद्ध जीवन मूल्यों से जुड़ी होती है। 'स्वामीये शरणम अयप्पा' का गूंजता उद्घोष वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देता है। यह उद्घोष समानता और समरसता का प्रतीक है, जहाँ जाति, वर्ग, भाषा और क्षेत्र के सभी भेद मिट जाते हैं और हर भक्त केवल एक पहचान रखता है - अयप्पा का शरणागत। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जब व्यक्तिगत साधना सार्वजनिक स्वरूप लेती है, तब वह समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे की मजबूत नींव रखती है। अयप्पा की परंपरा हमें जोड़ने, सहनशील बनने और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने की प्रेरणा देती है। अयप्पा की शोभा यात्रा हमारी सांस्कृतिक विरासत में विविधता में एकता का सुंदर उदाहरण है, जो यह सिद्ध करती है कि आस्था समाज को विभाजित नहीं, बल्कि एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मंदिर समिति के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र भक्ति, शांति और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा।

# श्रीमद् भागवत कथा सम्पन्न, श्रद्धालुओं को मिला कथा वाचक का आशीर्वाद



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के बैशाली मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के का आज सम्पन्न हो।गया। अवसर पर भागवत प्रवक्ता श्रद्धेय सचिन कौशिक के मुखारबिंद से कथा श्रवण कर श्रद्धालुओं को उनका स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कथा के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना, भक्ति और संस्कारों का अद्भुत अनुभव हुआ। इस दिव्य आयोजन हेतु समस्त नगरवासियो को हार्दिक बधाई भागवत कथा श्रवण से जीवन मरण के बंधन से मुक्ति पाने का सरल मार्ग है।. श्रीमद् भागवत कथा की श्रवण से हमेशा ईश्वर की कृपा बनी रहती है. भागवत कथा में धार्मिक उपदेशों के साथ माता-पिता की सेवा, गुरु जनों एवं बड़ों का आदर एवं वसुद्धैव कुटुंबकंब जैसे संदेश निहित है. जिसे सुनने से लोगों में सद्बुद्धि आती है।इस हवन कार्यक्रम में शामिल समिति के प्रमुख लोगों में यजमान योगेंद्र कुमार चौधरी व शालिनी कुमारी ,सत्यम भारती,रवि शंकर,गौरांग चंद्र पातर ,विकाश राजहंस,मनीष कुमार पाण्डेय,कुलदीप महतो,राम नरेश प्रसाद,अशोक कुमार, महली बीरेंद्र कुमार,गगन दास,मधुसूदन, रामकुमार, हरिराम , सुनील कुमार महतो, सुमीत कुमार अरुण कुमार, सुजीत कुमार, जयंत दत्ता, विजय कुमार महतो, नरेश कन्धवे, गणेश अग्रवाल, अनमोल,बलराम, कृष्णा, आदित्य तिवारी, नेहा देवी, सुनीता देवी, इंदु बरनवाल देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बोकारो स्टील सिटी के मुख्य चौराहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता विशेष अभियान संचालित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनाँक 14 जनवरी को बोकारो स्टील सिटी के मुख्य चौराहों पर सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के द्वारा जनमानस के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता का विशेष अभियान चलाया गया. बोकारो स्टील सिटी के प्रमुख चौराहों बी जी एच, गाँधी चौक, पत्थर कट्टा चौराहे पर एन सी सी के कैडेट्स के द्वारा दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों के माथे पर तिलक लगा कर और टॉफी देकर चालकों से सड़क सुरक्षा सम्बंधित नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया. इस मौके पर बच्चों के साथ सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के सहायक महाप्रबंधक श्री नेहाल पासवान, बीएस एल सिक्योरिटी विभाग के अधिकारीगण तथा कर्मचारी मौजूद थे. सभी वाहन चालकों ने एन सी सी के कैडेट्स के इस प्रयास की बेहद सराहना और प्रशंशा की.

### बोकारो हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण 20 जनवरी तक





स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने, फिटनेस के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 01 फरवरी 2026 को ह्यबोकारो हाफ मैराथनह्न का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन बोकारो के सेक्टर-4 स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में सुबह 06:30 बजे प्रारंभ होगी। यह आयोजन प्रत्येक वर्ग - युवा, महिलाएँ, वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन - की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सामूहिक स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त प्रयास है। यह मैराथन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि नागरिकों को फिटनेस से जोड़ने, आपसी सहयोग को बढ़ावा देने और सामुदायिक एकजुटता को मजबूती प्रदान करने का एक सशक्त मंच है। उल्लेखनीय है कि 'बोकारो हाफ मैराथन' एआईएमएस से प्रमाणित है, जिससे इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान प्राप्त है। 'एक्टिव बोकारो-हेल्दी बोकारो' अभियान के अंतर्गत आयोजित इस मैराथन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 है। प्रतियोगिता को विभिन्न आयु-वर्गों के अनुरूप तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें 21.2 किलोमीटर (हाफ मैराथन), 10 किलोमीटर तथा 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल हैं। ये दौड़ 40 वर्ष तक, 40 से 60 वर्ष तथा वरिष्ठ नागरिक वर्ग के पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग आयोजित की जाएंगी। हाफ मैराथन के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जबकि सभी प्रतिभागियों को मेडल, टी-शर्ट एवं ई-प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक समावेशन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में 13 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजनों के लिए 2 किलोमीटर की विशेष दौड़ का आयोजन भी किया जा रहा है। मैराथन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। अतः इच्छुक प्रतिभागी 20 जनवरी तक www.bokaro-marathon.com पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करा लें। बोकारो इस्पात संयंत्र ने समस्त नागरिकों, खेल प्रेमियों एवं युवाओं से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा ह्यबोकारो हाफ मैराथनह्न को सफल बनाने की अपील की है। मैराथन की विभिन्न श्रेणियों, पंजीकरण प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों से संबंधित विस्तृत जानकारी उक्त पोर्टल पर उपलब्ध है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K